3 राजधानी
बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

6 अभिमत
फिलिस्तीन में शांति का भ्रामक सपना

10 विदेश
बांग्लादेश ने चीन से मांगी सहायता

12 स्पोर्ट्स
सिंधू और सेन फाइनल में

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 287
लखनऊ, सोमवार, 8 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



देवेंद्र फडणवीस को मिलेगा गृह विभाग
राष्ट्रीय-9

# विश्व के समक्ष मॉडल के रूप में उभरा भारत: मोदी

- नीति आयोग की बैठक में बोले प्रधानमंत्री- कोविड संकट में हमने दिखा दिया कि कैसे किया जाता है नेतृत्व
- भारत को आधुनिक कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




नई दिल्ली में रविवार को नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को जोर देकर कहा कि भारत का संघीय ढांचा और सहकारी संघवाद कोविड संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा और देश ने विकासशील देशों को एक शक्तिशाली संदेश यह दिया कि कम संसाधनों के बावजूद चुनौतियों से पार पाया जा सकता है।

राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने केंद्र की रणनीति को धरातल पर उतारने का पूरा श्रेय राज्यों को देते हुए कहा कि हर राज्य ने अपनी ताकत के अनुसार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कोविड के खिलाफ भारत की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस तरह विकासशील देशों के लिए भारत ने वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने का एक उदाहरण पेश किया। नीति आयोग की बैठक के एजेंडे में इस बार फसल विविधीकरण और तिलहन, दालों और कृषि-संबंधी अन्य चीजों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-स्कूल शिक्षा का कार्यान्वयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-उच्च शिक्षा और शहरी प्रशासन का कार्यान्वयन शामिल था। महामारी की शुरुआत के बाद से गवर्निंग काउंसिल की यह पहली ऑफलाइन बैठक थी। इससे पहले 2021 की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। बैठक में 23 मुख्यमंत्रियों, तीन उपराज्यपालों और दो प्रशासकों एवं केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, नितिन गडकरी और निर्मला सीतारमण ने भाग लिया।

बैठक का संचालन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो बड़े ऐसे नेता रहे, जिन्होंने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। केसीआर ने पहले पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि बैठक में शामिल नहीं होने का उनका फैसला तेलंगाना सहित राज्यों के खिलाफ केंद्र के कथित घोर भेदभाव को लेकर विरोध का प्रतीक है। हाल ही में कोविड-19 से उबरने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक महीने में दूसरी बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयोजित किसी कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। ऐसे में उनके और एनडीए के बीच दूरी बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की संघीय संरचना और सहकारी संघवाद कोविड ( शेष पेज 4 )


## राज्यों ने मांगी केंद्रीय करों व शुल्कों में अधिक हिस्सेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


**नीति** आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में राज्यों ने केंद्र से केंद्रीय करों और शुल्कों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने का आग्रह किया है। इसके अलावा किसानों के लिए एमएसपी से लेकर आपदा प्रबंधन के लिए धन आवंटन समेत विपक्षी मुख्यमंत्रियों ने कई मांगें रखीं। छत्तीसगढ़, केरल और राजस्थान जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों ने भी पहले भी मुआवजे की व्यवस्था को पांच साल बढ़ाने की मांग की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि केंद्र को राज्य सरकारों की मांगों को अधिक गंभीरता से देखना चाहिए और उन पर कोई नीति नहीं थोपी जानी चाहिए। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच अधिक सहयोग होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह भी कहा कि एनईपी को लागू करने के लिए राज्य ( शेष पेज 4 )

# भारतीय मुक्केबाजों को तीन स्वर्ण पदक

भाषा। बर्मिंघम


निकहत जरीन


अमित पंघाल


नीतू गंघास

**मौजूदा** विश्व चैम्पियन निकहत जरीन सहित भारतीय स्टार मुक्केबाज अमित पंघाल और नीतू गंघास ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय मुक्केबाज इस तरह बर्मिंघम से सात पदक लेकर लौटेंगे जो पिछले चरण से दो पदक कम होंगे। हालांकि अभी सागर अहलावत के रात को होने वाले मुकाबले से सातवें पदक का रंग तय होगा। पिछले साल राष्ट्रीय प्रतियोगिता से शानदार फॉर्म में चल रही 26 साल की निकहत ने लाइट फ्लाईवेट (48-50 किग्रा) स्पर्धा में उत्तरी आयरलैंड की कार्ले मैकनॉल पर एकतरफा फाइनल में 5-0 से जीत दर्ज कर अपने पहले राष्ट्रमंडल खेल में पहला स्थान हासिल किया।

पंघाल ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करते हुए पुरुष फ्लाईवेट वर्ग में जबकि नीतू गंघास ने पदार्पण में ही दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। पंघाल (48-51 किग्रा) को चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में इंग्लैंड के ही एक प्रतिद्वंद्वी से इसी चरण में हार मिली थी लेकिन इस बार 26 साल के मुक्केबाज ने अपनी आक्रामकता के बूते घरेलू प्रबल दावेदार मैकडोनल्ड कियारान को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सबसे पहले रिंग में उतरी नीतू ने महिलाओं के मिनिमसवेट (45-48 किग्रा) वर्ग के फाइनल में विश्व चैम्पियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता रेस्जटन डेमी जेड को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से पराजित किया। निकहत ने साल के शुरू में प्रतिष्ठित स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था और फिर वह मई में विश्व चैम्पियन बनी।

तेलंगाना की मुक्केबाज ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपने 52 किग्रा वजन को 50 किग्रा किया। वह रिंग में फुर्ती से घूमते हुए मर्जी के मुताबिक मुक्के जड़ रही थी। उनका रक्षण भी काबिलेतारीफ रहा। बाउट में उनका दबदबा ऐसा था कि जब नौ मिनट खत्म हुए तो किसी को कोई शक नहीं था कि फैसला किस ओर जाएगा। प्रत्यक जज ने हर राउंड में उन्हें विजेता बनाया। इससे पहले पंघाल काफी तेजी से मुक्के जड़ रहे थे जिससे ( शेष पेज 4 )

## एल्डोस पॉल ने त्रिकूद में भारत को पहला स्वर्ण दिलाया और अबूबाकर को रजत

भाषा। बर्मिंघम



अबूबाकर और एल्डोस पॉल

**एल्डोस** पॉल की अगुआई में भारत ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष त्रिकूद स्पर्धा में पहले दो स्थान पर कब्जा जमाकर इतिहास रच दिया और एथलेटिक्स में चार पदकों के साथ रविवार का दिन भारत के लिए यादगार हो गया।

पॉल के स्वर्ण पदक के अलावा केरल के उनके साथी एथलीट अब्दुल्ला अबूबाकर ने भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता। भारत ने आधे घंटे के भीतर चार पदक जीते जिससे एथलेटिक्स में इस बार भारत के एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक हो गए हैं जो अब तक का देश के बाहर इन खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पॉल राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले छठे भारतीय एथलीट हो गए। मिल्खा सिंह ने 1958 में 440 गज में यह कारनामा किया था। पॉल ने अपने तीसरे प्रयास में 17.03 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी ( शेष पेज 4 )

# पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में यूपी देगा बड़ा योगदान: योगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की अर्थ व्यवस्था को पांच ट्रिलियन के लक्ष्य पर ले जाने में यूपी की ओर से बड़ा योगदान देने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए, हम योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रहे हैं। कोरोना काल के बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता मिली।

आगामी 5 वर्ष में यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर के इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर लाने हेतु राज्य सरकार द्वारा सभी विभागों को 10 सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की गयी है। इसके लिए सेक्टरवार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के आलोक में तथा विभिन्न देशों की सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने जाने हेतु डेलॉयट इण्डिया को कन्सल्टेंट के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश जो कुछ करने में सफल है, ( शेष पेज 4 )

# घाटी में आतंक बढ़ाने को जैश ने जारी किया फरमान

- नए आतंकी संगठन के माध्यम से बना रहे लोगों को निशाना

राकेश कुमार सिंह। नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** में बड़े पैमाने पर हिंसा फैलाने के लिए जिम्मेदार पाकिस्तानी आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद ने अब द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) नाम से घाटी में आतंकवादी कार्रवाइयों को तेज करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस फ्रंट द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार कि आतंकवादी समूह द्वारा हमलों में तेजी लाने के साथ ही विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर के बाहर के क्षेत्रों को आतंकी रणनीति के रूप में लक्षित कर रहे हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार घाटी में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सशस्त्र प्रतिरोध और हमलों का कार्यान्वयन शामिल है, विशेष रूप से सशस्त्र बलों से सीधे तौर पर जुड़े लोगों के अलावा वहां तैनात गैर-स्थानीय अधिकारियों के निकट और प्रियजनों पर भी हमला करना भी शामिल है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूह की नवीनतम जिहादी रणनीति के अनुसार, प्रशासनिक विभागों या पुलिस के गैर-स्थानीय अधिकारियों को उनके मूल स्थानों पर पहचान कर उनको लक्षित किया जाना है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, घाटी में हुई बड़ी संख्या में हुई हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार आतंकी संगठन टीआरएफ कुख्यात है।

इस संगठन को मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनके निशाने पर ऐसे लोग हैं जो भारतीय शासन के कब्जे और इस संगठन को कुचलने की वकालत या समर्थन करते हैं। चाहे वो जम्मू-कश्मीर में या उसके बाहर कहीं भी रहते हों या तैनात हों। भारतीय कब्जे में रहने और मदद/मजबूत करने के इरादे से जम्मू और कश्मीर में आने वाले गैर-स्थानीय लोगों को लक्षित किया जाना है। कश्मीरी पंडित जो जम्मू और कश्मीर के ( शेष पेज 4 )

# चक दे इंडिया: महिला हॉकी टीम को 16 साल के बाद मिला पदक

भाषा। बर्मिंघम



न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी

**तोक्यो** ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत को पूरे 60 मिनट 13वीं रैंकिंग वाली दक्षिण अफ्रीका ने कड़ी चुनौती दी। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को पूल ए में पछाड़कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। दूसरी ओर कप्तान सविता पूनिया के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्टॉपवॉच विवाद से उबरते हुए रविवार को यहां गत चैंपियन न्यूजीलैंड को शूट आउट में 2-1 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता।

भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल में यह पहला पदक है। भारतीय टीम मैच के अंतिम लम्हों में 1-0 से आगे चल रही थी लेकिन आखिरी 30 सेकेंड से भी कम समय में उसने विरोधी टीम को पेनल्टी कॉर्नर दे दिया। यह पेनल्टी स्ट्रोक में बदला और ओलीविया मेरी ने न्यूजीलैंड को बराबरी दिला दी जिसके बाद मुकाबला शूट आउट में खिंच गया। नियमित समय में भारत ने 29वें मिनट में सलीमा टेटे के गोल की बदौलत बढ़त बनाई थी। विवादास्पद सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के बाद इस मुकाबले में खेल रही भारतीय टीम ने पूरे मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया और पदक अपने नाम किया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ शूट आउट में भारतीय टीम को स्टॉपवॉच के रुकने का खामियाजा भुगतना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ शूट आउट में भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने तीन प्रयासों को शानदार तरीके से नाकाम करके भारत का तीसरा राष्ट्रमंडल पदक पक्का किया। शूट आउट में मेगान हुल ने न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई लेकिन सविता ने रोस टाइनन, केटी डोर और ओलीविया शेनन के प्रयासों को नाकाम कर ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,388 | |
| निफ्टी | 17,397 | |
| सोना | 52,144 | /10g |
| चांदी | 58,042 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीयूईटी-यूजी: 24-28 अगस्त तक होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि तकनीकी खामी के कारण पिछले हफ्ते परीक्षा रद्द होने से प्रभावित हुए अभ्यर्थियों के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) 24 से 28 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन अभ्यर्थियों को नए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पराशर ने कहा, दूसरे चरण में चार से छह अगस्त को होने वाली परीक्षा प्रशासनिक और तकनीकी वजहों से कुछ केंद्रों पर स्थगित कर दी गई थी। इससे पहले, हमने घोषणा की थी कि परीक्षा 12 से 14 अगस्त तक होगी। एनटीए ने प्रभावित अभ्यर्थियों को इन तारीखों के अलावा अन्य तारीखें चुनने का विकल्प भी दिया था।

# मंत्री राकेश सचान के कोर्ट से गायब होने के मामले की जांच आरंभ

भाषा। कानपुर

**कानपुर** की एक अदालत से जमानत मुचलका भरे बिना उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान के अदालत कक्ष से गायब होने के मामले में रविवार को प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। कानपुर के पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने कहा कि सहायक पुलिस आयुक्त (कोतवाली) अशोक कुमार सिंह को प्रारंभिक जांच करने से पहले पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में मंत्री के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए कहा गया है।

अदालत के जानकार सूत्रों ने कहा कि निचली अदालत के दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ सत्र अदालत में अपील करने के लिए उप्र के मंत्री सोमवार को जमानत के लिए अदालत में पेश हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय, प्रारंभिक जांच को लेकर जानबूझकर मंत्री को पर्याप्त समय प्रदान करने ( शेष पेज 4 )

## 10 अगस्त को अदालत में पेश होंगे संजय निषाद

**गोरखपुर ( भाषा )।** गोरखपुर की एक स्थानीय अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। अदालत के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संजय निषाद 10 अगस्त को अदालत में पेश होंगे। गोरखपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) द्वारा राज्य सरकार के मंत्री और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के प्रमुख ( शेष पेज 4 )

# केंद्रीय कैबिनेट में शामिल नहीं होगा जदयू

पायनियर समाचार सेवा। पटना

**जदयू** और भाजपा के बीच बढ़ते मतभेद की रिपोर्टों के बीच नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले संगठन ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल न होने का फैसला किया है। नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा के लिए दोबारा टिकट न दिए जाने के बाद आरसीपी सिंह ने मोदी सरकार से इस्तीफा दे दिया था, अब केंद्रीय कैबिनेट में जदयू का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। जदयू अध्यक्ष लल्लन सिंह ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम अपने 2019 वाले रुख पर कायम है, जब लोकसभा चुनाव के बाद हमने केंद्र सरकार में न शामिल होने का फैसला किया था।' सिंह ने जोर देकर कहा कि 2019 में नीतीश कुमार ने फैसला किया था कि जदयू केंद्रीय कैबिनेट में ( शेष पेज 4 )

# भारतीय पोत निर्माण उद्योग के कौशल को मिली नई पहचान

- पहली बार अमेरिकी युद्धपोत मरम्मत और रखरखाव के लिए पहुंचा चेन्नई शिपयार्ड
- भारत-अमेरिका के बीच रक्षा और रणनीतिक भागीदारी का भी उदाहरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अमेरिकी नौसैनिक पोत चार्ल्स ड्रियू की फाइल फोटो

**भारतीय** पोत निर्माण उद्योग के कौशल और कारीगरी को उस समय बड़ी पहचान मिली जब एक अमेरिकी युद्धपोत पहली बार मरम्मत और रखरखाव के मकसद से भारत पहुंचा। इसके साथ ही यह दो देशों के बीच बढ़ती रक्षा और रणनीतिक भागीदारी का एक उदाहरण भी है।

'मेक इन इंडिया' और रक्षा में आत्मनिर्भरता को एक नई उड़ान तथा भारत-अमेरिका रणनीतिक सहयोग को एक नया आयाम मिला है। अमेरिकी नौसैनिक पोत चार्ल्स रविवार को मरम्मत और उससे संबंधित कामों के लिए चेन्नई के कट्टुपल्ली स्थित लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) शिपयार्ड पहुंचा। ये शिप यहां पर 11 दिन रहेगा तथा इसके विभिन्न हिस्सों के मरम्मत का काम होगा। भारत में पहली बार अमेरिकी नौसैनिक पोत मरम्मत के लिए आया है। अमेरिकी नौसेना ने कट्टुपल्ली स्थित एलएंडटी के शिपयार्ड को इसकी मरम्मत का अनुबंध दिया है। भारतीय शिपयार्ड पोतों की मरम्मत और उनके रखरखाव के लिए विस्तृत सेवाओं की पेशकश तथा अत्याधुनिक मेरीटाइम तकनीक का इस्तेमाल करता है।

शिपयार्ड में पोत का स्वागत करने के लिए रक्षा सचिव अजय कुमार, वाइस चीफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल एसएन घोरमाडे, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग तमिलनाडु और पुडुच्चेरी नौसेना क्षेत्र रियर एडमिरल एस वेंकट रमन तथा रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां मौजूद थे। इसके अलावा चेन्नई में अमेरिकी दूतावास की महावाणिज्य दूत जूडिथ रेविन तथा नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास रक्षा अटैची रियर एडमिरल माइकल बेकर भी उपस्थित थे।

आज के दिन को भारतीय पोत निर्माण उद्योग तथा भारत-अमेरिका संबंधों में मील का पत्थर करार देते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि निसंदेह हम अमेरिकी नौसैनिक पोत यूएसएनएस चार्ल्स ड्रियू का भारत में स्वागत करते हुए खुश हैं। भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग और आगे बढ़ाने में भारत की इस पहल का विशेष महत्व है। यह और गहरे संबंधों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि मरम्मत के लिए अमेरिकी पोत का आना भारतीय पोत निर्माण उद्योग के परिपक्व होने की निशानी है और वर्तमान में भारत के पास छह बड़े शिपयार्ड है जिनका टर्नओवर करीब 2 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि हम न केवल अपनी जरूरतों के लिए पोतों का निर्माण कर रहे हैं, बल्कि हमारे डिजाइन हाउस सभी प्रकार के ( शेष पेज 4 )

# पांच लाख तिरंगों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के बीच जाएगी भाजपा

● अमृत महोत्सव के तहत सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की तर्ज पर चलेगा कार्यक्रम

● अल्पसंख्यक मोर्चा ने कानपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सबका** साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर काम कर रही बीजेपी सरकार व संगठन ने अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकांश घरों पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम बनाया है। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी 13 से 15 अगस्त के बीच अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकांश घरों के ऊपर तिरंगा फहराएगी। इस संबंध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बासित अली ने कहा कि मोर्चा ने पांच लाख मुस्लिम परिवारों के घरों सद्भावना के साथ राष्ट्रीय ध्वज वितरण करने का लक्ष्य रखा है। इसमें मुस्लिम धर्मगुरुओं की मदद ली जाएगी। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा अल्पसंख्यक समुदाय को राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के बारे में भी बताएगा। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य लोगों को बताएंगे कि मोदी और योगी सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को कैसे लाभ पहुंचा रही हैं। इसके अलावा उन्हें ये भी बताया जाएगा कि कैसे योगी और मोदी सरकार ने दंगों से उनकी रक्षा की है जो पिछली सरकारों में हुआ करते थे। इसी क्रम में रविवार को अल्पसंख्यक मोर्चा ने कानपुर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। कानपुर नगर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बासित अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया और साथ जुड़ते रहे। जिससे कानपुर की सड़कों पर तिरंगे के सम्मान में काफी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा की शुरुआत अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सलिल विश्नोई ने की। यात्रा की समाप्ति पर प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा अनस उस्मानी के आवास पर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी सभी को दी गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यों के लिए हर घर तिरंगा अभियान के अलावा 27-29 अगस्त तक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें मुस्लिम नेता हिस्सा लेंगे। बीजेपी लोकसभा चुनाव में 75 प्लस के अभियान के तहत यादवों, जाटवों और पसमांदा मुसलमानों के बीच अपने आधार का विस्तार करने की योजना बनाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया था कि बीजेपी लोकसभा आम चुनाव में सभी 80 सीटें जीतेगी। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने 11 से 17 अगस्त तक अपनी तिरंगा यात्रा सप्ताह के दौरान यादवों, जाटवों और पसमांदा मुसलमानों तक पहुंचने के लिए एक व्यापक जन संपर्क अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। बीजेपी को इस बात का अंदाजा है कि यूपी की 80 लोकसभा सीटों के 1.70 लाख बूथों में से 22000 पर उसका प्रभाव तुलनात्मक रूप से कम है। इन बूथों में ज्यादातर यादव, जाटव और मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा है। भाजपा के उत्तर प्रदेश से 64 सांसद हैं जबकि उसकी सहयोगी अपना दल सोनेलाल के दो सांसद हैं। हाल ही में हुए उपचुनावों में बीजेपी के हाथों आजमगढ़ और रामपुर सीट हारने के बाद सपा के महज तीन सांसद शेष रह गए हैं जबकि बीएसपी के सांसदों की संख्या दस है। सोनिया गांधी कांग्रेस की एकमात्र सांसद हैं। वह रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। यादव यूपी की आबादी का 11 फीसदी हैं। दलित आबादी का लगभग 21 प्रतिशत है और मुसलमानों की उपस्थिति का अनुमान 18 प्रतिशत है। दलितों में जाटव संख्यात्मक रूप से मजबूत हैं। वहीं यूपी में 17 लोकसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यादव और मुस्लिम मतदाता 10-10 लोकसभा क्षेत्रों में फैसला करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई को समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य और अखिल भारतीय यादव महासभा के अध्यक्ष हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर कानपुर में आयोजित गोष्ठी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया था।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट करते हुए

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाना सरकार की मंशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● विद्युत सखियों ने लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए का अर्जित किया लाभांश



**उत्तर प्रदेश** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर व उनकी बिक्री कर अपने स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। नारी सशक्तीकरण की दिशा में स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदेश में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे हैं, इससे आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को नये पंख लग रहे हैं। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकार की मंशा है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाया जाए और उचित प्लेटफार्म के मिल जाने से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आगे बढ़ेंगी और उनके उत्पादों का सही दाम मिलेगा। समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद तैयार होंगे तो उनकी बिक्री भी बहुत अच्छी होगी और मार्केटिंग एजेंट के रूप में अमेजन भी स्वयं सहायता समूह से जुड़ा है एइसके अच्छे परिणाम निखर कर आएंगे। कहा कि ग्राम्य विकास विभाग इस कार्य में हर प्रकार का सहयोग प्रदान करेगा।

श्री मौर्य द्वारा विद्युत सखियों के लाभांश के वितरण में सक्रियता बरतने के निर्देशों का भी सकारात्मक परिणाम निखर कर सामने आ रहा है और सभी विद्युत सखियों को अप्रैल से जून माह की लगभग एक करोड़ की कमीशन राशि पिछले शुक्रवार की शाम को उनके संबंधित बैंक खातों में वितरित की गई। प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में 9320 विद्युत सखियों के द्वारा ग्रामीण इलाकों में विद्युत बिल कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। योजना के आरंभ से अब तक कुल 196 करोड़ रुपए का विद्युत बिल कलेक्शन विद्युत सखियों के द्वारा किया जा चुका है जिसके सापेक्ष उन्हें लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए का पारिश्रमिक प्राप्त हो चुका है। उपमुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि विद्युत सखियों के कार्य में विद्युत विभाग के अधिकारी एवं जनपद के प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से सहयोग प्रदान करें।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। हाल ही में हरदोई के 11 विकास खण्डों के स्वयं समूहों का अपने उत्पादित निर्मित सामग्री के बेहतर विपणन और बाजार उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ फ्लिपकार्ट और एचसीएल फाउंडेशन के साथ संयुक्त उद्यम की लांचिंग हुयी है। पंचायती राज निदेशालय में हुए इस संयुक्त उद्यम कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की थी और उन्होंने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए हर सम्भव मदद का विश्वास भी दिलाया था। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपीएसआरएलएम के तहत अमेज़न सहेली पोर्टल पर विक्रेता के रूप में 26 जिलों का पंजीकरण 600 से अधिक एसएचजी उत्पादों के साथ किया गया है और 12 जिलों को लॉन्चिंग के दो दिन के भीतर ही ऑर्डर मिलना शुरू हो गया जो वास्तव में प्रेरक है, सभी जिलों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया है कि 15 अगस्त से पहले अमेज़न सहेली पर कम से कम एक सीएलएफ पंजीकृत कराते हुए उस के माध्यम से जनपद में समूह द्वारा बनाए जा रहे समस्त उत्पादों को अमेजॉन सहेली पर रजिस्टर कराना सुनिश्चित करें।

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I, Army no, 2999396-X Hav, Dharmveer Singh Gurjar, S/o Shri Naval Singh, Unit- 4 Rajput, C/o 56 APO. Hereby declare that in the service record my son's name Inadvertently mentioned as YUVRAJ SINGH, while his correct Name is YOVRAJ SINGH, may be incorporate in my Service record.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MD Suhaib था जो अब बदलकर Suhaib Asharf हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Suhaib Asharf S/o Mohammad Asharf Begum Bazar, Bamrouli Uparhar, Allahabad.

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है
बाबू राधेश्याम गुप्ता कालेज
रामा नगर, देवीगंज-फतेहपुर
(प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध)
प्राचार्य-पद 01
योग्यता-एसोसियेट प्रोफेसर पद पर 15 वर्ष का अनुभव या सेवानिवृत्त
कला संकाय : हिन्दी साहित्य पद-03, अंग्रेजी साहित्य पद-03, समाजशास्त्र पद-03, संस्कृत पद-03, राजनीति शास्त्र पद-03, शिक्षा शास्त्र पद-03, इतिहास पद-03
विज्ञान संकाय : रसायन विज्ञान -पद-03, भौतिक विज्ञान पद-03, जन्तु विज्ञान पद-03, वनस्पति विज्ञान पद-03, गणित पद-03
योग्यता : परास्नातक 55%, नेट या पी०एच०डी०
वेतनमान : यू०जी०सी० के मानकानुसार आवेदनपत्र डाक द्वारा या स्वयं विज्ञापन तिथि के 15 दिन के अंदर कालेज कार्यालय को प्राप्त हो जाने चाहिये।
प्रबन्धक-गोपाल कृष्ण गुप्ता
सम्पर्क सूत्र : 9415033263, 9956956827
E-Mail - baburadheshyamguptacollege@rediffmail.com

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है
श्रीमती रामा अग्रहरि महिला महाविद्यालय
रामा नगर, देवीगंज-फतेहपुर
(प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध)
प्राचार्य-पद 01
योग्यता-एसोसियेट प्रोफेसर पद पर 15 वर्ष का अनुभव या सेवानिवृत्त
कला संकाय : हिन्दी साहित्य पद-03, अंग्रेजी साहित्य पद-03, समाजशास्त्र पद-03, संस्कृत पद-03, गृह विज्ञान पद-03, हिन्दी भाषा पद-02, अंग्रेजी भाषा पद-03
विज्ञान संकाय : रसायन विज्ञान -पद-03, भौतिक विज्ञान पद-03, जन्तु विज्ञान पद-03, वनस्पति विज्ञान पद-03, गणित पद-03,
योग्यता : परास्नातक 55%, नेट या पी०एच०डी०
वेतनमान : यू०जी०सी० के मानकानुसार आवेदनपत्र डाक द्वारा या स्वयं विज्ञापन तिथि के 15 दिन के अंदर कालेज कार्यालय को प्राप्त हो जाने चाहिये।
प्रबन्धक-विकास गुप्ता
सम्पर्क सूत्र : 9415033262, 9956956827
E-Mail: smtramagirlscollege@gmail.com

# जमीन घोटाले के पीछे किस बड़े का हाथ, सरकार बताए: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अयोध्या में जमथरा घाट से गोलाघाट तक सक्रिय 40 भूमाफियाओं द्वारा सरकारी नजूल भूमि पर प्लाटिंग करके अवैध कालोनियां विकसित की जाती रही और स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार को कानों कान खबर नहीं हुई और दूसरी तरफ भूमाफिया जमीन बेचते रहे आखिर इस जमीन घोटाले के पीछे किस बड़े का हाथ है यह राज्य सरकार बताने के स्थान पर मौन धारण किये है। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में सनातनधर्मीयों की आस्था प्रभु श्रीराम से जुड़ी भावनाओं के साथ राज्य सरकार के संरक्षण चंदे के जमा करोड़ों रुपये का जमीन खरीद के नाम पर खिलवाड़ बाद अरबों रुपये मूल्य की नजूल भूमि पर कब्जे के प्लाटिंग में उसकी भूमिका का सत्य उजागर हो गया है कि सत्ता में बैठे बड़ों का इस प्रकरण में पूरा हाथ है। कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि स्थानीय लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर 40 भूमाफिया चिन्हित हुए हर मामले में डुग्गी पिटवाकर बुलडोजर की कार्यवाही करने वाले मुख्यमंत्री जी से सवाल है कि 31 जुलाई 2022 को उन्हें भाजपा सांसद द्वारा लिखे गए पत्र पर एक सप्ताह व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक डुग्गी क्यों नहीं पिटी, बुलडोजर क्यों नहीं चला।

# दिल्ली में दोनों ही सरकारें जनता की बुनियादी जरूरतों के प्रति उदासीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने रविवार को देश की राजधानी दिल्ली में पार्टी संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पार्टी यूनिट के स्टेट व ज़िलों के प्रमुख तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान केन्द्र की भाजपा व दिल्ली की आप पार्टी की सरकार के कार्यकलापों आदि के बारे में विस्तार से फीडबैक लिया। बैठक में उन्होंने कहा कि देश की राजधानी का विशेष दर्जा प्राप्त होने के बावजूद दोनों ही सरकारें यहाँ के लोगों के बुनियादी जरूरतों, उनके हित व कल्याण आदि के मामलों में काफी उदासीन व बेपरवाह बनी हुई हैं, जो अति-दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण है।

बैठक में उन्होंने कहा कि दिल्ली वैसे भी मिनी भारत कहलाता है क्योंकि यहाँ देश के विभिन्न राज्यों के लोग रहते हैं, जिनकी अपनी-अपनी समृद्ध जीवन शैली है तथा जो भारत की विशेष पहचान है। वैसे यहाँ खासकर पड़ोसी राज्य में उत्तर प्रदेश के अलावा खासकर बिहार, राजस्थान व पंजाब आदि राज्यों के काफी गरीब प्रवासी लोग अपनी रोजी-रोटी की तलाश में यहाँ काफी कठिन जीवन व्यतीत करते हैं।



## मायावती ने उपराष्ट्रपति बनने पर धनखड़ को दी बधाई

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश के उपराष्ट्रपति पद पर जगदीप धनखड़ की शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाने का भरसक प्रयास जरूर करेंगे। मायावती ने रविवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए कहा कि बसपा ने व्यापक जनहित व अपनी मूवमेन्ट को ध्यान में रखकर उन्हें अपना समर्थन दिया था।

# सपा ही यूपी में एकमात्र सशक्त विकल्प: गोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने लखनऊ उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पीली कोठी निराला नगर सीतापुर रोड पर सपा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला द्वारा आयोजित समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुये व बड़ी संख्या लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश की राजधानी में पार्टी के सदस्यता अभियान का चुनौती पूर्ण दायित्व मुझे दिया है, मैं आप सबसे अपील करता हूँ कि आप सब जैसे चुनाव में वोट माँगने के लिये घर घर जाते हैं उसी तरह पार्टी से जोड़ने को लिये सभी लोगों के घर घर जायें और व्यक्तिगत सम्पर्क करें और पार्टी के सदस्यता अभियान को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण चरम पर पहुँची महंगाई और ध्वस्त क़ानून व्यवस्था से आम जनता त्रस्त है, और उसकी एकमात्र उम्मीद सपा मुखिया अखिलेश यादव जी हैं।

उन्होंने कहा कि आपसी मतभेदों को भूलकर ये वक्त पार्टी को मज़बूत करने का है आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को इतने सांसद जिताकर देने है जिससे हमारे नेता की राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावी भूमिका हो। समाजवादी पार्टी ही उत्तर प्रदेश एकमात्र सशक्त विकल्प है जो भाजपा की मायावी चालबाजियों को नाकाम कर सकती है। अरविन्द सिंह गोप ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पूजा शुक्ला और उनके सहयोगियों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, महासचिव सौरव यादव, पूर्व मंत्री यामीन खान, मीरा वर्धन पूर्व मेयर प्रत्याशी, देवी बक्श सिंह, बब्लू खान, नवीन धवन बंटी, अजीम अहमद, राजकुमार मौर्य, प्रशांत यादव, संतोष श्रीवास्तव, अवनीश यादव, प्रदीप सिंह पप्पू, आलोक यादव, मोहम्मद सगीर, जग लाल यादव, मुसव्विर अली सहित भारी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




# समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है सपा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आव्हान पर उत्तर प्रदेश में हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए स्वेच्छा से प्रत्येक नागरिक से खादी का बना तिरंगा फहराने के लिए कहा है। अखिलेश यादव ने कहा है कि इतिहास में इन तिथियों का विशेष महत्व है। 8 अगस्त 1942 की रात में बंबई के ग्वालियर टैंक मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' के प्रस्ताव के साथ 'करो या मरो' का मंत्र दिया था। गांधी ने कहा था या तो अब हम आजाद होंगे या फिर अपना बलिदान दे देंगे। अंग्रेजों ने शुरू दमनचक्र चलाते हुए 9 अगस्त 1942 से गिरफ्तारियां शुरू कर दी थी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी गांधी, डॉ. राममनोहर लोहिया और डॉ. अम्बेडकर के निर्धारित आदर्श मानकों को अपनाते हुए गांव-गरीब को प्राथमिकता में रखकर चल रही है। अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रही है। समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहते हुए जनकल्याण को सर्वोपरि रखकर योजनाओं को साकार किया। आज भी वह समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है।



## सदस्यता अभियान के लिए प्रभारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर नोएडा ग्रामीण जनपद गौतमबुद्धनगर में समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान को गतिशील बनाने के लिए विकास यादव निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी को नोएडा ग्रामीण का प्रभारी नामित किया गया है।

# हथकरघा से बुना जा रहा सौ मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज

● कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कार्यशाला में छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र डिजाइन** एवं शोध संस्थान लखनऊ में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आज़ादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा हथकरघा पर बुने जा रहे 100 मीटर लंबे राष्ट्रीय ध्वज का भी अवलोकन किया गया।

उन्होंने संस्थान के स्वागत कक्ष में निर्मित हथकरघा पर कार्य करते हुए संत कबीर दास जी की प्रतिमा एवं टेक्सटाइल वॉल का अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के लिए 7 अगस्त का दिन इस लिए चुना गया था चूंकि सन् 1905 आज के ही दिन स्वदेशी अपनाओं आंदोलन शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री जी वोकल फॉर लोकल का अवाहन छोटे-छोटे कारीगरों एवं बुनकरों के उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके। आज का दिन संत कबीर दास को समर्पित करने का एक अहम दिन है क्योंकि वह भी बुनकर समाज से जुड़े हुए थे तथा बच्चों के द्वारा प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा से प्रोत्साहित होकर हथकरघा पर बनाये जा रहे राष्ट्रीय ध्वज को देकर गौरवांवित हुए। संस्थान की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने कहा कि संस्थान ने जमीनी स्तर पर डिजाइन क्षेत्र में आधुनिकरण कर बुनकरों द्वारा बनाए गए परम्परागत उत्पादों के सामयिक रूप देकर बाजार के अनुरूप तैयार कराया है। सदियों से हैण्डलूम के कपड़े बनते आ रहे है जिसका सैकड़ो साल पुराना इतिहास रहा है हमारे प्रधानमंत्री ने इस विधा के महत्व को समझते हुए 2015 में आज के ही दिन राष्ट्रीय हैण्डलूम दिवस घोषित किया। जिससे हथकरघा कारीगरों को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई।

# खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय की सघन जांच व स्थलीय निरीक्षण के लिए अधिकारी नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन स्तर** पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारियों के विकास खण्ड में संचालित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की सघन जाँच हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसके तहत नवचयनित समूह ख के अधिकारियों को 16 एवं 17 अगस्त को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह के अन्दर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

राज्य परियोजना निदेशक की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार अल्पक राम तिवारी सहायक उप शिक्षा निदेशक एससीईआरटी व विश्व दीपक त्रिपाठी सहायक उप शिक्षा निदेशक सेवाएं शिविर कार्यालय बेसिक लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जनपद औरैया, प्रभात मिश्र सहायक उप शिक्षा निदेशक एससीईआरटी लखनऊ अवनीश कुमार तिवारी विशेषज्ञ राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फतेहपुर/धाता, रतन कीर्ति सहायक उप शिक्षा निदेशक एमडीएम लखनऊ, उपेन्द्र गुप्ता प्रवक्ता सीटीई लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कानपुर देहात झिंझक एवं संदलपुर, कु कोमल मण्डलीय मनोवैज्ञानिक, मण्डलीय मनोवैज्ञान केन्द्र मुरादाबाद, राहुल कुमार पंवार मण्डलीय मनोवैज्ञानिक, मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र आगरा को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौतमबुद्धनगर बिसरख, चन्द्र प्रकाश प्रवक्ता समूह ख सीटीई प्रयागराज, समीर प्रवक्ता उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान उप्र प्रयागराज को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गाजीपुर रेवतीपुर, स्वाती भारती प्रवक्ता समूह ख सीटीई लखनऊ, कल्पना देवी प्रवक्ता समूह ख सीटीई लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लखीमपुर खीरी/पसगवां, पंकज यादव सहायक उप शिक्षा निदेशक एमडीएम लखनऊ, सजीव कुमार विधि अधिकारी शिविर कार्यालय बेसिक लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बांदा/बबेरू जसपुरा, पीयूष कमल प्रवक्ता समूह ख सीटीई लखनऊ को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवरिया/बरहज को जाँच/स्थलीय निरीक्षण करने हेतु नामित किया गया है तथा वह अधिकारी विस्तृत निरीक्षण आख्या स्पष्ट संस्तुति सहित एक सप्ताह के अन्दर महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# ठेकेदार की ईंट से कूचकर हत्या

## ● शराब पीने के दौरान पैसों को लेकर हुआ विवाद, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के दुबग्गा इलाके में एक बिल्डिंग ठेकेदार की ईंट से कूंच कर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी शव को सड़क किनारे फेंक कर उसके घर पहुंच गया और मृतक की पत्नी का मोबाइल छीनकर उसकी काल डिटेल डिलीट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को तलाशने में जुटी हुई है।

पुलिस के मुताबिक हरदोई के संडीला निवासी अनिल गौतम 40 बीते 12 साल से परिवार के साथ लखनऊ के दुबग्गा में रहता था। सीते विहार कॉलोनी में रहकर मकान बनाने का ठेका लेता था। बालागंज के कैम्पवेल रोड पर उसने एक मकान को तोड़ने का ठेका 60 हजार रुपए में लिया था। शनिवार को वह पड़ोसी गोलू को यहां मजदूरी करने के लिए साथ में ले गया था। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि शनिवार को अनिल को 10 हजार रुपए एडवांस मिले थे। रुपये लेकर लौटते हुए अनिल और गोलू ने बालागंज में शराब पी। इसी दौरान गोलू ने अनिल से रुपये मांगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। झगड़ते हुए दोनों घर की तरफ जा रहे थे। घर से कुछ दूर पहले ही गोलू ने ईंट से अनिल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। उसका सिर और चेहरा कूंच दिया। उस समय बरसात हो रही थी। अनिल बारिश में घंटों सड़क पर तड़पता रहा। बारिश की वजह से उस पर लोगों की निगाह नहीं पड़ी। उधर वारदात के बाद आरोपी गोलू अनिल के घर पहुंच गया। अनिल की पत्नी आरती ने पुलिस को बताया कि गोलू ने कहा कि अनिल का एक्सीडेंट हो गया है। बात करते हुए उसने फोन छीन लिया और उसमें से अपना नंबर कॉल लाग से डिलीट करके फोन तोडक़र फेंक दिया। इधर बरसात थमी तो घायल अनिल के पड़ोसी अलीम की नजर उस पर पड़ी। उसकी सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंची। पुलिस अनिल को ट्रामा सेंटर लेकर गयी। यहां रात भर उसका इलाज चला लेकिन खून काफी बह चुका था जिसकी वजह से चिकित्सक उसे बचा नहीं सके। रविवार को अनिल की मौत हो गयी। अनिल के परिवार में पत्नी आरती के अलावा 11 साल की बेटी रोशनी, 9 साल की शालू, 8 साल का बेटा आयुष और 6 साल का आदित्य है। फिलहाल पुलिस मृतक की पत्नी आरती की तहरीर पर गोलू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी गोलू को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## महिलाओं को सिटी बसों में भी मिलेगी दो दिन फ्री-यात्रा

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने लखनऊ समेत यूपी के 14 शहरों में रक्षाबंधन पर दो दिनों के लिये महिलाओं को नगर विकास के परिवहन निदेशालय द्वारा संचालित सिटी बसों का सफर मुफ्त कर दिया है। सीएनजी और ई-बसों में दो दिनों तक महिलाएं फ्री में सफर कर सकेंगी। महिलाओं के लिये रोडवेज की बसों का सफर पहले फ्री किया जा चुका है। महिलाएं दस अगस्त की रात 12 बजे से 12 अगस्त की रात 12 बजे तक फ्री सफर कर सकती है। हालांकि इलेक्ट्रिक सिटी बसें 11 व 12 अगस्त को सुबह छह से रात दस बजे तक ही रक्षाबंधन के दौरान महिला यात्रियों को निशुल्क सफर कराएंगी। बदले में महिलाओं को टिकट दिया जाएगा, लेकिन टिकट का किराया शून्य होगा। इसके लिए टिकट मशीन में शून्य किराये की फीडिंग की जा रही है। लखनऊ के अलावा कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, मथुरा वृंदावन, शाहजहांपुर, झांसी, मुरादाबाद, गोरखपुर, अलीगढ़ एवं बरेली में संचालित सीएनजीओ और इलेक्ट्रिक बसों में महिलाएं निशुल्क सफर कर सकती हैं।

# काकोरी पहुंचे डीएम, भ्रमण कर लिया तैयारियों का जायजा

## ● काकोरी ऐक्शन की वर्षगांठ पर आगामी 9 अगस्त को होंगे कई कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**काकोरी ऐक्शन** की वर्षगांठ पर आगामी 9 अगस्त को काकोरी के शहीद स्मारक स्थल बाज नगर हरदोई रोड़ पर होने वाले आयोजन की सभी तैयारियों का रविवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्थल पहुँच कर सभी व्यवस्थाओ का जायज़ा लिया। जिलाधिकारी के पूर्व में किये गए निरीक्षण में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए परिसर में बने पुस्तकालय में पर्यटन व संस्कृति विभाग से पुस्तके मांगा कर पुस्तकालय में रखवा दी गई है। निरीक्षण के दौरान ज़िलाधिकारी ने सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण करते हुए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उप जिलाधिकारी सदर ने ज़िलाधिकारी को बताया कि परिसर में लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन को चालू करा दिया है। जिस पर काकोरी एक्शन से सम्बंधित डाक्यूमेंट्री का प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद ज़िलाधिकारी ने प्रदर्शनी हाल का भी निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि 9 अगस्त को हाल में प्रदर्शनी का आयोजन किया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व पूरी कर ली जाए। साथ ही निर्देश दिया कि प्रदर्शनी हाल के बाहर सेल्फी प्वाइंट बनाने की व्यवस्था को बजी सुनिश्चित किया जाए ताकि इस ऐतिहासिक स्मारक में आकर लोग विशेषकर युवा सेल्फी ले सके। ज़िलाधिकारी ने जिस की काकोरी एक्शन में शहीद होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की संक्षिप्त बायोग्राफी को पत्थरो पर अंकित कराकर परिसर में लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सहित पयर्टन, परिवहन, माध्यमिक शिक्षा, पुलिसए तहसील सदर, नगर पंचायत काकोरी, क्षेत्र पंचायत काकोरी, नगर निगम, स्वास्थ्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने कहा कि पहुंच मार्ग, कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई , पेंटिंग, विद्युत पंखे यदि खराब हो तो उन्हे निर्धारित समय में ठीक करा लिया जाये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घास की कटाई का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत काकोरी को निर्देश दिये है कि कार्यक्रम स्थल की साफसफाई चूने का छिड़काव आदि सभी आवश्यक तैयारियाँ समय से कराना सुनिश्चित करें। ज़िलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस आयोजन का बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग इस ऐतिहासिक स्मारक में आकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सके।

## सीयूईटी की मेरिट से भी बीटेक में मिलेगा प्रवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने इस बार केन्द्रीय विश्वविद्यालय परीक्षा (सीयूईटी) से बीटेक से जुड़े पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने का फैसला किया है। इसके अलावा जेईई मेन के अंक से भी बीटेक में प्रवेश दिया जायेगा। इस बार दोनों प्रवेश परीक्षाओं को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी करा रही है। एकेटीयू के मुताबिक जेईई मेन के अंक से बीटेक में अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। बीटेक में एजी और बायोटेक जैसे कोर्स में सीयूईटी के अंक से प्रवेश की सुविधा रहेगी। इसके अलावा बीआर्क, बी फार्मेसी, बीएचएमसीटी, बीएफएडी, बीएफए, बीवाक, एमबीए, एमसीए जैसे कोर्स में भी अभ्यर्थी सीयूईटी के अंक से प्रवेश ले सकते हैं। विवि के कुलपति प्रो पीके मिश्र ने बताया कि बीटेक में प्रवेश के लिए 25 अगस्त से काउंसिलिंग प्रस्तावित है। बीटेक में प्रवेश के लिए सबसे पहले जेईई मेन क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। इसके बाद सीयूईटी के अंक के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रवेश मिलेगा। सीट रिक्त होने के बाद 12वीं के अंक के आधार पर मेरिट से काउंसिलिंग का मौका दिया जाएगा।

## छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** जानकीपुरम में छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है जानकीपुरम के अर्ध बिहार कॉलानी निवासी विभोर शर्मा के मुताबिक शनिवार रात सभी लोग खाना खाकर अपने अपने कमरे में सो गए। अगले दिन बेटा केशव शर्मा (23) काफी देर तक सोकर नहीं उठा। कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो केशव का शव खिड़की की ग्रिल से चादर के फंदे के सहारे लटका हुआ था।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 4895 लोगों को मिला लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जनपद के** सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4895 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1859 पुरुष, 2226 महिलायें और 810 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 59 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 108 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

## 1970 के बाद खोजे गये कण्डक्टिंग पॉलीमर विद्युत सुचालक: डॉ. कौर

### ● लविवि के भौतिक विज्ञान विभाग में आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय** के भौतिक विज्ञान विभाग में आयोजित सात दिवसीय स्तुति कार्यशाला के दूसरे दिन रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान एवं खगोल भौतिकी विभाग के डा अमरजीत कौर और डॉ नीरज शुक्ला के व्याख्यान हुए। डॉ कौर ने नैनो स्ट्रक्चर्ड कण्डक्टिंग पॉलीमर ऐण्ड ग्राफीन डेरीवेटिव फॉर गैस सेंसिंग अप्लीकेशन्स पर व्याख्यान देते हुए बताया कि सामान्यतया पॉलीमर विद्युत कुचालक होते हैं, पर 1970 के बाद कुछ ऐसे बहुलक भी खोजे गये हैं जो विद्युत के सुचालक होते हैं। ऐसे पॉलीमर को कण्डक्टिंग पॉलीमर यानी सुचालक बहुलक कहा जाता है। वर्तमान में ऐसे कण्डक्टिंग पॉलीमर का अनुप्रयोग इलेक्ट्रानिक उपकरणों के साथ साथ रिचार्जेबॅल बैटरी, सुपर कंडक्टर, फील्ड इफेक्ट ट्रान्जिस्टर, सेन्सर डिस्प्ले आदि में भी किया जा रहा है। डॉ कौर ने नैनोकम्पोजिट्स का गैस सेंसर बनाने के विभिन्न प्रायोगिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। एनआईटी पटना से आये प्रोफेसर नीरज शुक्ला ने द्विविमीय पदार्थों के लौहचुम्बकीय गुणों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि द्विविमीय पदार्थों के चर्चित उदाहरण जैसे ग्राफीन या फुलेरीन पर आयन बीम से रेडियेशन डालने पर उसमें होने वाले परिवर्तन इन टूडी मैटीरियल्स की उपयोगिता बढ़ा देते हैं। आयन बीम से रेडियेशन डालने पर टूडी मैटीरियल्स मैग्नोटोरेजिस्टेन्स अनुसंधान के लिए एक आकर्षक विषय बन गया है।

## बेकाबू वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**मोहनलालगंज।** रायबरेली हाईवे पर रविवार की दोपहर बेकाबू वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक गंभीर रुप में जख्मी हो गया। ट्रामा सेण्टर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहनलालगंज के पुरसेनी निवासी श्रीकेशन साइकिल से रविवार की दोपहर 2 बजे किसी जरुरी काम से मोहनलालगंज गए थे। वापस लौटने के दौरान रायबरेली हाईवे पर बीसीसी हाइट्स के निकट अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में श्रीकेशन गंभीर रुप में जख्मी हो गए। पुलिस उन्हें सीएचसी ले गई जहां से ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान श्रीकेशन ने ट्रामा सेण्टर में दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज कर वाहन का पता लगाने की कोशिश की जाएगी।

# किसी भी संगठन में संस्कार और अनुशासन का महत्व सर्वोपरि: संयुक्ता भाटिया

## ● महापौर ने महामना मालवीय मिशन की असाधारण आम सभा के उद्घाटन सत्र का दीप जलाकर शुभारंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महापौर ने** कहा कि महामना के नाम से चलने वाले सामाजिक संगठन के महत्व को आसानी से समझा जा सकता है। यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि आप सब महामना की स्मृति में सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रकल्प चला रहे हैं। विद्यालय का यह प्रांगण समाज को आपकी अनुपम भेंट है। किसी भी संगठन में संस्कार और अनुशासन का महत्व सर्वपरि होता है। मालवीय मिशन में तो सभी समर्पित भाव से काम करने वाले कार्यकर्ता हैं।

रविवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने महामना मालवीय मिशन की असाधारण आम सभा के उद्घाटन सत्र का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। महापौर ने पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। महापौर संयुक्ता भाटिया ने आगे कहा कि भारत रत्न महामना मालवीय का पुण्य स्मरण कर मैं अपने को धन्य मानती हूं। जिन्हें महात्मा गांधी जी ने अपना बड़ा भाई और भारत का निर्माता कहा एजो एक महान राजनेता और शिक्षाविद थे, जिन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय जो भारत का सबसे बेहतरीन विश्वविद्यालयों में से एक है। उसकी स्थापना की ऐसे महापुरुष को शत शत नमन करती हूं। महामना जैसे युग पुरुष सदियों में कभी कभी अवतरित होते हैं। मैं महामना के श्री चरणों में अपने विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं। महापौर ने कहा कि 'मुझे ज्ञात हुआ है कि दिल्ली में महामना सम्पूर्ण वाड्मय तैयार करने का अद्भुत कार्य भी आप सब कर रहे हैं।

# एसटीएफ ने पकड़े 295 कछुए, तस्कर गिरफ्तार

## ● लखनऊ के रास्ते हांगकांग, चीन और मलेशिया भेजने की थी योजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ के** रास्ते हांगकांग, चीन और मलेशिया भेजे जा रहे 295 कछुओं के साथ एक तस्कर को एसटीएफ ने रविवार को बरामद किया। इन्हें ले जा रहे तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। तस्कर ने बताया कि अलग-अलग जिलों से कछुओं को पकड़कर इन्हें बंग्लादेश बॉर्डर से दूसरे देशों में भेजा जाना था। एसटीएफ के अनुसार वाइल्ड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम के साथ कार्रवाई की गई है। कानपुर रोड पर बंथरा से उन्नाव निवासी वसीम को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से संरक्षित प्रजाति के 295 जिंदा कछुए बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया की लखीमपुर, बहराइच, गोंडा जैसे जिलों से इन कछुओं को पकड़कर इकट्ठा करता है। इसके बाद इन्हें ट्रेन से पश्चिम बंगाल ले जाता है। वहाँ से बांग्लादेश बॉर्डर पार करके इन कछुओं को म्यंमार के रास्ते चीनए हांगकांगए मलेशिया सहित कई देशों में इन्हें बेचा जाता है। एसटीएफ के अनुसार भारत में कछुओं की 29 प्रजातियों में 15 प्रजातियां उत्तर प्रदेश में पाई जाती हैं। इनमें 11 प्रजातियों का अवैध व्यापार किया जाता है। जीवित कछुए के मांस या उन्हें पालने के लिए तस्करी होती है लेकिन कछुएं की कैलिपी को सुखा कर शक्तिवर्धक दवा के लिए इनकी तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। यमुना, चम्बल, गंगा, गोमती, घाघरा, गण्डक आदि नदियों में ये कछुए बहुतायत में पाए जाते हैं।

### युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर किया यौन शोषण, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की चिनहट पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने एक युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुराचार और मारपीट की थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने युवती को इंदिरा डैम के पास ले जाकर उसके साथ वारदात को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर चिनहट तेज बहादुर सिंह ने बताया कि युवती द्वारा एक तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि दो लोगों ने उसको नशीला पदार्थ पिलाकर उसे इंदिरा डैम ले गये और फिर उसके साथ शारीरिक शोषण किया और जब विरोध किया तो मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की इस दौरान आरोप सही पाये गये और फिर एक टीम गठित कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सआदतगंज निवासी अब्बास हुसैन व लौलाई चिनहट निवासी अंकित यादव बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोचकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नाबालिग को भगाने वाला शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गुडम्बा पुलिस ने एक शोहदे को गिरफ्तार किया है जो नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद किशोरी को शकुशल बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर गुडम्बा कुलदीप सिंह गौड़ ने बताया कि इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने इस दौरान मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को काफी प्रयास किया बाद गिरफ्तार कर लिया जिसने अपना नाम सीतापुर निवासी छोटू उर्फ संजय रावत बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की निशानदेही पर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# गोमती नदी से निकाला गया 25 कुंतल कचरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्वच्छ पर्यावरण** आंदोलन सेना लखनऊ ने रविवार को गोमती नदी की तलहटी से लगभग 25 कुंतल कचरा निकालने के साथ नदी में गिरने वाले दर्जनों गन्दे नालों को बन्द करने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की की।

गोमती नदी की तलहटी से आज निकाले गए कचरे के साथ-साथ गोमती नदी से देवी देवताओं की सैकड़ों मूर्तियों को बाहर निकालने का काम किया गया। स्वपर्या सेना के संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व मे दर्जनों स्वयं सेवकों ने गोमती नदी के 218वें रविवारीय दिवस पर हनुमान सेतु निकट झूलेलाल पार्क गोमती नदी तट पर प्रात: 5. 30 बजे पहुंच कर गोमती नदी सफाई अभियान आरंभ कर दिया। सफाई अभियान में निहार सिंह, विष्णु तिवारी, कृपा शंकर वर्मा, जेपी गुप्ता, सुशांत वर्मा, रमाकांत मिश्रा इत्यादि ने झूलेलाल पार्क गोमती नदी के लगभग 300 मीटर के दायरे में तट व तलहटी से कचरा कूड़ा सड़े गले कपड़े देवी देवताओं की सैकड़ों मूर्तियां को निकाल कर नदी को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया। लखनऊ में गोमती नदी की लगातार 2 घंटे तक सफाई करने के बाद सभी स्वयंसेवकों ने आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती की।

# बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, घरों में भरा पानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**भारी बारिश** ने शहरवासियों पर कहर ढा दिया। पॉश इलाके में सड़क से गली तक जलभराव रहा, जिसने नगर निगम के स्मार्ट सिटी की हवा निकल दी। लगातार बारिश से इंदिरानगर सहित अन्य इलाकों में जलभराव हुआ। घरों में पानी भरने से लोग कैद रहे। भूतनाथ, अमीनाबाद में भारी जलभराव से लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम की स्थित से गुजरना पड़ा। हालांकि नगर निगम सहित अन्य विभाग के आला अफसर जुटे रहे, जिसके बाद वाहन और राहगीर निकल सके।

रविवार को घंटे भर की भारी बारिश से लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी। बारिश से पॉश इलाके में पानी का जमा हो गया। इंदिरानगर, पुराने लखनऊ के घंटाघर और खुर्ररमनगर, अलीगंज और गोमतीनगर में भारी बारिश से जलभराव की स्थित पैदा हो गयी। इंदिरानगर के सेक्टर 14 में सड़क से लेकर गली तक जलभराव रहा। आने जाने वाले लोग बारिश से बचने के लिए छुपते दिखे। 14/63 में पानी भरने से फर्नीचर के साथ इलेक्ट्रिक सामान कई खराब हो गए। लगातार चल रही हवाओं से हजरतगंज और निरालानगर में पेड़ गिरने से लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। नाराज लोगों ने नगर निगम के स्मार्ट सिटी की जमकर धज्जियां उड़ाई। इंदिरानगर के शिवाजीपुरम, मायावती कालोनी में जलभराव से लोगों को दो चार होना पड़ा। यहां शाम के बाद पानी की निकासी हो सकी। भूतनाथ में पानी भरने से लोगोंको घरों के अंदर कैंद रहना पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद सीवर को दुरुस्त कर पानी निकाला गया। इसके साथ इस्माइलगंज प्रथम वार्ड की कई गलियों में पानी भरा रहा, जिससे लोगों का घरों में कैद रहे। हालांकि जैसे जैसे समय गुजरता गया, पानी का जलभराव कम होता गया। हालांकि कई स्थानों पर जलभराव को दूर करने के लिए नगर निगम में शिकायत की गयी। शिकायत के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जलभराव को निकालने का प्रयास किया। पुराने लखनऊ के घंटाघर के पास की सड़क में भारी पानी जमा हुआ, जिसमें गाड़ियां फंसी दिखी। वहीं कुछ बालक बरसात में नहाते दिखे। फैजुल्लागंज, शहीद भगत सिंह और शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड में जलभराव होने की शिकायतें आती रहीं। दुबग्गा फरीदीपुर का हाल बद से बद्तर हा गया है, भारी जलभराव से घंटों पानी भरा रहा। सेक्टर 8 में सुषमा हॉस्पिटल से ईश्वर धाम मंदिर तक तालाब बन गया, इसके पीछे नाले से पानी नहीं निकलने को बताया जा रहा है, जबकि नाला बनाने में करोड़ो रुपए नगर निगम ने खर्च किए हैं।

# सीएचसी पहुंचे डीएम, वैक्सीनेशन का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आज़ादी** के अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे बूस्टर डोज़ वैक्सीनेशन अभियान के भौतिक सत्यापन के उद्देश्य से जिलाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवल किशोर रोड पहुंचे। निरीक्षण के दौरान वैक्सीनेशन अभियान की व्यवथाओं का जायज़ा लिया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे कोविड 19 बूस्टर डोज़ वैक्सीनेशन का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने नवल किशोर रोड पर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे वैक्सीनेशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। साथ ही चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बूस्टर डोज़ वैक्सीनेशन के लिए की गई व्यवस्थाओ का जायज़ा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिला कर कुल 203 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं, जिसमे 8 अर्बन सीएचसी, 52 अर्बन हेल्थ पोस्ट, 11 रुरल सीएचसी, 25 पीएचसी ग्रामीण, 95 वर्कप्लेस सीबीसी व 12 ज़िला स्तरीय अस्पताल है। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन सेंटरों पर कोविशिल्ड, कोवैक्सिन व कार्वी वेक्स के डोज़ लगाए जा रहे है। प्राथमिकता पर सभी केंद्रों पर बूस्टर डोज़ का वैक्सिनेशन किया जा रहा है। अगर किसी की पहली या दूसरी डोज़ नही लगी है तो लोग किसी भी केंद्र में जा कर अपना वैक्सीनेशन करा सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिलाधिकारी को बताया कि नवल किशोर रोड समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 37 लोगो को बूस्टर डोज़ लगाए गए और नवल किशोर रोड समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत सभी केंद्रों पर कुल 558 लोगो का वैक्सीनेशन कराया, जिसमे 380 लोगो को बूस्टर डोज़ दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वैक्सीनेशन को युद्धस्तर पर चलाया जाए और शत प्रतिशत कोविड प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराना सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण में वैक्सीनेशन सुचारू रूप से होता पाया गया। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन कराने आए लोगो का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उनसे संवाद करके वैक्सीनेशन के बारे में लोगो की भ्रांतियों को भी दूर किया। साथ ही लोगो को जागरूक किया कि वह अपने परिवार के लोगो और अपने परिचितों को भी वैक्सीनेशन कराने के लिए जागरूक करें ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोगो का वैक्सिनेशन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की वह सभी खुद का और अपने परिवारजन और परिचितों को जागरूक करते हुए अपने नज़दीकी वैक्सीनेशन सेंटर पर ले जा कर बूस्टर डोज़ ले।




## 203 केंद्रों पर 28,604 लोगों को लगी वैक्सीन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को कोरोना वैक्सीन के मेगा ड्राइव अभियान के तहत 28,604 लोगों को वैक्सीन की खुराक दी गई। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 77,121 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 992 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 12,01,32,575 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों 592 लोग तथा अब तक कुल 20,79,382 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 4997 एक्टिव मामले है। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 06 अगस्त, 2022 को एक दिन में 3,80,841 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,36,46,066 तथा दूसरी डोज 14,60,29,888 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,41,21,810 तथा दूसरी डोज 1,29,58,684 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 85,41,920 तथा दूसरी डोज 72,83,846 दी गयी। कल तक 93,97,681 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 35,19,79,895 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

## कोरोना के 115 नये केस मिले

**राजधानी** लखनऊ में रविवार को कोरोना के 115 नये केस सामने आये हैं। इनमें 66 पुरूष एवं 49 महिला रोगी है। वहीं आज कुल 73 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 633 है। आज प्रमुख रूप से जनपद के आलमबाग में 26, सरोजनीनगर में 18, चिनहट में 14, अलीगंज में 11, एनके रोड इलाके में 9, इन्दिरानगर में 8, रेडक्रास इलाके में 8, गोसाईगंज में 2, सिल्वर जुबली इलाके में 2, बीकेटी में 1, टूडियागंज में 1 कोविड धनात्मक रोगी मिले हैं।

## मोहनलालगंज में 1660 ने लगवाई वैक्सीन



संवाददाता। मोहनलालगंज

**आजादी** की 75 वीं सालगिरह के मौके पर रविवार को मोहनलालगंज में दो दर्जन से अधिक सेण्टरों पर मेगा वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित कर डेढ़ हजार से अधिक लोगों को वैक्सीन का सुरक्षा कवच दिया गया। इस दौरान सीएचसी की टीमें निरीक्षण कर वैक्सीनेशन का जायजा लेती रहीं। मोहनलालगंज के सिसेण्डी दहियर सरथुवा पुरहिया हुलासखेड़ा गढ़ी दयालपुर भद्दीसिर्स पुरसेनी कुबहरा भदेसुवा मीनापुर उतरावां मस्तीपुर बघौना मंगटइया समेत 20 पंचायतों और सभी पीएचसी व सीएचसी पर रविवार को मेगा वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया गया। इस तरह कुछ 26 सेण्टरों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प में 1660 लोगों को वैक्सीन का सुरक्षा कवच दिया गया। जिसमें 1300 से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज लगवाए।

## अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता विभाग एवं लखनऊ विश्वविद्यालय टीचर्स कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का शीर्षक आजादी के 75 वर्ष एवं आपके सपने था। जिसमे विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायो व विषयों के 30 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। निबंध का परीक्षण डा आरपी यादव, डा राहुल पाण्डेय एवं डा प्रशांत शुक्ला द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिभागियो को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सतीश द्विवेदी, लखनऊ विश्वविद्यालय से डा अशोक कुमार, डा रोली मिश्रा, डा आरपी यादव एवं लखनऊ विश्वविद्यालय टीचर्स कोआपरेटिव सोसायटी से आरके जायसवाल, नितिन कुमार एवं अंकिता जेटली उपस्थित हुए।

# सिविल अस्पताल में बर्थ डे पार्टी का वीडियो वायरल, जांच समिति गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** आवास से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित सिविल अस्पताल में बर्थडे पार्टी व बेल्टबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि सिविल अस्पतालएलखनऊ में कर्मचारियों द्वारा चिकित्सालय की गरिमा व शुचिता को धूमिल कर भर्ती मरीजों को होने वाली असुविधा के वीडियो का संज्ञान लेते हुए निदेशक, सिविल अस्पताल, लखनऊ एवं अपर निदेशक, लखनऊ मंडल की संयुक्त जांच समिति गठित कर पूरे मामले की जाँचकर दोषियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही के आदेश दिये हैं। साथ ही कार्यवाही की रिपोर्ट 2 दिन के अंदर उपलब्ध कराए जाने के आदेश दिये हैं। रविवार को सिविल अस्पताल में परिसर में बेल्ट बाजी का वीडियो सामने आया है। इसमें बड़ी संख्या में अस्पताल के कर्मचारी रात में पार्टी करते दिख रहे हैं। अस्पताल में मौजूद गार्ड से लेकर इमरजेंसी और ओपीडी के कर्मचारी भी इस हो.हल्ले और बर्थडे पार्टी में शामिल दिखे। इस बीच बर्थडे केक कटने के बाद बेल्ट भी चलती दिख रही है। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल की ओपीडी में रात 12 बजे से पार्टी चल रही थी। यहां पूरी रात कर्मचारियों ने हुल्लड़ बाजी की। इस दौरान सिविल अस्पताल में भर्ती तमाम गंभीर मरीज परेशान होते रहे। वही अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरपी सिंह ने बताया कि अभी कुछ देर पहले ही मामला पता चला है। वायरल वीडियो देखकर यह लग रहा है कि यह ग्राउंड फ्लोर की घटना है। इसमें फार्मेसी के 6 इंटर्न दिखाई दे रहे हैं। यह गंभीर मामला है। अस्पताल परिसर में ऐसी किसी भी घटना को स्वीकार नहीं किया जा सकता। पूरे मामले की जांच करा कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# महापौर ने लगवाई एहतियाती डोज, किया कैंप का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चन्दरनगर** नगर स्वास्थय केंद्र में महापौर ने कोविड वैक्सीनेशन प्रीकॉशन डोज कैम्प का उदघाटन किया। महापौर ने स्वयं भी प्रीकॉशन डोज लगवाई। रविवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने चन्दरनगर नगर स्वास्थ्य केंद्र में कोविड वैक्सीनेशन प्रीकॉशन डोज़ कैम्प का उदघाटन किया। इस अवसर पर महापौर ने स्वयं भी प्रीकॉशन डोज़ लगवाई। इस अवसर पर महापौर ने सभी से यह अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रीकॉशन डोज़ जल्द से जल्द से लगवा लें। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्र नगर के अधीक्षक डॉ शाहिद रजा, मेडिकल ऑफिसर डॉ सरदार मेहंदी, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कीर्ति नेहा सहित अन्य चिकित्सक, एनएम स्वास्थ्य कर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्रों ने पढ़ा मनमाफिक कोर्स चुनने लक्ष्य पाने की योजना बनाने का पाठ

## ● सीएमएस में यूनिवर्सिटी फेयर का आयोजन, 11 देशों के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि हुए शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल द्वारा यूनिवर्सिटी फेयर का भव्य आयोजन आज कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 व 12 के हजारों छात्रों ने देश विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से पधारे प्रतिनिधियों से उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया को समझा। इस यूनिवर्सिटी फेयर में इंग्लैण्ड, अमेरिका, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, जापान, न्यूजीलैण्ड, आयरलैण्ड, यूएई, स्पेन एवं भारत समेत 11 देशों के 50 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उच्चशिक्षा से सम्बन्धित सारगर्भित जानकारी प्रदान की, साथ ही अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चुनाव करना, स्वयं को उसके लिए तैयार करना व लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी योजना बनाने का पाठ भी पढ़ा। यूनिवर्सिटी फेयर की खास बात रही कि इसमें छात्रों को विदेश में उच्चशिक्षा, स्कॉलिस्टिक एप्टीट्यूट टेस्ट एवं एडवांस प्लेसमेन्ट प्रोग्राम की विस्तार से जानकारी प्राप्त करने के साथ ही देश विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करने का अनूठा अवसर मिला। इससे पहले यूनिवर्सिटी फेयर का शुभारम्भ करते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा जगदीश गाँधी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य यही है कि 12वीं के बाद छात्र किसी द्विविधा में न रहें, उन्हें अपना लक्ष्य मालूम हो और वे मानसिक रूप से सशक्त रहें।

## किसान सम्मान निधिः सरकार ने दिया आखिरी मौका, सीएससी जाकर जल्द कराएं ई केवाईसी

**मोहनलालगंज।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे लोगों को सरकार ने ई केवाईसी कराने का एक और मौका दिया है। छूटे हुए लाभार्थी सीएससी जाकर पीएम किसान पोर्टल पर ई केवाईसी करा सकते हैं। मोहनलालगंज में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे लोगों को ई केवाईसी कराने के लिए कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक गांव.गांव जाकर प्रेरित कर रहे हैं। छूटे हुए लाभार्थियों की लिस्ट पंचायत भवनों में चस्पा कराई गई है। एडीओ कृषि बीरेन्द्र सिंह ने बताया मोहनलालगंज ब्लाक में तकरीबन 65 फीसद लाभार्थी पीएम किसान पोर्टल पर ई केवाईसी करा चुके हैं। शेष लाभार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप और गांव जाकर प्रेरित किया जा रहा है। इस सुनहरे अवसर का लाभ नहीं उठाने पर लाभार्थियों को योजना से वंचित किया जा सकता है। एडीओ ने बताया छूटे लाभार्थी किसानों को यथाशीघ्र जनसेवा केन्द्र जाकर ई केवाईसी कराना बेहद आवश्यक है।

# 50 हजार घरों पर तिरंगा फहराने की जोरशोर से तैयारी

## ● .ब्लाक अधिकारी तैयार करा रहे 22500 तिरंगे और नगर पंचायत वितरित करेगी 2500 राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता। मोहनलालगंज

**हर** घर तिरंगा अभियान के तहत मोहनलालगंज के पचास हजार घरों में तिरंगा फहराने की तैयारी है। ब्लाक प्रशासन की ओर से इसके लिए साढ़े बाइस हजार तिरंगे तैयार कराए जा रहे हैं। जबकि नगर पंचायत प्रशासन भी ढ़ाई हजार तिरंगे का इंतजाम कर रहा है। सभी ग्राम सचिवों को अपनी.अपनी पंचायतों में जन जागरुकता के जरिए घर.घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा गया है। उधर नगर पंचायत की टीमें लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को जागरुक और प्रेरित कर रही हैं।

मोहनलालगंज की सभी 78 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक तकरीबन 45 हजार परिवार हैं। इसी तरह मोहनलालगंज नगर पंचायत में

आजादी की 75वीं सालगिरह



लगभग 5 हजार परिवार हैं। आजादी की 75 वीं सालगिरह पर ग्राम पंचायतों में 13.15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के दौरान सभी परिवारों के मकान पर राष्ट्रीय ध्वज संहिता का ख्याल रखते हुए तिरंगा फहराने की जोरशोर से तैयारी की जा रही है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए मोहनलालगंज ब्लाक प्रशासन तकरीबन 22500 तिरंगे तैयार करा रहा है। जिन्हें सचिवों को सौंपकर आमजन से न्यूनतम शुल्क लेकर वितरित कराया जाएगा। इस शुल्क से तिरंगा तैयार कर रहे समूहों के पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए सभी सचिव और प्रधान गांव के लोगों को स्वप्रेरणा से अपने घरों पर तिरंगा फ्हराने और राष्ट्रीय ध्वज का खास ख्याल रखने के लिए जागरुक करेंगे। बीडीओ निशान्त राय ने बताया आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर सभी गांव के लोगों को 13-15 अगस्त तक घर घर उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान हर घर तिरंगा फ्हराने के साथ ही शहीदों की स्मृति और देशभक्ति पूर्ण विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराए जाएंगे। सभी सचिव और प्रधानों के साथ ब्लाक अधिकारी भी इन कार्यक्रमों में भागीदारी देंगे। बीडीओ ने बताया सचिव और प्रधान पंचायतों में सभी सरकारी भवनों पर भी तिरंगा फहराकर स्वाधीनता दिवस पर उत्सव मनाएंगे। बीडीओ ने आमजन से आजादी का अमृत महोत्सव भव्य तरीके से मनाने की अपील की।

मोहनलालगंज नगर पंचायत के 5 हजार परिवारों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया नगर पंचायत के सभी मोहल्ले में एनाउंसमेण्ट कराया जा रहा है। उन्होंने बताया 2500 तिरंगे की खरीदे जा रहे हैं। जिन्हें सावर्जनिक भवनों में फहराने के साथ ही लोगों में वितरित कर घरों की छत पर फ्हराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी की हो उच्च स्तरीय जांचः अनुपम मिश्रा

**लखनऊ।** टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्र ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में एनटीए द्वारा प्रस्तावित परीक्षाओं के रद्द होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्र सरकार से इसकी त्वरित जाँच की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार प्रवेश परीक्षाओं का रद्द होना छात्रों व उनके परिजनों को तो आहत कर ही रहा है। साथ ही ऐसी परीक्षाओं का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की क्षमता व साख पर भी एक सवालिया निशान लगा रहा है। अनुपम मिश्रा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिस परीक्षा में लाखों छात्र सम्मिलित होकर विभिन्न विश्वविद्यालय में प्रवेश ले रहे हों, उन परीक्षाओं का इस प्रकार से बार-बार निरस्त होना और उसका आधार तकनीकी गड़बड़ी बताना केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं हो सकता बल्कि इसमें से एक बड़े षड्यंत्र की बू आती है। तकनीकी खराबी एक बार तो हो सकती है किंतु बार-बार या तीन बार लगातार तकनीकी खराबी नहीं हो सकती। उन्होंने माँग करते हुए कहा कि सरकार को इसकी एक निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराकर देश के सामने इसकी सच्चाई लानी चाहिए। क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का गठन ही समयबद्ध तरीके से प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन, पारदर्शिता तथा विश्वसनीयता को बढ़ाने के उद्देश्य किया गया था।

# एसकेडी एकेडमी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसकेडी** एकेडमी के सभी बोर्ड यूपी, आईएससी एवं सीबीएसई के मेधावी विद्यार्थियों का आज 7 अगस्त को एसकेडी एकेडमी की विक्रांतखण्ड शाखा के ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन से हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा मंत्री, दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार, उप्र सरकार एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश्वर सिंह, विधायक सरोजनी नगर क्षेत्र, का स्वागत एसकेडी एकेडमी के चयेरमैन एसकेडी सिंह , निदेशक मनीष सिंह , उपनिदेशक निशा सिंह, व सह निदेशक कुसुम बत्रा एवं डी के सिंह द्वारा शाल मोमेन्टो व बुके देकर किया गया। साथ ही सभी मंत्री गणों ने एसकेडी एकेडमी के चेयरमैन एसकेडी सिंह का भी सम्मान शाल पहनाकर किया। इस अवसर पर डॉ राजेश्वर ने कहा कि देश के सशक्तिकरण के लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा। जिसके लिए उनके अभिभावको एवं शिक्षकगणों का सहयोग अति महत्वपूर्ण है।

# पेज एक का शेष

## विश्व के...

संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के विकासशील देशों को एक शक्तिशाली संदेश भेजा है। वह यह कि सीमित संसाधनों के बावजूद लचीलेपन के साथ चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सातवीं बैठक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच महीनों के कठोर विचार-मंथन और परामर्श की परिणति है। भारत की आजादी के 75 साल में पहली बार भारत के सभी मुख्य सचिवों ने एक जगह एक साथ मुलाकात की और तीन दिनों तक राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस सामूहिक प्रक्रिया से इस बैठक के एजेंडे का विकास हुआ, मोदी ने गवर्निंग काउंसिल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से भारत को आधुनिक कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## राज्यों ने...

सरकारों पर दबाव नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने कोलकाता में चक्रवात की स्थिति का हवाला देते हुए बैठक बीच में ही छोड़ दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र से जीएसटी लागू होने के कारण राजस्व की कमी के लिए राज्यों को भुगतान किए गए मुआवजे के लिए पांच साल के विस्तार की मांग को दोहराया और राज्य से कोयले और अन्य प्रमुख खनिजों के लिए रॉयल्टी की दरों में संशोधन करने का आह्वान किया।

## भारतीय मुक्केबाजों...

इस दौरान मैकडोनल्ड के आंख के ऊपर एक कट भी लग गया जिसके लिए उन्हें टांके लगवाने पड़े और खेल रोकना पड़ा। अपनी लंबाई का इस्तेमाल करते हुए मैकडोनल्ड ने तीसरे राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन एशियाई खेलों के चैम्पियन ने उनके सभी प्रयास नाकाम कर दिए। पंघाल ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के तोक्यो ओलंपियन पैट्रकि चिनएम्बा के खिलाफ वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी जो उनके लिए टर्निंग प्वाइंट रही। उन्होंने कहा, यह सबसे कठिन मुकाबला रहा और टर्निंग प्वाइंट भी। मैंने पहला राउंड गंवा दिया था लेकिन अपना सबकुछ लगाकर वापसी कर जीत हासिल की। ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रणनीति के बारे में उन्होंने कहा, वह मुझसे काफी लंबा था और मुझे काफी आक्रामक होना पड़ा ताकि मुक्का मारने के लिए उसकी हाथों के अंदर जा सकूं। यह रणनीति कारगर रही। मेरे कोच ने बढ़िया काम किया क्योंकि हमने रणनीति बनाई और मैंने वैसा ही रिंग में किया।

## एल्डोस पॉल...

तय की। अबूबाकर 17.02 मीटर के प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अबूबाकर ने अपने पांचवें प्रयास में यह दूरी तय की। भारत के ही प्रवीण चित्रावल 16-89 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। बरमूडा के जाह-एनहाल पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में त्रिकूद में चार पदक जीते हैं लेकिन यह पहला मौका है जब देश के दो एथलीट ने एक साथ पोडियम पर जगह बनाई है। मोहिंदर सिंह गिल ने 1970 और 1974 में क्रमश: कांस्य और रजत पदक जीता जबकि रंजीत महेश्वरी और अरपिंदर सिंह 2010 और 2014 में तीसरे स्थान पर रहे। भारत की अनु रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

## चक दे...

दिया। भारत के लिए सोनिका और नवनीत ने गोल दागते हुए टीम की जीत सुनिश्चित की। सविता ने कहा, हम जानते थे कि यह मुकाबला आसान नहीं होगा इसलिए हमने आने से पहले प्रत्येक मिनट और प्रत्एक सेकेंड काम किया। मुझे गर्व है कि हमने बतौर टीम चुनौती पेश की। शूटआउट में गोलकीपर होने के नाते दबाव होने पर उन्होंने कहा कि दबाव हमेशा होता है, लेकिन पूरा श्रेय कोच (यानेक शॉपमैन) को जाता है जिन्होंने मुझे कहा, तुम अच्छी हो, इसलिए खुद पर भरोसा रखो और गेंद को देखती रहो।

## पांच ट्रिलियन...

उसके पीछे प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन सबसे बड़ा सम्बल है। इसके कारण आज उत्तर प्रदेश बीमारु राज्य की श्रृंखला से ऊपर उठकर एक स्वावलम्बी और समर्थ प्रदेश बनने की ओर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास का जो मंत्र दिया है, वह देश में विकास का आधार बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर भारत अपनी स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण करेगा। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पूरा देश इस ऐतिहासिक अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। वर्ष 2047 का भारत कैसा होगा, इसके लिए प्रधानमंत्री ने आगामी 25 वर्ष के काल खण्ड को अमृत काल निर्धारित करते हुए नवीन संकल्प के साथ नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी देशवासियों से परिश्रम करने का आह्वान किया है।

## घाटी में...

बाहर बसे हुए हैं और आतंकवादी समूह के संघर्ष के खिलाफ जहर फैलाते हैं उनको लक्षित करना उनका लक्ष्य है। जम्मू-कश्मीर में रहने वाले गैर-स्थानीय और कश्मीरी पंडितों की भी पहचान की जानी है और उन्हें निशाना बनाया जाना है। संगठन ने रेखांकित किया है कि जिन पर्यटकों को सामान्य स्थिति दिखाने और तथाकथित कश्मीर प्रतिरोध संघर्ष को प्रदर्शित करने के लिए घाटी की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, उन्हें भी निशाना बनाया जाना चाहिए।

## मंत्री राकेश...

का आदेश दिया गया है, ताकि वह कानूनी सुरक्षा प्राप्त करने के लिए जमानत बांड प्रस्तुत कर सकें। सचान ने फोन पर पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए कहा कि वरिष्ठ वकीलों की एक टीम पूरे प्रकरण का जायजा लेने के लिए संबंधित अदालत में है और वह उसी के अनुसार इस मुद्दे से निपटेंगे। सचान ने हालांकि इस बात से पूरी तरह अनभिज्ञता जाहिर की कि तीन दशक पुराने आर्म्स एक्ट मामले में शनिवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-तीन की अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया या नहीं। मंत्री ने आगे कहा कि जो भी हो वह अदालत के फैसले का सम्मान करेंगे।

## दस अगस्त...

डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ वर्ष 2015 में आंदोलन के एक मामले में यह गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। अधिवक्ता सुशील साहनी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वर्ष 2015 में निषाद आरक्षण को लेकर कसरवल में हुए आंदोलन में दर्ज मामले में सीजेएम की अदालत ने चार अगस्त को प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया और यह छह अगस्त को शाहपुर थाने को भेज दिया गया। हालांकि, संजय निषाद के अधिवक्ता सुरेंद्र निषाद ने वारंट को जमानती बताते हुए कहा कि संजय निषाद 10 अगस्त को अदालत के सामने पेश होंगे।

## केंद्रीय कैबिनेट...

शामिल नहीं होगा। लेकिन उस वक्त जदयू अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने मोदी कैबिनेट में शामिल होने का खुद फैसला किया था। लल्लन सिंह ने सवाल किया 'आरसीपी सिंह ये दावा करते होंगे कि नीतीश कुमार की मंजूरी के बाद वे मोदी कैबिनेट में शामिल हुए थे। लेकिन नीतीश कुमार ने ऐसा कभी कुछ कहा क्या? जदयू अध्यक्ष ने यह भी कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव में जदयू राजद और भाजपा से पिछड़कर तीसरे स्थान पर आ गया क्योंकि नीतीश कुमार साजिश के शिकार हो गए थे, समय आने पर हम साजिशकर्ताओं को सामने लाएंगे। यह व्यापक तौर पर माना जाता है कि चिराग पासवान ने दर्जनों सीटों पर भाजपा की शह पर लोजपा प्रत्याशियों को उतारकर जदयू की संभावनाओं को ठेस पहुंचाई थी।

## भारतीय पोत...

अत्याधुनिक पोतों का निर्माण करने में सक्षम हैं। देश में निर्मित पहला विमान वाहक पोत विक्रांत इसका चमकता हुआ उदाहरण है। अमेरिकी दूतावास की महावाणिज्य दूत जूडिथ रेविन ने कहा कि यह भारत-अमेरिका रणनीतिक रिश्तों के और पुख्ता होने संकेत हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान को गति दे रहा एनसीएल

संवाददाता। सोनभद्र



**भारत** सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है जिसके तहत दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक हर नागरिक से अपने घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया जा रहा है। सिंगरौली परिक्षेत्र में इस मुहिम के व्यापक प्रचार व प्रसार व इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल अनेक प्रभावी कदम उठा रही है। एनसीएल अमलोरी आवासीय परिसर व आस पास के क्षेत्र में निकाली गयी तिरंगा रैली रविवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के अमलोरी क्षेत्र के कर्मियों व यहाँ तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की इकाई के सदस्यों ने अपने कर्मियों व आम जनमानस को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरूक करने के लिए प्रभातफेरी का आयोजन किया। कमांडेंट सीआईएसएफ एनसीएल अमलोरी इकाई, सुब्रत कुमार झा ने सुबह अमलोरी आवासीय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली के माध्यम से एनसीएल आवासीय परिसर से होते हुए नवानगर बाजार तथा नजदीकी गाँव में जाकर लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराने व सपरिवार इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया और दर्शकों तथा ग्रामीणों के बीच राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया। यह प्रभात फेरी एनसीएल अमलोरी आवासीय परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुई। इस दौरान उप-कमांडेंट, सीआईएसएफवरुण कुमार पांडे स्टाफ अधिकारी कार्मिक पी के त्रिपाठी एनसीएल अमलोरी के कर्मी तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ इकाई एनसीएल सिंगरौली के सदस्यों ने भाग लिया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक अमलोरी सतीश झा ने प्रभात फेरी में शामिल सभी लोगों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

# जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक

संवाददाता। मिर्जापुर

**अपना** दल एस की मासिक बैठक रविवार 7 अगस्त को जंगी रोड स्थित लोहंदी महाबीरए नाई समाज धर्मशालाए मीरजापुर में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद ने की। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव श्री रमाशंकर पटेल एवं विशिष्ट अतिथि का0 राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ पटेल व का0 प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह पटेल जी उपस्थित रहें। संचालन का0 युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल ने किया।

बैठक की मुख्य एजेंडा पिछले कार्यवाही की पुष्टिए सदस्यता अभियानए राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी द्वारा लखनऊ कार्यालय से जारी आदेशों के बारे में बताना।

मुख्य अतिथि श्री पटेल जी ने कहा कि जिले में संगठन को दुरुस्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए की आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए सदस्यता अभियान चलाया जाए तथा बूथ स्तर पर गठन पर जोर दिया जाए। सदस्यता अभियान चलाए जाने हेतु कुछ पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया और अभियान चलाकर जोनए विधानसभाओं की कमेटियों का गठन किया जाएगा। अंत में राष्ट्रीय नेतृत्व का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं जो मुझे राष्ट्रीय महा सचिव के पद से नवाजा गया है। जिला अध्यक्ष श्री बिंद ने बताया कि प्रदेश के बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पार्टी पदाधिकारियों को लोस चुनाव में शत.प्रतिशत परिणाम लाने का टॉस्क दिया है। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय आशीष पटेल ने पार्टी की संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। तथा 2024 की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को 24 घंटे मेहनत करने का मंत्र दिया है उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में बृहद रूप से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी की सदस्यता अभियान 12 अगस्त से 15 दिसंबर तक चलाया जाएगा इसके लिए मंडल वाइज प्रभारी नियुक्त हो गए हैं। तथा जिला अध्यक्ष सहायक प्रभारी के नियुक्ति जल्द हो जाएगी। इसी संस्था के आधार पर एवं पिछले उपलब्धि के आधार पर 16 सितंबर से 20 सितंबर तक जॉन अध्यक्षों एवं 25 सितंबर से 30 सितंबर तक विधानसभा अध्यक्षों का चुनाव होगा। आज के मुख्य अतिथि श्री रमाशंकर पटेल जी को राष्ट्रीय महासचिव की नई जिम्मेदारी मिलने पर जिला इकाई संगठन के सभी लोगों ओर से बहुत.बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।बैठक के दौरान प्रदेश सचिव आनंद सिंह प्रदेश महासचिव शिक्षक मंच लाल बहादुर सिंहए प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंदए प्रदेश सचिव किसान मंच रामसमुझ सिंह आदि मौजूद रहे।

# आजादी के 75 साल पूर्ण होने पर वैक्सीन महोत्सव मना

संवाददाता। मीरजापुर

**भाजपा** के जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने संगमोहाल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर चल रहे कोविड वैक्सीनेशन अमृत महोत्सव पर रविवार 7 अगस्त 2022 को बूस्टर डोज के विशेष अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित कोविड बूस्टर डोज वैक्सीनेशन कराने आए आम जनताए बूस्टर डोज अभियान को सफल बनाने में लगे भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी जन भारत की आजादी के 75वां साल पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव मना रहे हैं। जिसके अंतर्गत 18 वर्ष के ऊपर की आयु के सभी नागरिकों को मुफ्त बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। हम सभी पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है की जिले के सभी सम्मानित जनता पहलेए दूसरे कोविड डोज के बाद तीसरे बूस्टर डोज से न छूटे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत को स्वस्थ और समृद्ध बनाने की पहल है। जिला अभियान टीकाकरण प्रमुख जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्याम सुंदर केसरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कोविड बूस्टर डोज अभियान को सफल बनाएं। मीरजापुर जिले के 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी नागरिक टीकाकरण से न छूटे।

आज जनपद के सभी टीकाकरण केंद्र पर जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि व प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग कर रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला राय ने कहा की देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मुफ्त कोविड बूस्टर डोज के लिए धन्यवाद करती हूँ। सम्मानित डाक्टरए मेडिकल स्टाफ के पूरे सहयोग के कारण यह बूस्टर डोज अभियान सफलता की ओर बढ़ रहा है। संचालन नगर महामंत्री नितिन विश्वकर्मा ने किया।

बूस्टर डोज के विशेष अभियान में मुख्य रूप से जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तवए जिला कोषाध्यक्ष संजय यादवए नगर महामंत्री सतीश उपाध्यायए रजनीकांत रायए श्रीमती गुंजा साहूए जिला कार्यसमिति सदस्य रविशंकर साहूए प्रशांत पांडेयए सूरज निषादए सभासद गोवर्धन यादवए अलंकार जायसवालए किशन सैनीए सुशील विश्वकर्माए अखिलेश अग्रहरिए रमाशंकर सोनीए राकेश मौर्यए अजय रंजकए मनोज केसरीए विनोद सोनकरए मनोज सोनकरए सर्वजीत शर्मा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

# कोविड-19 से बचाव के लिये अवश्य लगवाएं बूस्टर डोजः भूपेश चौबे

- सदर विधायक ने बूस्टर डोज लगवा कर किया महाअभियान का शुभारंभ

संवाददाता। सोनभद्र



**आजादी** के 75 वर्ष पूरे होने पर देश भर मे मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत रविवार को कोरोना के बढ़ते मामले पर रोक लगाने के उद्देश्य से जनपद मुख्यालय स्थित अर्बन पीएचसी पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने फीता काटकर बूस्टर डोज महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने अपने माता पिता के साथ स्वयं बूस्टर डोज लगवा कर जन जागरूकता का सन्देश दिया। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि कोविड-19 के रोकथाम मे वैक्सीनेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से नि:शुल्क एहतियाती डोज लगाने का महाअभियान 30 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि अपने पास के स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर नि:शुल्क बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. आर जी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अस्पताल व जनपद के 39 स्वास्थ्य केंद्रों समेत 267 स्थानों पर 50 हजार लोगों को बूस्टर डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जहा जाकर बूस्टर डोज निशुल्क लगवा जा सकता है। डॉ0 आर0जी0 यादव ने कहा कि कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त करने के तीन माह पूर्ण होने के पश्चात जनपदवासी किसी भी सरकारी टीकाकरण केंद्र पर जाकर कोविड टीकाकरण का नि:शुल्क बूस्टर डोज लगवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीका लगने के बाद कोरोना का प्रभाव कम देखने को मिला इसका प्रमुख कारण था जनपद में ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोविड-19का टीकाकरण करवाया जा चुका था। इसीलिए कोविड संक्रमण से बचने के लिए एहतियाती डोज की प्रमुख भूमिका होगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी जनपदवासी अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एहतियाती डोज अवश्य लगवाएं। इस दौरान अर्बन पीएचसी अधीक्षक डॉ0 जे0पी0 सिंह, डॉ0 रामकुंवर, पी0के0 सिंह, मनोज कुमार, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश चौबे, चंद्रकला, जैबुन्निसा, आशुतोष मिश्रा, रेखा कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने की महाआरती, पालकी यात्रा का शुभारंभ



**वाराणसी।** ऊं साई नाथ बाबा की वार्षिक विशाल पालकी यात्रा रविवार को पूर्वाह्न साढ़े बजे प्रहलादघाट से मुख्य अतिथि शहर दक्षिणी के विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी ने साई नाथ बाबा की पालकी की महाआरती किया एवं कंधा देकर पालकी यात्रा का शुभारंभ किया जो काली माता के निकट से प्रारंभ होकर भैंसासुर, भदऊं चुगी, सेवई मंडी, प्रहलादघाट, मुकीमगंज, मच्छोदरी होते हुए ओम साई नाथ मंदिर गायघाट पहुँची जहाँ मंदिर के सेवईत सिन्धु वर्मा ने साई नाथ की महाआरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। साई नाथ पालकी यात्रा में मुख्य रूप से विधायक डॉ0 नीलकंठ तिवारी, डॉ0 सुधीर कुमार त्रिपाठी,शालू श्रीवास्तव, जगदीश, चंदन संजय केशरी, सिन्धु वर्मा, संतोष अग्रवाल उर्फअप्पू सहित सैकड़ों साई भक्त उपस्थित रहे।

# बारिश में रेलवे स्टेशन मार्ग व चतुर्भुजपुर कस्बा होती है झील में तब्दील



संवाददाता। सकलडीहा चन्दौली

**पंचायत** विभाग द्वारा साफ सफाई का लाख दावा किया जाता है। लेकिन हल्की सी बरसात के बाद चतुर्भुजपुर कस्बा व रेलवे स्टेशन मार्ग झील के रूप में तब्दील हो जाता है। जिसके कारण आने जाने वालों पानी से होकर गुजरना पड़ता है। शनिवार की देर शाम हुई बारिश के कारण राहगीरों को काफी समस्या हुई। कस्बावासियों ने जलभरॉव की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।लम्बे समय से चतुर्भुजपुर रेलवे स्टेशन मार्ग पर जलभरॉव की समस्या बनी रहती है। सावन माह में दर्शनार्थी गंदे पानी से होकर गुजरते है। शनिवार को दोपहर बाद हुई बारिश के कारण पूरे कस्बा से लेकर रेलवे स्टेशन मार्ग झील के रूप में तब्दील होगया था। स्टेशन से उतरकर आने जाने वाले राहगीर और यात्रियों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने जल भरॉव और नालों की साफ सफाई की मांग उठाया है। चेताया की जलभरॉव की समस्या का समाधान नही होने पर ग्रामीणों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया। इस बाबत एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने बताया शीध्र ही जलभरॉव की समस्या से निजात दिलाया जायेगा।

# पेंशनरों को रेल किराये में छूट मिले, हुई बैठक

**वाराणसी।** उप्र पेंशनर्स कल्याण संस्था, जनपदीय शाखा के अध्यक्ष राजेश्वर पाण्डेय की अध्यक्षता में रविवार को नदेसर स्थित पीडब्ल्यूडी की आफिस में पूर्वाह्न दस बजे बैठक की। बैठक में भारत सरकार से मांग की गई कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिल रही छूट जो कोरोना काल से रोक दी गई है, उसे तत्काल बहाल किया जाए। बैठक में भारत सरकार से मांग की गई कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिल रही छूट जो कोरोना काल से रोक दी गई है, उसे तत्काल बहाल किया जाए।प्रदेष सरकार से मांग की गई कि अन्य राज्यों की भॉति पेंशनरों को 65,70 वर्ष की आयु पर क्रमश: 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत पेंशन की बढ़ोत्तरी की सुविधा सहित अन्य मांग की गई। बैठक का संचालन जिलामंत्री अवध नारायण पाण्डेय ने की।बैठक में डी0पी0 मिश्र, डॉ0 उमाशंकर ओझा, जय बहादुर सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

# हर घर तिरंगा के वितरण के तहत अभियान का हुआ शुभारंभ



संवाददाता। मऊ

**आजादी** के 75 वर्ष पूरे देश में बनाए जा रहे आजादी का अमृत वर्षा अमृत महोत्सव के तहत पूरे देश में हर घर तिरंगा लगाए जाने का अभियान शुरू हुआ है। इसी क्रम में जायसवाल समाज सेवा समिति द्वारा तिरंगा झंडा वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष कैलाश चंद जायसवाल व नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लालबहादुर जायसवाल ने कहा कि राष्ट्र धर्म सर्वोपरि के तहत हर घर तिरंगा अभियान में जायसवाल समाज कर भाग ले रहा है इस दौरान सभी लोगों से तिरंगा झंडा लगाने के आह्वान के साथ ही अधिक से अधिक तिरंगा झंडा वितरण का भी आह्वान किया गया। इसके तहत झंडा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर श्रीराम जायसवालए सुनील जायसवालए जिलाध्यक्ष लालबहादुर जायसवालए कैलाश चंद जायसवालए मुन्ना जी जायसवालए प्रदीप जायसवालए कन्हैयालाल जायसवालए महेंद्र जायसवालए सुभाष चंद्र जायसवालए सन्तोष जायसवालए अरुण जायसवालए प्रवीण जायसवालए दीपक जायसवालए हिमांशु जायसवालए आशीषए विपुलए कन्हैया जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# तेनुवट के यदुवंश बने दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियन




**सकलडीहाध्चन्दौली ।** गांव में प्रतिभा का अंबार छिपा है। कुछ ऐसा ही चंदौली जनपद के तेनुवट गांव निवासी यदुवंश नारायण यादव 37 वीं दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर राइफल शूटिंग कैटेगरी में प्रथम स्थान पाकर स्टेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों में हर्ष है। दिल्ली के डॉक्टर कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 37 वीं दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर राइफल शूटिंग कैटेगरी प्रतियोगिता हुई । जिसमे तेनुवट गांव के डाण्हरलोकेश यादव के पुत्र यदुवंश नारायण यादव ने कुल 400 अंक में 396अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनके इस सफलता से गांव सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल हैण। वही घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। उनके चाचा वर्तमान में प्रधान राकेश यादव ने बताया कि यदुवंश बहुत ही होनहार और तेजस्वी बच्चा है। इन लोगों को पूर्ण विश्वास है कि यदुवंश भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन

# स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी में महिलाओं को किया गया जागरुक

**मऊ।** सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाली इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने नगर क्षेत्र के ब्रम्हस्थान स्थित कैम्प कार्यालय पर विश्व स्तनपान दिवस पर स्वास्थ्य जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान नवजात शिशुओं एवं महिलाओं को स्तनपान के लिए जागरुक किया गया। साथ ही साथ महिलाओं को सैनेट्री नेपकिनए आयरनए फोलिक एसिड की टेबलेट्स ए दुग्ध वर्धक दवाइयां तथा फल वितरित किया गया। स्वास्थ्य जागरुकता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉण् उषा आर्या ने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को अपने सेहत के प्रति अधिक से अधिक जागरुक रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि स्तनपान कराने से जहां नौनिहाल बच्चों का स्वास्थ्य सही रहता हैए वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का स्वास्थ्य भी काफी बेहतर रहता है। डॉण् कंचन कुमार ने बताया कि आज के स्वास्थ्य जागरुकता गोष्ठी के दौरान दो सौ से अधिक महिलाओं को जागरुक किया गया।

# आजादी का तिरंगा घर लहराने का छात्र छात्राओं ने दोहराया संकल्प



**सकलडीहा चन्दौली ।** यह देश है हमाराए यह झंडा है प्याराए हर झंडे का सम्मान है हमारा । कुछ ऐसी ही सोच के साथ सकलडीहा पीजी कॉलेज प्रशासन व छात्र छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्व व राष्ट्रीय पर्व की तैयारी में जुट गये है। रविवार को सकलडीहा पीजी कॉलेज के छात्रों को प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने तिरंगे का संकल्प दोहराते हुए हर घर झंडा लगाने का आवाहन किया। इस मौके पर तिरंगे की रंगोली और हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि देश की आन बान और अभिमान है तिरंगा। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर हर घर पर झंडा लहराना सबका कर्म और सम्मान है। इस लिये हर नागरिक को राष्ट्र ध्वज के प्रति प्रेरित करे और सेनानियों के परिवार से मिलकर उन्हें सम्मानित करे। इसके पूर्व महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने तिरंगे के रूप में रंगोली और हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन कर जागरूक किया। प्रतियोगिता में भावना द्विवेदीए शिखाए सलोनीए निशाए प्रमिलाए सृष्टि सिंहए रुचि पांडे आदि ने भाग लिया।अंत में हर गांव में डोर टू डोर आजादी का तिरंगा लहराने और आपसी सौहार्द के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर डॉक्टर सलीम राय एडॉक्टर इंद्रदेव सिंहए डॉक्टर शमीम राईनएडॉ विकास जायसवाल एप्रमोद पांडेए डॉक्टर सीता मिश्राए वंदनाए मीनू जायसवाल एडॉ अभय कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला शव




संवाददाता। डाला/सोनभद्र

**स्थानीय** चौकी क्षेत्रांतर्गत लोहिया कुंड जंगल में रविवार कि सुबह एक व्यक्ति का तेंद के पेड़ में लटका हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को नीचे उतारकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि घटना की सूचना मोबाइल के जरिए मिलते ही घटनास्थल पर जाकर देखा कि लोहिया कुंड जंगल में एक व्यक्ति गले में रस्सी बांधकर पेड़ पर लटक रहा था जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। शव की पहचान बाबूलाल बैगा उम्र 35 वर्ष पुत्र सोमनाथ निवासी कजरहट हाल पता लोहिया कुंड के रूप में हुई। बताया गया कि मृतक अपने परिवार के साथ ससुराल में रहता था वह शनिवार कि शाम लगभग सात बजे शौच करने के लिए घर से निकला था जो देर रात तक वापस घर नहीं लौटा रविवार सुबह होते ही परिजन खोजबीन करने लगे लेकिन कंही पता नहीं चला। लगभग दस बजे बच्चों ने बताया की बाबूलाल ने घर एक किलोमीटर जंगल में तेंद के पेंड पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना कि सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी जानकारी मिलते ही मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी, एसआई नवनीत चौरसिया द्वारा शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# रिजर्व बैंक का निर्णय

## रेपो दर में वृद्धि

**भारतीय** रिजर्व बैंक-आरबीआई ने शुक्रवार को रेपो दर में 50 मूल बिंदु-बीपीएस या 5.4 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। पिछले तीन महीने से मुद्रास्फीति के लगातार 7 प्रतिशत के ऊपर बने रहने को देखते हुए यह कदम आश्चर्यजनक नहीं है। शेयर बाजार ने पहले ही इस वृद्धि का अनुमान लगा लिया था, इसलिए सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत या 89 बिंदु बढ़ कर 58,388 पर बंद हुआ। पूरे दिन यह 405 बिंदु के दायरे में चलता रहा। इस वित्त वर्ष में यह ब्याज दरों में लगातार तीसरी वृद्धि है जिससे स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय बैंक आने वाले कुछ समय तक कठोर कदम उठाता रहेगा। वास्तव में हालिया वृद्धि बाजार की उम्मीद से अधिक है। सभी तीन संशोधनों को देखें तो आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने कुल मिला कर रेपो दर में 140 मूल बिंदु की बढ़त जो वैश्विक महामारी-पूर्व दर 5.15 प्रतिशत से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022-23 आगे बढ़ने पर खुदरा मुद्रास्फीति में कमी आएगी। उसने अनुमान लगाया है कि पूरे वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 6.7 प्रतिशत रहेगी जो दूसरी तिमाही में 7.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत तथा अंतिम तिमाही में 5.8 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक 4-6 प्रतिशत मुद्रास्फीति को सहन सीमा के भीतर मानता है। हालांकि, आरबीआई ने रेपो दर में वृद्धि की है, पर उसके अनुसार सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर बनी रहेगी, हालांकि यह अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा अनुमानित 7.4 प्रतिशत से कम है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट का कारण वैश्विक आर्थिक स्थिति को बताया है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन्तता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह 'अत्यधिक उथलपुथल और अनिश्चितता के समुद्र में मैक्रोआर्थिक व वित्तीय स्थायित्व का द्वीप है।' उन्होंने कहा कि यह दो अत्यधिक विपरीत घटनाओं या 'ब्लैक स्वान' के साथ अनेक धक्के झेल चुकी है। ब्लैक स्वान एक ऐसी घटना होती है जिसका एकदम अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। शायद आरबीआई गवर्नर का संकेत कोविड-19 की ओर है जिसमें लाखों लोग मारे गए हैं तथा विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ।



इसी तरह रूस-यूक्रेन युद्ध है। हालांकि, युद्ध अनुमान से परे नहीं होते हैं, पर शायद ही किसी ने पूर्वी यूरोप में युद्ध का अनुमान लगाया हो। मीडिया से बातचीत करते हुए शक्तिकांत दास ने अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति भले ही इस समय बहुत अधिक हो, पर वह अपने शिखर पर पहुंच चुकी है और अब नीचे जाएगी। इसी तरह चालू खाते के घाटे का प्रबंधन कर लिया जाएगा तथा विदेशी मुद्रा भंडार समुचित स्तर पर है। उन्होंने बताया कि कुछ अच्छी चीजें हुई हैं। राजकोषीय स्थिति सुधर रही है। कोरोनावायरस व उससे जुड़े लाकडाउनों के कारण राजकोषीय घाटा 2021-22 में 6.7 प्रतिशत था लेकिन अब स्थिति सुधर रही है और इसके 2022-23 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां या जीएनपीए 6 साल में सबसे निचले 5.9 प्रतिशत स्तर पर आ गया है तथा इसमें और कमी आने की आशा है। स्पष्ट रूप से देश की आर्थिक स्थिति इतनी बुरी नहीं है जितनी कुछ लोग बता रहे हैं। हम निश्चित रूप से श्रीलंका की दिशा में नहीं जा रहे हैं। लेकिन अभी भी मौद्रिक व नीतिगत स्तरों पर बहुत कुछ करने की आवयकता है। आरबीआई को सुनिश्चित करना चाहिए कि मुद्रास्फीति पर जल्द ही लगाम लगाई जाएगी तथा जीएनपीए में भी लगातार गिरावट आती रहेगी। सरकार को यह गति बनाए रखने के लिए आर्थिक सुधारों की गति तेज करनी चाहिए।

# फिलिस्तीन में शांति का भ्रामक सपना

### पश्चिमी दुनिया लगातार इस्राइल की सहायता कर व उसे उकसा कर आक्रामक बनाए रखती है जिससे फिलिस्तीन में स्थाई शांति को नुकसान पहुंचता है।



**के.सी. त्यागी**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सांसद हैं)



सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा अब गठबंधन सरकार चलाने की अनिच्छा के कारण इस्राइल में अभूतपूर्व रूप से तीन साल में पांचवां चुनाव होने जा रहा है। अरब लीग वर्तमान सरकार का हिस्सा है और उसने फिलिस्तीनी धरती पर आक्रामक ढंग से इस्राइल द्वारा बस्तियां बसाने का विरोध करते हुए अपना समर्थन वापस ले लिया है। हालांकि, यह एकमात्र कारण नहीं है, पर महत्वपूर्ण कारण है। नफ्ताली बेनेट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को सत्ता से हटाया था और इस प्रकार उनकी 12 साल से चल रही सत्ता का अंत कर दिया था। दक्षिणपंथी नेता तथा नेतनयाहू के पुराने सहयोगी बेनेट के आठ पार्टियों के गठबंधन में उनकी अपनी नेशनलिस्ट पार्टी के साथ दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी व वामपंथी पार्टियां शामिल थीं। इसमें पहली बार एक अरब-इस्राइली पार्टी भी शामिल हुई थी। इस्राइल की सत्ता में आने से पहले प्रस्तावित बेनेट सरकार स्वयं को परिवर्तन करने वाली सरकार के रूप में पेश कर रही थी, पर अनेक मामलों में उसका दृष्टिकोण नेतनयाहू सरकार के समान था। फिर चाहे पश्चिमी किनारे पर बस्तियों का विस्तार हो या फिलिस्तीनी राज्य का विरोध, नई सरकार बेंजामिन नेतनयाहू के ही रास्ते पर चल रही थी। उम्मीद थी कि अमेरिका और इस्राइल की नई सरकारें गंभीरता से पश्चिम एशिया में जारी संकट से निपटने का प्रयास करेंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिछले सप्ताह इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव पर गठित संरा. आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में जोर दिया गया कि इस्राइल फिलिस्तीनियों की स्वामित्व वाली भूमि पर 'पूर्ण नियंत्रण' चाहता है। 1967 में शुरुआती कब्जे के बाद इस्राइल फिलिस्तीन पर टुकड़े-टुकड़े में कब्जा कर रहा है। आयोग ने यह भी रेखांकित किया कि इस्राइल 'फिलिस्तीनियों के खिलाफ दमनकारी तथा इस्राइली बस्तियों के पक्ष में परिवेश बना कर जनसंख्या संरचना बदलने का काम कर रहा है।'

निश्चित रूप से यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था या 'वाचडाग' की पहली रिपोर्ट नहीं है जिसमें कब्जा किए फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इस्राइली आक्रामकता प्रदर्शित की है। भू-राजनीति समझने का शुरुआती प्रयास करने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि फिलिस्तीन पर कब्जा करने के मिशन पर केवल इस्राइल ही काम नहीं करता है, बल्कि इसकी शक्ति का स्रोत पश्चिम व खासकर अमेरिका में है। दुनिया जानती है कि वाशिंगटन डीसी की नीतियां तेलअबीब की गलियों में बनती हैं जो अमेरिका की यहूदी लॉबी की शक्ति प्रदर्शित करती हैं। कार्पोरेट से लेकर राजनीति व अकादमिया से लेकर सिनेमा तक यहूदी लॉबी का अमेरिका के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रभुत्व है।

सच्चाई यह है कि अमेरिका उन देशों में सबसे पहला है जिन्होंने 1948 में स्थापना के बाद से ही यहूदी राज्य के प्रति समर्थन व परोक्ष समर्थन खुलेआम व्यक्त किया था। इस्राइल को आधिकारिक रूप से मान्यता देने वाले पहले देश के रूप में अमेरिका ने मीना क्षेत्र में अपने हितों को चालाकी से आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही उसने इस दुष्ट देश को सैकड़ों अरब डालर की सहायता दी है तथा उसकी अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान किया है। आज वह इस्राइल के लगभग एक चौथाई आयात व आधे निर्यात का जिम्मेदार है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के दृष्टिकोण की विफलता का एक कारण फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के घोर दमन का समर्थन है। अधिकांश यूरोपीय देशों के इस्राइल से मजबूत संबंध हैं जिन पर अमेरिका निगरानी रखता है। आखिरकार कौन भूल सकता है कि ये कुछ ऐसे देशों में शामिल हैं जिन्होंने स्थापना के बाद कुछ ही महीने में यहूदी राष्ट्र को मान्यता दे दी थी। 'बिग ब्रदर' परिघटना से प्रभावित देश ने बहुत तेजी से अनेक देशों पर एकपक्षीय प्रतिबंध लगाए, जबकि उसने इस्राइल का समर्थन किया जो संयुक्त राष्ट्रसंघ चार्टर तथा परंपरागत अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करता है जो शक्ति के प्रयोग से क्षेत्र पर कब्जा करना अनुचित मानते हैं।

इस्राइल शक्ति प्रयोग कर फिलिस्तीन के मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता है। ओआईसी देशों, खासकर खाड़ी देशों के बीच खाई बढ़ने के साथ इस्राइल की आक्रामकता गंभीर होती जा रही है। सऊदी नीत समूह तथा कतर नीत समूह के बीच टकराव के चलते सऊदी व यूएई इस्राइल के निकट आए हैं। यूएई ने इसी समूह के कुछ देशों के साथ कुछ महीने पहले यहूदी देश के साथ राजनयिक संबंध भी स्थापित किए हैं। ईरान का नाभिकीय कार्यक्रम रोकने के लिए परेशान तथा क्षेत्र में उसका प्रभुत्व बढ़ने से रोकने के लिए मजबूरी में सऊदी अरब को परोक्ष रूप से एक समय अपने दुश्मन रहे इस्राइल से संबंध बनाने पड़े हैं। इसके साथ ही पूरी दुनिया तुर्की और सऊदी अरब के बीच बढ़ती खाई को जानती है जिसके चलते मुस्लिम दुनिया सामूहिक रूप से इस्राइली आक्रामकता का जवाब नहीं दे पा रही है।

अपनी भौगोलिक स्थिति, सैनिक शक्ति तथा खुफिया क्षमताओं के कारण इस्राइल अब सऊदी गठबंधन का सहयोगी बन गया है। न्यूनतम साझा एजेंडे के आधार पर अपने हितों की रक्षा के लिए सऊदी अरब के नेतृत्व वाले देशों ने अब अपनी नजरें फिलिस्तीनी नरसंहार से हटा ली हैं और उन्होंने सच्चाई देखने से बचने वाले कछुए की तरह अपना सिर बालू में गड़ा दिया है। 2021 में इस्राइली हमले के बाद गठित उपरोक्त संरा. आयोग ने टकराव का समाधान करने में विश्व समुदाय के विलम्ब और उसकी सामूहिक विफलता स्पष्ट की है। इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव के संभावित समाधानों में एक तरीका हितों के बजाय पूरी तरह मानवाधिकारों पर आधारित है।

अपने दशकों लंबे राजनीतिक कॅरियर से प्राप्त अनुभवों व व्यक्तिगत प्रेक्षणों के आधार पर मैं विश्वास से कह सकता हूं कि हित-आधारित समाधान कभी टिकाऊ नहीं होते हैं, पर मानव-केन्द्रित समाधान निश्चित रूप से टिकाऊ होते हैं। विश्व समुदाय को फौरन अमेरिका को टकराव में कोई पक्ष बनने या एक पक्ष बनने से रोकना होगा क्योंकि उसने बिना कोई योगदान किए हमेशा आग भड़काने का ही काम किया है। अमेरिका को अपने एक विद्वान वेन डायर का कथन याद रखना चाहिए जिन्होंने कहा था, 'बिना आपकी सहभागिता के टकराव जीवित नहीं रह सकते हैं।' सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से दुनिया को यह तथ्य समझना चाहिए कि नाभिकीय आयुधों वाली दुनिया में किए गए काम समाप्त नहीं किए जा सकते हैं। दुनिया को यहूदी और फिलिस्तीनी जनता के बीच शांति का परिवेश बना कर सर्वोत्तम संतुलन स्थापित करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस्राइल सैनिक कार्रवाइयां बंद करे, युद्धविराम का व्यवहार करे तथा यह वादा करे कि वह बाकी क्षेत्र में घुसपैठ नहीं करेगा। इसके बाद दोनों देशों के बीच शांति वार्तायें शुरू हो सकती हैं जिसमें पक्षकारों के रूप में इच्छुक देशों को शामिल किया जा सकता है।

लेकिन तत्कालीन रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि फिलिस्तीनियों व खासकर गाजा पट्टी में फंसे फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों को सम्मान देते हुए इस्राइल को 'चौथे जेनेवा सम्मेलन' का पालन करने को मजबूर किया जाए। प्रस्तावों के साथ उसे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के 2004 के फैसले का सम्मान करने का वादा करना चाहिए जिसमें कहा गया था कि वह अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में फिलिस्तीनी नागरिकों के अधिकारों का मानवीय व मानवाधिकार कानूनों के अंतर्गत सुरक्षा देगा। कुल मिला कर कहा जाए तो 'वैश्विक उत्तर' को अपने अहंकार से बाहर निकल कर इस्राइल का बचाव व उसे शरण देना बंद करना चाहिए तथा फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उसे सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अधिकारों का उल्लंघन न हो। उत्तर को इस मामले में भी अपनी जवाबदेही तय करनी चाहिए कि यहूदी राष्ट्र अपनी कार्रवाइयों के प्रति जवाबदेह बने। समय आ गया है कि दुनिया अपने आप से सवाल पूछे, क्या उसने फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के लिए समुचित काम किया है? क्या उसने स्थिति से निपटने में अपनी क्षमता व निष्ठा का प्रयोग किया है? आज अपने भीतर झांकने तथा रोनाल्ड रीगन के उस कथन पर विचार का समय आ गया है कि 'शांति का अर्थ टकराव की अनुपस्थिति नहीं है। इसका अर्थ टकराव से शांतिपूर्ण ढंग से निपटने की क्षमता है।'

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण

**पी.के. वासुदेव**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति तथा अनेक कारणों से उसके समक्ष आई कुछ समस्याओं को देखते हुए स्वदेशी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान समयानुकूल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई को एक नौसैनिक संगोष्ठी स्वावलंबन को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय रक्षा अब सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक दायरा है, और सशस्त्र बलों व अन्य हितधारकों को देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। देश के भीतर या विदेश से भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बारे में चेतावनी देते हुए सशस्त्र बलों को दुष्प्रचार अभियान समेत नई चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा।

उन्होंने असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने की वकालत करते हुए कहा कि चुनौतियां अब जमीन, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों को देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। संगोष्ठी का आयोजन नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) द्वारा किया गया था।

सेमिनार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोभाल, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और रक्षा सचिव अजय कुमार शामिल हुए। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता बहुत जायज है लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा व रक्षा मामलों पर भी विपक्षी दलों का समर्थन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी दल अपना राजनीतिक व चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी नीतियों पर भी समझदारी भरा दृष्टिकोण अपनाने के बजाय केवल मोदी सरकार की आलोचना करते हैं। इस प्रकार खराब नेतृत्व वाला विखंडित विपक्ष भी एक प्रकार से देश के लिए एक आपदा बन गया है। विपक्ष का अधिकार और कर्तव्य राजनीतिक रूप से निर्धारित तथा परोक्ष रूप से परिभाषित भी है। अगर वो यह मानता है कि जनहित दांव पर है, तो हर वैध संसदीय माध्यम से सरकार की नीतियों और कार्यों का विरोध करना उसका कर्तव्य और अधिकार है। ऐसा करने में, विपक्ष मतदाताओं को यह समझाने की कोशिश करता है कि उन्हें सरकार की जगह सत्ता में आना चाहिए, लेकिन यह तब तक असंभव है जब तक कि वह राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण नहीं बदलता। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों की छोटी आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भरता गंभीर रणनीतिक चुनौतियां पैदा कर सकती है। नए खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को आगाह करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रूपरेखा व्यापक हो गई है और चुनौतियां अंतरिक्ष, साइबर स्पेस, सामाजिक स्थान और आर्थिक क्षेत्र की ओर बढ़ रही हैं।

हमें भारत के आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ भी अपनी लड़ाई तेज करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा, जैसे जैसे भारत वैश्विक मंच पर खुद को स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे उसके खिलाफ गलत सूचना, दुष्प्रचार और झूठे प्रचार के माध्यम से लगातार हमले हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आस्था रखते हुए भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को, चाहे वह देश में हो या विदेश में, उनके हर प्रयास को विफल करना होगा।

रक्षा राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक है। रक्षा नीति राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों का अभिन्न अंग है। सशस्त्र बलों की भूमिका किसी भी बाहरी या आंतरिक खतरों के खिलाफ प्रतिरोध या युद्ध छेड़कर अस्तित्व और राजनीतिक स्वतंत्रता के बुनियादी मूल्यों को संरक्षित करना है। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए देश में एक नया रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। मोदी ने कहा कि पिछले 4-5 सालों में रक्षा आयात में करीब 21 फीसदी की कमी आई है और देश सबसे बड़े रक्षा आयातक से बड़ा निर्यातक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल 13,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल किया गया था और इसका 70 प्रतिशत से अधिक निजी क्षेत्र से था।

रक्षा अधिग्रहण में लंबे विलंब के बारे में बात करते हुए, मोदी ने कहा कि अतीत में अधिकांश हथियार खरीद कार्यक्रम सवालों का सामना करते रहे और इसके चलते राजनेताओं को गाली देना बहुत आसान हो गया है। देश की गौरवशाली समुद्री परंपरा को याद करते हुए मोदी ने कहा कि आजादी से पहले भी भारत का रक्षा क्षेत्र बहुत मजबूत हुआ करता था। आजादी के समय देश में 18 आयुध कारखाने थे, जहां आर्टिलरी गन समेत कई तरह के सैन्य उपकरण बनाए जाते थे। उन्होंने कहा कि भारत द्वितीय विश्व युद्ध में रक्षा उपकरणों का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता था।

भारत की अर्थव्यवस्था में महासागरों व तटों के महत्व का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना की भूमिका लगातार बढ़ रही है और इसलिए सेना की आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, आज, रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए निर्धारित बजट का एक बड़ा हिस्सा भारतीय कंपनियों से खरीद पर खर्च किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने ऐसी 300 वस्तुओं की सूची तैयार करने के लिए रक्षा बलों को श्रेय भी दिया जिन्हें अब आयात नहीं किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मिशन देश को आत्मानिर्भर बनाना है ताकि रक्षा बजट और कम किया जा सके तथा रक्षा उत्पादन को मजबूत कर सेनाओं द्वारा हथियारों व आयुध प्रणालियों की खरीद का लाभ भारत के घरेलू उद्योग को मिले। हालांकि, तस्वीर का एक आयाम यह भी है कि आर्थिक वैश्वीकरण के युग में देशों के बीच अधिक निर्भरता और उपलब्ध डिजिटल मार्केटिंग व संचार की सुविधाओं के कारण, यह सोचना मुश्किल है कि कोई भी देश अलग-थलग रह सकता है।

एक देश को आत्मनिभर (आत्मनिर्भर) तब कहा जाता है, यदि वह विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए निर्यात के लिए अधिशेष के साथ-साथ अपनी घरेलू जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करता है। एक आत्मनिर्भर देश को इसके लिए आवश्यक प्रत्येक उत्पाद का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि, यह ऐसे अन्य उत्पादों का निर्माण और प्रसंस्करण करना ज्यादा पसंद करेगा जो वह कम लागत पर विशेषज्ञता के साथ कर सकता है और जिसकी मांग विश्व स्तर पर अधिक है। साथ ही, कोई भी देश अनिश्चित काल के लिए ऐसे देशों पर निर्भर नहीं रह सकता जो अपने निम्न गुणवत्ता वाले माल को कीमतें सस्ती कर स्वदेशी बाजार में वर्चस्व स्थापित कर रहे हों और इस प्रकार आयात करने वाले देश के औद्योगिक विकास को नष्ट कर रहे हैं।

## आप की बात

### आजादी का अर्थ

**आजादी** का मतलब देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव है। स्वतंत्रता के साथ सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वतंत्रता का दुरुपयोग न करना है। हम जो सबसे बुनियादी काम कर सकते हैं, वह है अपने नागरिक कर्तव्यों में भागीदार बनना और नागरिक भावना का प्रसार करना। आजादी व्यवस्था के बिना मुमकिन नहीं। दोनों एक साथ ही चलते हैं। अगर आप कहते हैं कि मैं वही करूंगा जो मैं चाहूंगा तो आप अव्यवस्था पैदा करते हैं। आपको दूसरों की इच्छा का भी ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपका दिमाग कुंद होता है। वह अपनी कोशिश, अपनी तेजी खो बैठता है। यह बाहर से थोपा गया अनुशासन आपके दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन अगर आप देखकर, सुनकर, समझकर, दूसरों के बारे में सोचकर खुद को अनुशासित करते हैं तो इससे एक व्यवस्था बनती है। इसी व्यवस्था के साथ आती है आजादी। अगर आप आजाद नहीं हैं तो आप कभी विकसित नहीं हो सकते। आप कभी अच्छे नहीं हो सकते। अगर पक्षी आजाद न हों तो वे उड़ नहीं सकते। बीज अगर आजाद न हो तो वह पेड़ नहीं बन सकता। हर चीज की तरह इंसान को भी आजादी चाहिए, यही आजादी का अर्थ है।

-**आशुतोष वर्मा,** प्रयागराज

### खैरात पर लगाम

**लोकतंत्र** में सत्ता प्राप्त करने के लिये राजनीतिक दलों द्वारा जनता को मुफ्त उपहारों की घोषणा करने पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इसे गम्भीर मसला बताते हुये केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से समिति बनाने को कहा। जो राजनीतिक दलों द्वारा जनता से चुनाव के समय लोक लुभावन वादों को रोकने के लिये उपाय करें। वकील अश्वनी उपाध्याय द्वारा जनहित याचिका में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहारों की घोषणा करने वाले दलों का चुनाव चिन्ह और पंजीकरण को रद्द करने की मांग की गई थी। वही केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता ने इस याचिका का समर्थन करते हुये चुनावो में रेवडियां बांटकर अप्रत्यक्ष रूप से भविष्य के लिये आर्थिक संकट और मतदाताओं को उचित निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करने वाला है। आज समय की मांग है। हर राज्य में घाटा चल रहा है। देश में भी विदेशी कर्जो का बोझ है। ऐसे में लोगों को मुफ्त उपहार बांटकर सत्ता प्राप्त करने के प्रयास पर रोक की आशा आम जनता सुप्रीम कोर्ट से कर रही है। उम्मीद करनी चाहिए कि यह उम्मीद पूरी होगी।

-**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### महंगाई की मार

**बढ़ती** महंगाई आम आदमी के लिए पीड़ादायक है। क्योंकि जिस दर से महंगाई चरम पर है, उस दर से आम जनता की आमदनी नहीं है। आम आदमी महंगाई से पीड़ित व हर तरह से हलकान है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने 5 अगस्त को महंगाई विरोधी आंदोलन किया। इस प्रदर्शन की धार को कुंद करने के लिए, सरकार ने दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया। इसके पहले जब भाजपा विपक्ष में थी, वह भी तो महंगाई, बेरोजगारी व अन्य मुद्दे को लेकर सरकार को विरोध प्रदर्शन के जरिए घेरती थी। सरकार अपना काम करें, विपक्ष को अपना विरोध प्रदर्शन करने दे। विरोध करने वाले अपनी बात प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचाएंगे तो और किसके आगे अपना विरोध करेंगे ! लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है। विरोध प्रदर्शन करने वालों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी प्रकार की अशांति ना फैले ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे । विपक्षी दलों की राज्य सरकारों की भी जिम्मेदारी है कि वे महंगाई रोकने में सहयोग करें।

-**हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**वे** दबाव डाल कर हमें खामोश नहीं कर सकते हैं। मोदी जी व अमित शाह जी लोकतंत्र के खिलाफ काम कर रहे हैं।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**मंकीपाक्स** संक्रमण बढ़ने का खतरा गंभीर है। इससे निपटने के लिए अतिरिक्त समाधान खोजना जरूरी हो गया है।

- **डा. राबर्ट कैलिफ**
अमेरिकी एफएंडडी कमिश्नर





**यह** बंगाली जनता के प्रति विश्वासघात था। कोई बंगाली दिल्ली में कैबिनेट मंत्री क्यों नहीं बन सकता है?

- **बाबुल सुप्रियो**
टीएमसी मंत्री

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 8 अगस्त 2022



# धर्म गुरुओं से आपसी भाईचारा व प्रेम सौहार्द बनाये रखने की अपील

● मण्डलायुक्त ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम में लोगों से बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की

●मण्डलायुक्त एवं एडीजी जोन की अध्यक्षता में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरूओं के साथ हुई बैठक



बैठक करते कमिश्नर विजय विश्वास पंत।

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**मण्डलायुक्त** विजय विश्वास पंत एवं एडीजी जोन प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मोहर्रम कावंड़ यात्रा एवं सावन मास के दृष्टिगत आपसी भाई चारा एवं प्रेम सौहार्द को बनाये रखने के लिए विभिन्न धर्मों के धर्म गुरूओं के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में धर्मों के धर्म गुरूओं से आपसी भाई चारा एवं प्रेम सौहार्द को बनाये रखने के सम्बंध में उनके सुझाव भी मांगे गये। बैठक में सभी धर्म गुरूओं के द्वारा आपसी भाई चारा एवं प्रेम सौहार्द को बनाये रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। सभी ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब हमेशा से कायम रही है और आगे भी कायम रहेगी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने सभी धर्मों के धर्म गुरूओं से आपसी भाईचारा एवं प्रेम सौहार्द बनाये रखने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को बनाये रखना हम सब का दायित्व है। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। कानून व्यवस्था को बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। मण्डलायुक्त ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दे।

उन्होंने कहा कि किसी की स्वतंत्रता वहीं तक होती है। जहां तक उससे किसी दूसरे की स्वतंत्रता बाधित न हो। किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। सभी धर्मों का एक ही उद्देश्य है। लोकहित एवं लोक कल्याण। बैठक में धर्म गुरूओं के द्वारा मार्गों विद्युत तारों साफ सफाई के बारे में अपनी बात रखने पर मण्डलायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में लोगों से बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए कहा है। एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने कहा कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो रहे है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा एवं प्रेम सौहार्द को बनाये रखना हम सब की जिम्मेदारी है। अफवाहों से हमेशा सावधान रहने की जरूरत है। सभी लोगों को सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। छोटी छोटी बातों पर ध्यान न देते हुए आपसी प्रेम सौहार्द एवं भाई.चारा बनाये रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कोई नई परम्परा की शुरूआत न की जाये। कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि जुलूसों में कोई असामाजिक तत्व न शामिल होने पाये। ऐसे लोगो पर निगरानी रखी जाये। आईजी डा राकेश सिंहए जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द को बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर मण्डलायुक्त एडीजी जोनए आईजी जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बैठक में आये हुए सभी धर्म गुरूओं को तिरंगा झण्डा प्रदान किया।

# शिकायती पत्रों को देखते हुए शिकायतों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश

● संपूर्ण समाधान दिवस के उपलक्ष में तहसील कोरांव का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने आज संपूर्ण समाधान दिवस के उपलक्ष में तहसील कोरांव का निरीक्षण किया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त कई शिकायती पत्रों को स्वयं देखते हुए सभी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल आवासीय योजना के अंतर्गत तहसील कोरांव में बनाए जा रहे विद्यालय का निरीक्षण किया तथा वहां किए गए कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। विद्यालय को बनाने में इस्तेमाल की जा रही ईंट कि स्वयं जांच परख करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को अभी तक किए गए सभी कार्यों की एक टेक्निकल जांच करा कर उसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पानी की अधिक समस्या होने के कारण एक और टेक्निकल टीम का गठन कर समस्या के निराकरण हेतु क्या उपाय किए जा सकते हैं। उस पर काम करने के भी कहा है। इसके अतिरिक्त कंस्ट्रक्शन एजेंसी द्वारा साइट पर मानक के सापेक्ष कम लेबर लगाए जाने पर उनके बिल से कटौती करने के निर्देश दिए तथा कंस्ट्रक्शन एजेंसी द्वारा कम लेबर लगाए जाने के बावजूद भी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसलटेंसी द्वारा लापरवाही दिखाई जाने पर खासी नाराजगी व्यक्त की। मंडल आयुक्त को अवगत कराए जाने पर कि सभी कार्य दिसंबर 2022 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। अनिवार्य रूप से मासिक लक्ष्य तय करते हुए सारे कार्यों को उस लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने के निर्देश दिए। मासिक लक्ष्य की प्रगति रिपोर्ट उनके समक्ष हर माह प्रस्तुत की जाएगी।

## चाणक्य परिषद पांच स्थानों पर मनाएगा 11 को श्रावणी उपाकर्म



**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की संपन्न बैठक अनंत शिखर गेस्ट हाउस साकेतपुरी देवकाली अयोध्या में आगामी 11 अगस्त को जिले भर में सूर्य कुंड दर्शन नगर डेमवा घाट सोहावल हनुमान मंदिर खपराडीह पराशर ऋ षि आश्रम पौसरा मया नंदीग्राम भरतकुंड सहित पांच स्थानों पर श्रावणी उपाकर्म व स्नान धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए एक संयोजक समिति का गठन किया गया। जिसमें दुर्गा प्रसाद तिवारी ऑफ्न संयोजक राम भरत पांडे लखन धर त्रिपाठी सहसंयोजक सदस्य शिवाकांत तिवारी उमाशंकर तिवारी देवी प्रसाद दुबे अरुण कुमार मिश्र को नामित किया गया है। परिषद की बैठक में तीन बिंदुओं पर लड़ाई लड़ने के लिए परिषद के लोगों से तैयार रहने की अपील की गई है। जिसमें आरक्षण आर्थिक आधार पर सवर्ण आयोग का गठन देश में समान नागरिक संहिता लागू होने के लिए आंदोलन चलाये जाने पर सहमति बनी जिसके लिए पूरे देश के सभी ब्राह्मण संगठनों को आगामी 7 व 8 और 9 अक्टूबर को अयोध्या में एक साथ बैठकर सामूहिक निर्णय लेकर लड़ाई लड़ने पर व सर्वसम्मति से श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट और अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के द्वारा एक कार्यालय का निर्माण अयोध्या में समय से कराने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी आफ्न संचालन राम भरत पांडे ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी और विशिष्ट अतिथि श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर आर डी पाण्डेय रहे। बैठक में परिषद को मजबूती देने के लिए और ब्राह्मण समाज के लोगों के उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर मदद करने का आवाहन किया गया। बैठक में बैघ आर पी पांडे राष्ट्रपति से पुरस्कृत दो पूर्व प्राचार्य डॉक्टर शिवकुमार मिश्र एवं डॉक्टर राम तेज पांडे भानु प्रताप मिश्र, राम सुरेंद्र मिश्रा तारुन अध्यक्ष, पवन पांडे भावापुर, गोपाल तिवारी सहित भारी संख्या में ब्राह्मण मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन का विरोध करने वाले पर मुकदमें में फंसाने की धमकी

**जाना बाजार।** धर्म परिवर्तन का विरोध करने वाले युवा शक्ति संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फर्जी मुकदमे में फंसाने वाद जान से मरवा देने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत हैदरगंज थाना सहित जिलाधिकारी अयोध्या व एसएसपी अयोध्या से संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया है। रविवार को जिला अधिकारी अयोध्या और एसएसपी अयोध्या को शिकायती पत्र देते हुए। हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार में चल रहे युवा शक्ति संगठन के अनुभव सिंह उर्फ विक्रम सिंह पुत्र विनोद सिंह व आशुतोष तिवारी पुत्र जगन नारायण तिवारी मनदीप तिवारी पुत्र दद्दन तिवारी ने बताया है कि इनके द्वारा लगातार सामाजिक कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी के तहत इंति गांव में चोरी.छिपे वर्षों से चल रहे जादू टोना व धन का लालच देकर धर्मांतरण कराए जाने की शिकायत हैदर गंज थाने पर किया गया था। जिसके चलते धर्म परिवर्तन कराने वाले के पुत्र मनीष कुमार द्वारा आजमगढ़, जौनपुर, प्रतापगढ़ सहित जगहों के अज्ञात साथियों के साथ उन्हें धमकी दिया गया। समझौता न करने पर एससी एसटी एक्ट व छेड़छाड़ सहित जान से हाथ धो बैठने की धमकी दी गई है। जिसकी शिकायत हैदर गंज थाने में किया गया। परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। युवाओं ने अपने व परिवार के सदस्यों के जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाया है।

## युवक की आत्महत्या प्रकरण में आया नया मोड़

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के कस्बा कुमारगंज स्थित रामनगर मंडी में मकान बनाकर रह रहे 35 वर्षीय युवक के आत्महत्या प्रकरण में नया मोड़ आ गया है मामले में युवक के पिता ने अपनी पुत्र वधू व उसके पिताए बहन सहित 5 लोगों के विरुद्ध मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने और आत्महत्या के लिए विवश किए जाने का आरोप लगाते हुए घटना में प्राथमिकी कायम की जाने की तहरीर दी है। बताते चलें कि कुमारगंज थाना क्षेत्र के पारा धमथुवा गांव निवासी सूर्य बक्स मिश्रा ने कुमारगंज पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनका बेटा दीनानाथ मिश्रा अपनी पत्नी शिव कुमारी एवं 11 वर्षीय बेटी उमा के साथ कुमारगंज बाजार स्थित रामनगर मंडी में मकान बनाकर विगत डेढ़ वर्ष से परिवार सहित रह रहा था। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी शिव कुमारी उनके बेटे दीनानाथ से आए दिन छोटी.छोटी बातों को लेकर लड़ती झगड़ती रहती थी। इससे भी जब उसका जी नहीं भरता थाए तब वह अपनी बड़ी बहन राजकुमारी और अपने पिता अंबिका तिवारी तथा अपनी बहन के बेटे गुड्डू और अपने भतीजे मोनू तिवारी को भी अपने घर बुला लेती थी। उपरोक्त लोगों ने कई बार उनके बेटे के साथ हाथापाई भी की थी। यह बात उनका बेटा दीना नाथ उनसे कई बार बता भी चुका था। उपरोक्त लोगों ने मेरे बेटे को मानसिक तौर पर इतना प्रताड़ित किया कि वह आत्महत्या के लिए विवश हो गया और बीते 17/18 जुलाई की सुबह 6.30 बजे अबोध बालिका उमा ने उन्हें मोबाइल फोन पर सूचना दी थी। जिसके बाद वह समूचे परिवार सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पहले से ही उपरोक्त लोग मौजूद भी मिले थे। वह अपने बेटे का क्रिया कर्म सहित अन्य संस्कार संपन्न कराने के उपरांत शिकायती पत्र दे रहा है। दूसरी ओर थानाध्यक्ष कुमारगंज विवेक कुमार सिंह ने किसी भी प्रकार की तहरीर मिलने से इनकार किया है। जबकि पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र को थानाध्यक्ष ने चौकी प्रभारी एनडीए संतोष कुमार मौर्य को जांच पड़ताल के लिए सौंप दिया है।

# आयुष वाटिका में लगेगा कल्पवृक्ष का पौधा

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**स्वतंत्रता सप्ताह** (11-17 अगस्त) के दौरान स्थापित की जाने वाली आयुष वाटिका -विकासभवन) की तैयारी कराते हुए आर बी यादव डिप्टी कमिश्नर। यह वाटिका जिलाधिकारी के इस निर्देश के तहत लगाई जा रही है जिसके द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को अपनी अपनी योजनाओं में कोई प्रेरणादायक कार्य करने का निर्देश दिया गया था इस वाटीका में 24 क्यारियां बनाई जाएंगी। जिसमें जनपद अंबेडकर नगर में मिलने वाले सभी औषधीय पौधे, जड़ी बूटियां तथा मसाले के पौधे लगाए जाएंगे।

केंद्र में कल्पवृक्ष का पौधा जिलाधिकारी द्वारा 15 अगस्त को रोपा जाएगा। इसमें पांच प्रकार की तुलसी ज्वरां कुश, अजूबा, छुईमुई, हडजोड, घृतकुमारी, अपराजिता, सेहुंड़, गिलोय, श्वेतार्क, तेजपत्ता, मिक्समशाला, पुदीना, ईलाइची, निर्गुन्डी, सदाबहार, शमी, रूद्राक्ष, चंदन, हल्दी अदरक, अजवाइन, मेहदी, कपूर नागदोन, स्नेकप्लांट, नीबू आम्बाहल्दी, ढाक, पुदीना, मैंथा, कनैल, गुडहल आदि औषधीय, मशाले, धार्मिक पौधे रोपे जाएंगे। इस वाटिका की स्थापना में कोई सरकारी धनराशि वह नहीं की जाएगी बल्कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रोफेशनल तथा डिप्टी कमिश्नर द्वारा श्रम और सहयोग से पूरा किया जाएगा विकासखंड अकबरपुर के कुछ कर्मचारियों से भी सहयोग दिया जा रहा है इस प्रकार यह वाटिका संभवत मंडल में ऐसी वाटिका होगी जहां पर इतनी अधिक प्रजाति के मूल्यवान पौधे एक जगह उपलब्ध होंगे।

## कलाकारों ने धूमधाम से आयोजित किया कार्यक्रम

**प्रयागराज।** दुनिया भर के लोग हर साल अगस्त के पहले रविवार को बड़े उत्साह के साथ फ्रेंडशिप डे मनाते हैं। यह दिवस रविवार को भी धूमधाम से मनाया गया। इस साल भी इस खास दिन से पहले मीत की आशी सिंह मिठाई के आशीष भारद्वाज कुमकुम भाग्य की अपर्णा मिश्रा और काशीबाई बाजीराव बल्लाळ की रिया शर्मा जैसे जी टीवी के कलाकारों ने इस दिन से जुड़ीं अपनी सबसे खास यादें साझा कीं। मीत में मीत का रोल निभा रहीं आशी सिंह बताती हैं इन दिनों अच्छी दोस्ती को संभाले रखने के लिए इसका बहुत ख्याल रखना पड़ता है। मिठाई में सिद्धार्थ का रोल निभा रहे आशीष भारद्वाज कहते हैं फ्रेंडशिप डे उन दिनों की याद दिलाता है। कुमकुम भाग्य में शहाना का रोल निभा रहीं अपर्णा मिश्रा कहती हैं दोस्त वो होते हैं जो आपकी सुरक्षा के लिए सब कुछ करते हैं।

# कृषकों को जोत के अनुसार मशीन पर अंगूठा लगाकर ही मिलेगी यूरिया

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में खरीफ 2022 हेतु 31 अगस्त 2022 तक प्रमुख उर्वरकों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं वितरण के प्रस्तावित प्लान के अनुसार यूरिया उर्वरक के लक्ष्य 46545 मी0टन के सापेक्ष 4054 मी0टन की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा चुकी है। जिसमें दिनांक 06.08.2022 तक 27740 मी0टन यूरिया का वितरण कराया जा चुका है। वर्तमान में जनपद में 15439 मी0टन यूरिया स्टाक उपलब्ध है। जिसमें सहकारी बिकी केन्द्रो पर 401 मी0टन (लगभग 8910 बैग) तथा निजी क्षेत्र में 15038 मी0टन (लगभग 334144 बैग) यूरिया उपलब्ध है। पी0सी0एफ0 बफर में 2875 मी0टन (लगभग 63882 बैग) यूरिया उर्वरक उपलब्ध है। इस प्रकार जनपद में यूरिया उर्वरक की माह में उपलब्धता 18314 मी0टन है। दिनांक 06.08.2022 को जनपद अयोध्या रैक प्वाइंट पर इफ्को की रैक प्लेस हो रही है। जिसमें जनपद अम्बेडकरनगर को 21 बैगन (लगभग 1300 मी0टन) का आवंटन प्राप्त है। जिसके प्राप्त होने पर माह अगस्त के अन्त तक यूरिया वितरण के लक्ष्य (46545 मी0टन) के सापेक्ष 101.17 प्रतिशत (47354 मी0टन) उपलब्धता हो जायेगी। जिसका उठान कर सीधे आवश्यकतानुरुप समितियो पर भेजा जायेगा। जनपद में अन्य प्रमुख उर्वरको की भी उपलब्धता आवश्यकतानुरुप सुनिश्चित करायी जा रही है। अगस्त में इसके अतिरिक्त इफ्को की 4000 मी.टन यूरिया एवं निजी क्षेत्र में 8250 मी0टन यूरिया और जनपद को मिलना प्रस्तावित है। अत: जनपद में यूरिया उर्वरक की कोई कमी नहीं है। सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में उर्वरक आपूर्ति एवं उपलब्धता की निरन्तर गहन समीक्षा की जा रही है एवं गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सघन छापेमारी अभियान भी जनपद में संचालित है। जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं, सचिव, साधन सहकारी समितियां को निर्देशित किया जाता है कि कृषकों को उनकी जोत के अनुसार पीओएस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ही उर्वरक वितरण सुनिश्चत करेंगे। उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यूरिया के साथ किसी अन्य उत्पाद यथा- जिंक, सल्फर आदि की टैगिंग कर बिकी कदापि न की जाय। जिन कृषकों को उर्वरक वितरण किया जा रहा है विक्रेताओं द्वारा उन कृषकों का नाम पता व मोबाइल नं0 उर्वरक वितरण पंजिका में अवश्य अंकन किया जाय। निर्देशों का अनुपालन न होने अथवा किसी अन्य अनियमितता के पाये जाने पर सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## प्रधान से मांगी रंगदारी दिया तहरीर

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** प्रधान से गांव में हुए विकास कार्यों के बजट का दस प्रतिशत रंगदारी की मांग करते हुए दंबगो ने रंगदारी न मिलने पर प्रधान की हत्या करने की धमकी दी है। भयभीत प्रधान ने अलीगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हिथूरी का है। हिथूरी गांव के दलित प्रधान सुरजन पुत्र राम दुलार ने अलीगंज पुलिस को दिये गये तहरीर में बताया है कि वह चुनाव जीतने के बाद से गांव के दंबग राजन सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह और बच्चाराम वर्मा पुत्र राम सुदीन गांव में कराये जा रहे विकास कार्यों के बजट का दस प्रतिशत रंगदारी की मांग करते आ रहे हैं। रंगदारी देने से मना करने पर गांव में हुए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की दर्जनों शिकायत की जो जांच में निराधार साबित हुई। बीते 5 अगस्त की सुबह 7 बजे जब टहलते हुए गांव के राम सुमेर के ट्यूबवेल के पास ही था कि दोनों विपक्षी पास आकर गाली देते हुए गिरेबान पकड़ लिया और धमकी देते हुए कहा कि गांव में जितना भी विकास कार्य हुआ है। उनके बजट का दस प्रतिशत कमीशन दे दो नहीं तो तुम्हारी हत्या करवा देगें। गांव के कई लोग मौके पर आकर बीच बचाव कराया। धमकी से भयभीत प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अलीगंज राम नरेश वर्मा ने बताया कि तहरीर प्रधान ने दी है।

## क्विक न्यूज

### हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने की तैयारी

**प्रयागराज।** आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने मंडल सेक्टर एवं बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों को तिरंगा झंडा वितरित किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि जिला मंडल बूथ एवं सेक्टर स्तर के सभी पदाधिकारी 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने क्षेत्र के सभी घरों में तिरंगा लगाने का कार्य करेंगे और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा दस अगस्त से मंडल स्तर पर बाइक रैली एवं प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बताया कि महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा तिरंगा झंडा युद्ध स्तर पर बनाया जा रहा है। जिससे कि घरों में तिरंगा लगाया जा सके और महानगर का दो लाख तिरंगा लगाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी राजू पाठक गिरजेश मिश्रा विजय श्रीवास्तव मनोज कुमार कुशवाहा श्याम चंद्र हेला मयंक यादव धीरेंद्र ओझा एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने राजरूपपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी राजरूपपुर मंडल द्वारा राजरूपपुर क्षेत्र में भाजपाइयों ने आज तिरंगा जन जागरण यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने जनमानस को संदेश देते हुए कहा कि नौ अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक विजई विश्व तिरंगा प्यारा को घर घर में लहरा कर देश का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा करें और जन जन को जगाना है घर घर राष्ट्रीय ध्वज लगाना है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर ढोल नगाड़े के साथ लोगों से तिरंगा लगाने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम के उपाध्यक्ष पार्षद अखिलेश सिंह पार्षद मिथिलेश सिंह मंडल अध्यक्ष कौशिकी सिंह राजेश केसरवानी आरती एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।


तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई।


### आयोजित हुआ समारोह, महिलाओं ने लिया हिस्सा

**प्रयागराज।** हर रोज हो रहे कार्यक्रमों को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न ने कुछ ऐसी बेमिसाल मांओं को सामने लाया। जिनकी डांसिंग स्किल्स ने यंग डांसर्स को भी मात दे दी थी और इन सीज़न को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद अब जी टीवी ने हाल ही में अपने पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लांच किया। हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किए जा रहे नए सीज़न में रेमो डिसूज़ा भाग्यश्री दस्सानी और उर्मिला मातोंडकर जैसे जजों का एक शानदार पैनल है। असल में इस एक्ट ने भाग्यश्री को अपनी फिल्म मैंने प्यार किया के को स्टार सलमान खान की याद दिला दी और इस बॉलीवुड सुपर स्टार के साथ उनके शूटिंग के दिनों की यादें ताजा कर दीं। उससे हमारे देश की महिलाएं हर वक्त गुजरती हैं।

### प्रतियोगियों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**प्रयागराज।** सबसे टॉप बारह प्रतियोगियों ने हर हफ्ते अपनी मनमोहक कला से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया है। डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न्स ने कुछ ऐसी बेमिसाल मांओं को सामने लाया। जिनकी डांसिंग स्किल्स ने यंग डांसर्स को भी मात दे दी थी और इन सीज़न्स को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद अब ज़ी टीवी ने हाल ही में अपने पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लांच किया है। हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किए जा रहे नए सीज़न में रेमो डिसूज़ा भाग्यश्री दस्सानी और उर्मिला मातोंडकर जैसे जजों का शानदार पैनल है। जो इन टैलेंटेड मॉम्स के सफर के दौरान उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं और उनके डांस के सपनों को पूरा करने में उनका साथ दे रहे हैं। इतना ही नहीं उर्मिला ने जान्हवी से अपने अनोखे रिश्ते के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा भी किया।

# डा. लोहिया की विचारधारा से अभिसिंचित थे रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी



**अम्बेडकरनगर।** समाजवादी राजनीति के जनक डॉ. राम मनोहर लोहिया की वैचारिकता से सिंचित यहाँ की धरती पर (6 मार्च 1934) को पैदा हुए रवीन्द्र नाथ तिवारी का न रह जाना कम से कम उनलोगों को अक्सर अखरता रहता है जो राजनीति में सत्याग्रह शब्द के मायनों से वाकिफ हैं। इस जिले के ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के उनलोगों को भी स्व. तिवारी की बहुत याद आती है, जो प्रदेश की विधानसभा में होने वाली चर्चाओं और कार्यवाहियों में दिलचस्पी लेते आये हैं। जीवन पर्यंत कुजात सत्याग्रही वाला राजनैतिक चरित्र उनकी अनूठी विशिष्टता रही है, इसी विशिष्टता की बुनियाद पर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति वाले सम्बल के सहारे तिवारी हर क्षेत्र के उन बड़े बड़ों से टकराते जरा भी नहीं हिचकते थे,जिनके नाम ओहदे या शोहरत के आगे सामान्यत: लोग घुटने टेक दिया करते थे या फिर नूराकुश्ती करते थे। (इंगित करो आन्दोलन, अपराधियों का राजनीतिकरण व राजनीति के अपराधीकरण के विरोध में आन्दोलन) कर अपराध और अपराधियों, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ अनवरत संघर्षरत रहे तिवारी की कमी मौजूदा दौर में इसलिए भी खास अखरन भरी हो गयी है कि अब इन सवालों पर कोरी बयानबाजी और लफ्फाजी से आगे बढ़कर कोई भी कुछ करने को तैयार नही है। मौजूदा समय मे प्रदेश में आई अपराधों की बेतहाशा बाढ़ और इससे आम जनता में बने माहौल के बीच प्रदेश सरकार और उसके मंत्रियों पर उठ रहे उंगलियों के बावजूद मुखर विरोध का सजग प्रहरी न होना तिवारी की याद तो दिलाता ही है। 80 व 90 के दशक वाली विस की कार्यवाही इस बात की गवाह है तत्समय में प्रदेश स्तरीय गुंडे माफियाओं से लेकर जिला स्तरीय खराब शोहरत वालों के खिलाफ तिवारी ने बार बार आवाज उठाई। तत्समय प्रदेश की राजधानी से लेकर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीणांचलों में हुई सभाएं नज़ीर है कि शारीरिक रूप से अस्वस्थ, सुरक्षा नाम की चीज़ न होते हुए भी वह अपराधियों व भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कैसे दहाड़ा करते थे। भय नाम की चीज़ उनके इर्दगिर्द नही थी। मात्र दो या तीन पार्टीजनों के साथ या अकेले भ्रमण करते रहने के बावजूद वह बड़े बड़ों से टकराया करते थे। दलीय राजनीतिक प्रतिबद्धता को भी वह वैचारिकता की ही सीमा भर मानते थे। अपराध व अपराधियों के खिलाफसार्वजनिक रूप से व विधानसभा में अपनी बात कहा करते थे।

1977 से कटेहरी विधानसभा क्षेत्र की नुमाइंदगी करने के नाते उन्हें जहाँ भी जैसे भी मौका मिलता वह इस क्षेत्र की समस्या उठाते जरूर थे। जिले के बाहर भी सभा मे बोलते थे तो कटेहरी का ज़िक्र जरूर करते थे। टाण्डा विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामसभा भारीडीहा में 6 मार्च 1934 को साधारण से कृषक परिवार में राम अवतार तिवारी के पुत्र के रूप में जन्मे तिवारी में समाए राजनीतिक गुण उम्र के साथ विकसित होते चले गए। साकेत महाविद्यालय फैज़ाबाद छात्र संघ अध्यक्ष और बाद में डीएवी कालेज ऑफ लॉ, कानपुर के छात्रसंघ अध्यक्ष बने तिवारी कालांतर में डॉ. राम मनोहर लोहिया और आचार्य नरेन्द्रदेव से प्रभावित होकर तत्समय की समाजवादी राजनीति में हिस्सेदारी शुरू कर धीरे धीरे सक्रिय होते चले गए।

तत्समय की प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से वह जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते रहे लेकिन पार्टीगत पूँजी और तत्समय के कांग्रेसी नेता के आगे उनका प्रयास विफल रहा। 1977 में जनता पार्टी बनने के बाद वह कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े व जीते। 1985 में भी इसी क्षेत्र की नुमाइंदगी की। 1989 में भी वह इसी क्षेत्र से जीते और तत्समय की मुलायम सिंह यादव की मुख्यमंत्रित्व वाली सरकार में प्रदेश के खाद्य व रसद मंत्री बने। पूर्व वह विधानसभा में उपनेता विरोधी दल, प्राक्कलन समिति, याचिका समिति समेत कई समितियों में शामिल रहे। दलीय स्तर पर प्रदेशयीय ओहदेदारी से लेकर राष्ट्रीय समिति तक मे रहने का उन्हें मौका मिला। पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के वह बहुत करीबी साथियों में रहे। कटेहरी में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों की बड़ी सूची है जिसमें मिझौड़ा का पुल, मड़हा नदी पर बना बसोहरी का पुल, गोशाईगंज-भीटी मार्ग पर मड़हा नदी पर पुल, नारायणपुर घाट का पुल, बाला पैकौली व श्रवण क्षेत्र में लकड़ी का पुल, शेरवाघाट पर पीपे का पुल,, गोशाई गंज से शेरवाघाट, मया से महबूबगंज, वन्दनपुर से अशरफपुर बरवां, महरुआ से भीटी, जैसे कई मार्गों को पिच करवाया।कटेहरी क्षेत्र में सिंचाई के लिए उन्होंने इंडोडच स्कीम लागू करवायी जिससे क्षेत्र में सैकड़ों राजकीय नलकूप लगे, बिजली समस्या के लिए कटेहरी उपक्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र स्वीकृत करवाया। कटेहरी क्षेत्र में कई राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पशु सेवा उपकेंद्र, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नसीरपुर में डिस्पेंसरी, गोसाईंगंज में महिला चिकित्सालय की स्थापना करवायी और मिझौडा, भीटी, महरुआ, अमसिन, महबूबगंज से परिवहन निगम की बसों का संचालन करवाया। कटेहरी के विकास कार्यों को लेकर उनके द्वारा लिखी हुई चिट्ठी को नज़रअंदाज़ कर पाना जिले या प्रदेश के आला हाकिमों के लिए भी टेढ़ी खीर हुआ करता था। शारीरिक लाचारी व अतिसीमित संख्या वाले सहयोगियों के साथ चलने वाली स्थिति तथा सरकारी अंगरक्षक न लेकर भी तिवारी बड़े से बड़े अधिकारी, अपराधी और यहाँ तक कि न्यायपालिका तक के खिलाफ एक नहीं दर्जनों बार मोर्चा खोला। निर्भीक राजनीतिज्ञ, संसदीय मर्मज्ञ,तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र कटेहरी की समस्या को हर क्षण हर मौके पर याद रखना उनकी पहचान बन गयी थी। रवीन्द्र नाथ तिवारी के साथ ही समाजवादी राजनीति की पहचान, सत्याग्रही आचरण, राजनीतिज्ञों में इच्छाशक्ति भी इस जिले से उठ गई। समाजवादी शब्द सुविधावादी में तब्दील हो गया, सत्याग्रह समझौता में तथा इच्छा शक्ति के मायने बदल गए।

# लहरपुर के अचकैनपुर टप्पा में पकड़ी गई संदिग्ध महिला

- ग्रामीणों का दावा कि महिला एक बच्ची के अपहरण का कर रही थी प्रयास
- बच्ची के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को पकड़ा
- बिहार की बताई जा रही ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई संदिग्ध महिला

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** लहरपुर कोतवाली इलाके में बच्चों का अपहरण करने वाले गैंग की सक्रियता की चर्चाओं के बीच एक संदिग्ध महिला को ग्रामीणों ने पकड़ा है। ग्रामीणों का दावा है कि महिला एक बच्ची के अपहरण का प्रयास कर रही थी। महिला को ग्रामीणों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। लहरपुर पुलिस के मुताबिक महिला मानसिक तौर से अस्वस्थ है। दरअसल, लहरपुर कोतवाली इलाके में इन दिनों बच्चा चोर गैंग सक्रिय होने की अफ्वाहें और चर्चाएं आम हैं। लिहाजा इलाके में दहशत का माहौल है। इसी बीच शनिवार की शाम अचकैनपुर टप्पा गांव में एक संदिग्ध महिला पहुंची। ग्रामीणों के मुताबिक महिला गांव के दुलारे की आठ वर्षीया बेटी को खाने की चीजें दिखाकर अपने साथ ले जाना चाहती थी। वीर बाबा के स्थान पर बच्ची के खेलते समय महिला ने जब पहुंचकर उसे साथ ले जाने का प्रयास किया तो बच्ची ने शोर मचाया। बताते हैं कि शोर सुनकर ग्रामीणों को आते देख महिला गन्ने के खेत में घुस गई। ग्रामीणों ने घेरकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम ऊषा निवासी बक्सर बिहार होना बताया है। महिला को पकड़ने वाले उमेश राही, मनोज राही, धनंजय राही, रामसेवक भार्गव, लल्ला भार्गव, संतोष भार्गव ने बताया महिला के पास चिप्स, सेब, अनार, समोसा इत्यादि खाने पीने की वस्तुएं बरामद हुई हैं। ग्रामीणों ने महिला को पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में जांच व कार्रवाई को लेकर ग्रामीण उमेश राही ने लहरपुर पुलिस को तहरीर दी है। लहरपुर के कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह के मुताबिक महिला मानसिक विक्षिप्त है। मामले की जांच की जा रही है।

# महोली में रक्तदान शिविर में 40 यूनिट हुआ रक्तदान

- आरके एक्स-रे अल्ट्रासाउंड बेबी एंड मदर केयर सेंटर में लगा शिविर
- आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत किया गया आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**राज्य रक्त** संचरण परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत सीतापुर के महोली नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आरके एक्स-रे अल्ट्रासाउंड बेबी एंड मदर केयर सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन संजीवन संस्था के प्रमुख आकाश बजरंगी के नेतृत्व में किया गया। डॉक्टर राजीव गुप्ता तथा आलोक मिश्रा के संयोजन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में नगर व आसपास क्षेत्र के 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान डॉ राजीव गुप्ता ने शिविर में आए हुए लोगों में रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। डॉ प्रेम शंकर गुप्ता, संतोष सिंह, मनोज मिश्रा, महेश गुप्ता, मिंटू, दीपू, सुधाकर गुप्ता, अजय गुप्ता आदि रक्तदान कर महादानी बने। संजीवन संस्था के प्रमुख आकाश बजरंग ने शिविर के आयोजन को लेकर जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### मोतीलाल महावर की स्मृति में हुआ पौधरोपण

**सीतापुर।** सीतापुर के प्रमुख व्यवसायी व समाजसेवी रहे रामकृपा सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मोतीलाल महावर की स्मृति में राम कृपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल महावर ने संस्थाजनों के साथ मिलकर रविवार को शहर के लोहारबाग स्थित शहीदे आजम भगत सिंह पार्क में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये गये। इस मौके पर महामंत्री कमल महावर, कोषाध्यक्ष राजाराम जिंदल, प्रमोद गुप्ता, मनोज, प्रह्लाद महावर, लोकेश गुप्ता, सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### उर्दू पत्रकारिता महोत्सव 20 को

**सीतापुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अल्लामा फजले हक खैराबादी के शहीदी दिवस पर उर्दू पत्रकारिता महोत्सव का आयोजन बज्मे उर्दू सीतापुर के तत्वाधान में 20 अगस्त को होटल अप्पल में किया जाएगा। अल्लमा फजले हक खैराबादी एक पत्रकार भी थे। वहीं नादिम सीतापुरी का नाम उर्दू पत्रकारिता के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाता है। कार्यक्रम संयोजक खुश्तर रहमान खाँ ने बताया कि उर्दू पत्रकारिता की शुरूआत सन 1810 में सीतापुर के शेख मोल्वी इकराम अली ने ‘‘उर्दू अखबार‘‘ प्रकाशित कर की थी, जोकि उस समय फोर्ट विलियम कालेज कल्कत्ता में शिक्षक थे। उर्दू पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम शेख मोल्वी इकराम अली को समर्पित होगा और इसे बढ़ावा देने को एतिहासिक बनाने के लिये अपने जमाने के नामवर पत्रकार अल्लमा फजले हक खैराबादी, रियाज खैराबादी और नादिम सीतापुरी को याद किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए कहानीकार व आल इण्डिया रेडियो के उद्घोषक रहे प्रतुल जोशी, प्रोफेसर सिराज अजमली, प्रोफेसर उमैर मन्जर और लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार रिजवान फारूकी ने शिरकत के लिये अपनी मंजूरी दे दी है।

### इनर व्हील क्लब ने आयोजित किया जागरूकता कैम्प

**सीतापुर।** इनर व्हील क्लब बिसवां उड़ान की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरा मे किशोरी बच्चियों और महिलाओं के मध्य जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे ग्रामीणों क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओ और लड़कियों नें सहभागिता की। महिलाओं को दवाएं व किशोरी लड़कियों को सेनेटरी पैड दिए गए। इनर व्हील क्लब बिसवां की संस्थापक व जिले की संयोजक रेनू मेहरोत्रा नें कहा ग्रामीण क्षेत्र मे हमारी बहनें अधिकतर एनीमिया का शिकार होती है, जिसके चलते वो अन्य बीमारियों की जकड़ मे आ जाती है। इसके लिए सजकता जरुरी है। उन्होंने कहा महवारी के दिनों मे गंदे कपडे का प्रयोग न करें, बच्चियों को सेनेटरी पैड ही इस्तेमाल करना चाहिए। सभी महिलाओ को तिरंगा झंडा भी दिया और अपने घरों पर लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वादा फाउंडेशन की कमरून निशां, वंदना वर्मा, मीनाक्षी तिवारी, शबनम अफरोज, अंशू माला, राधा प्रजापति, सीमा रस्तोगी, अलका शर्मा, अंनूश्री वर्मा, संगीता, केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. यशवीर सिंह यादव, हरीशंकर गुप्ता आदि मौजूद थे।

### इंडियन रोटी बैंक का 283 वां सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न

**सीतापुर।** इंडियन रोटी बैंक सीतापुर का 283 वां सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक सीतापुर के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर का कार्यक्रम की शुरुआत बड़े हनुमान मंदिर, बाबा जंगली नाथ मंदिर व बस स्टैंड पर भूखे लोगों को भोजन पैकेट वितरण करके किया। इस मौके पर इंडियन रोटी बैंक सीतापुर जिला कोर्डिनेटर पंकज शुक्ला, अंजनी मिश्रा, आकाश मिश्र, अभिषेक मिश्रा, शगुफ्ता जहरा, विशाल मेहरोत्रा, तबस्सुम जहरा, सुनीता वर्मा, चन्द्रवती, नीरज पांडेय, त्रिलोक नाथ धवन, आशुतोष शर्मा, आशीष शुक्ला आदि मौजूद थे।

### सनातन ब्राम्हण समाज की नियमित मासिक बैठक सम्पन्न

**सीतापुर।** सनातन ब्राम्हण समाज की नियमित मासिक बैठक संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय के रोटी गोदाम स्थित आवास पर हुई। मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक नगर के समाजसेवी और अखिल भारतवर्षीय श्रीरामचरित मानस समिति के अध्यक्ष विश्वम्भर तिवारी रहे। बैठक में सबसे पहले भगवान परशुराम की पूजा और जयघोष तथा सभी आगन्तुकों का रोली अक्षत से तिलक वंदन किया गया। फिर ब्राह्मण समाज और समस्त हिन्दू समाज को विभिन्न कुरीतियों और बुरी आदतों से बचकर सदाचारी, परस्पर समादरी व सहयोगी समाज की मजबूती पर जोर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने का आवाहन भी किया गया। इस मौके पर जिलामंत्री अजय मिश्र, रामप्रकाश पांडेय, आकाश मिश्र, दिनेश मिश्रा, अश्वनी मिश्र, बृजेन्द्र बिहारी त्रिवेदी, अजय मिश्रा, कृष्णबिहारी अवस्थी, अम्बरीष त्रिवेदी, केके मिश्र, अभिषेक मिश्र, संदीप मिश्र, प्रमोद पांडेय, सालिगराम शुक्ल, अम्बरीष त्रिवेदी और दुर्गेश शुक्ल आदि मौजूद थे।

# मेढ़ के विवाद में मारपीट एक की मौत कई घायल

**गोंडा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव ठड़क्कीपट्टी के मजरा ठाकुर दीन पुरवा से जुड़ा है। जहां के निवासी अरुण मिश्रा व दिवाकर मिश्रा दोनों सगे भाई हैं। तथा पेशे से होमगार्ड है। रविवार की सुबह खेत में पिलर लगाने को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई की मौत हो गई है। जबकि छोटे भाई का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। मृतक के बेटे हिमांशु मिश्रा ने बताया कि हम लोगों ने मेड के नीचे बहुत पहले पिलर लगाया था। दूसरे पक्ष ने उस मेड को जोत लिया। फिर भोले नाम के युवक उसके बगल पिलर लगाने लगे। उसके मुताबिक जब उसके पापा ने मना करते हुए कहा कि जहां पर मेड़ थी वहां पर पिलर लगाएं। तो उसने कहा कि अभी घर के जिम्मेदार लोग जब आएंगे तब उनसे बात बताइएगा। उसने कहा कि उस समय हमारे पिताजी व चाचा वापस लौट आए। कुछ देर बाद जब दोबारा बाद में पूछने गए कि क्या हुआ। तो वह लोग पहले से ही भाला बल्लम फरसा लाठी से लैस थे। पहुंचते ही मरने लगे जिससे मेरे पिता अरुण मिश्रा 52 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चाचा दिवाकर मिश्रा 49 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इतना कहने के बाद वह फूट-फूट कर रोने लगा। होमगार्ड की मौत पर अस्पताल पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि दोनों लोग देहात कोतवाली से रात में ड्यूटी करके घर जा रहे थे। तो रास्ते में किसी ने बताया कि तुम्हारे खेत में नकछेद तिवारी ने पिलर लगा दिया है। वहां पर जब यह लोग पहुंचे और पिलर गाड़ने का कारण पूछा तो वे लोग पूरे परिवार से थे। दोनों भाइयों को मारा पीटा जिसमें अरुण की मौत हो गई है। जबकि दिवाकर का इलाज चल रहा है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संयुक्त गन्ना आयुक्त ने गन्ना विकास कार्यों का लिया जायजा



गन्ने के प्लाट का स्थलीय निरीक्षण करते संयुक्त गन्ना आयुक्त विश्वेश कनौजिया।

संवाददाता। गोंडा

**अपर मुख्य** सचिव संजय आर भूसरेड्डी के निर्देशन में देवीपाटन मंडल के नोडल अधिकारी व संयुक्त गन्ना आयुक्त विश्वेश कनौजिया ने देवीपाटन मंडल में गन्ना विकास कार्यों, गन्ना सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन, चीनी मिल के द्वारा की जा रही मरम्मत कार्यों की समीक्षा किया। यह जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी ओ0पी0 सिंह ने बताया कि संयुक्त गन्ना आयुक्त द्वारा मैजापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम कस्तूरी में उपस्थित कृषकों के सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही कृषकों को नवीन प्रजातियों की बुवाई एवं वैज्ञानिक विधि से गन्ने की खेती करके अधिक पैदावार प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दिया। साथ ही पेडी प्रबंधन यंत्र के माध्यम से खेती करके अच्छी पैदावार लेने के लिए कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सहकारी गन्ना विकास समिति के हिस्सा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। क्षेत्र के ग्राम कमालपुर एवं कोड़हा जगदीशपुर के अंतर्गत पेड़ी प्रबंधन यंत्र द्वारा तैयार किए गए द्वितीय पेड़ी के प्लाट एवं गड्ढा विधि द्वारा तैयार किए गए प्रजाति को0 0118 एवं को0 15023 के प्लाटों का भी उन्होंने अवलोकन किया। इस मौके पर चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पी0के0 चर्तुवेदी ने किसानों को पेड़ी प्रबंधन यंत्र का प्रयोग करके द्वितीय पेडी रखने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी बहराइच, मैजापुर गन्ना विकास परिषद के सीनियर सीडीआई, समिति के सचिव तथा मैजापुर चीनी मिल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एडी हेल्थ ने किया सीएचसी मितौली सहित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर और पीएचसी का निरीक्षण



**मितौली-खीरी।** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डा. जीएस बाजपेई द्वारा रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर फतेहपुर का व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमहरा में चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का भी निरीक्षण किया।

जानकारी देते हुए सीएचसी अधीक्षक डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि एडी हेल्थ मेजर डा. जीएस बाजपेई और एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां उनके द्वारा सर्वप्रथम प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे महा अभियान की जमीनी हकीकत जानी गई। उन्होंने एमरजेंसी सहित एफआरयू यूनिट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके बाद वे हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर फतेहपुर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे अभियान का निरीक्षण किया और बांटी जा रही दवाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमारा में चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों से बात कर मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और दवाओं सहित अन्य सेवाओं पर संतुष्टि जाहिर की है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार यादव जिला लेखा प्रबंधक सतपाल सिंह अधीक्षक डा. देवेंद्र कुमार सिंह डा. शोएब अख्तर डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार फार्मासिस्ट आशीष कुमार शर्मा ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तय्यब सिद्दीकी बीसीपीएम रोहित पाल आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिम्मत ही ऐसी दे गया सजदा हुसैन का

- सब्र और इंसानियत का नाम है हुसैन
- मोहर्रम की 9 और 10 अकीदत की तारीख
- सिया-सुन्नी अपने तरीके से मनाते हैं गम

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**आज** 9 मोहर्रम की रात हुसैनी लश्कर के लिए बहुत ही मुश्किल भरी रात के रुप मे मनायी जाती है। इस रात इमाम हुसैन ने पूरी रात इबादत में काटी। अपने नाना से बचपन में किया गया वादा निभाने का समय आ गया था। सुबह दसवीं मोहर्रम थी। इमाम हुसैन को मालूम था कि एक-एक करके अपने भाई, भतीजों, भांजे व बेटों के साथ अपने अजीज दोस्तों की शहादत के बाद उनके शव उठाने है। आखिर में खुदा की राह में अपनी कुर्बानी पेश करनी है। हुसैन कभी अपनी बहन के खेमे में जाते कभी अपने भतीजों और कभी अपने अहबानो के खैमे, इसीलिऐ नौ मोहर्रम की रात कत्ल की रात भी कही जाती। पूरी रात अकीदत मद लोग इबादत करते है, तीन दिन के क्या आप से प्यासे इमाम हुसैन ने एक दिन मे 72 लाशे उठाईएकुदरत ने भी खून के आसू बहाऐ। हद तो तब हो गयी कि जब इमाम हुसैन नमाज पढने सजदे मे गये तो यजीदी फौज से शहीद किया। इसीलिऐ ऐ तारीख बहुत ही गम की तारीखो मे गिनी जातीण्है। दसवी मोहर्रम को ताजिया दफ्न करने के बाद कुछ खाते पीते हैत्र इमाम हुसैन ने जहाँ सर कटवा कर पूरी दुनिया मे एक सदेश दिया और आज लोग इमाम हुसैन का चर्चा करते है। वही यजीद जग जीतकर हार गया। शिया और सुन्नी सभी मिलकर इमाम हुसैन के गम को अपने अपने तरीके से मनाते है और दिल खोलकर इमाम हुसैन का लगर करते है। इसीलिए सब्र, इसानियत का नाम हुसैन।

# परिषदीय विद्यालय रामपुर फुलैया को मिला बेस्ट स्कूल आफ द वीक का खिताब



**लखीमपुर-खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में बच्चे स्वयं को निजी विद्यालय के बच्चों से कमतर न समझें। इसके लिए कई शिक्षक मेहनत और समर्पण के साथ परिषदीय विद्यालयों का स्तर उठाने में लगे हैं। बांकेगंज ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलैया की सूरत अन्य विद्यालयों से काफी जुदा है। यह किसी भी मामले में कॉन्वेंट स्कूलों से कमतर नहीं है। यहां न सिर्फ किताबों का ज्ञान कराया जाता है बल्कि संस्कारों की शिक्षा के साथ अनुशासन का पाठ भी बखूबी पढ़ाया जाता है।

नित नए प्रयोगों के लिए पहचान बना चुके इस विद्यालय के बच्चे काफी प्रतिभावान है। लगातार नए प्रयोगों से अपना लोहा मनवाने वाले इस विद्यालय को अब उसकी खूबियों के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शुरू अनूठी पहल के तहत प्रशासन ने बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक के लिए चयनित किया। आशीष की नियुक्ति वर्ष 2015 में सहायक अध्यापक के पद पर प्राथमिक विद्यालय रामपुर फुलैया में हुई थी। वर्ष 2015 में विद्यालय की स्थिति एक आम सरकारी विद्यालय की तरह ही थी। बच्चों की अनियमित उपस्थिति, साधारण भौतिक परिवेश, विद्यालय में अनुशासन की कमी आदि कई समस्याएं मौजूद थीं। पूर्व प्रधानाध्यापक अरविंद शर्मा ने विद्यालय को बेहतर बनाने का प्रयास और स्कूल को कायकल्पित किया। उसी विरासत को आशीष श्रीवास्तव वर्तमान इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने सहायक स्टाफ विकास वर्मा व शिक्षा मित्र रीना के साथ मिलकर सात वर्षों में पूरे परिवेश को बदलकर रख दिया।

# जिला महिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं को देखकर नाराज हुए एडी हेल्थ

- सात दिनों में व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ द्वारा रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में प्रिकॉशन डोज को लेकर चलाए जा रहे महा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता और जिला महिला चिकित्सालय सीएमएस डा. ज्योति मेहरोत्रा उपस्थित रही। इसके बाद उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां पर अवस्थाओं को देखकर वे बेहद नाराज हुए। अस्पताल में चारों ओर बेहद गंदगी थी, आवारा पशु अस्पताल में खुलेआम घूम रहे थे। जेएसवाई के पेमेंट की स्थिति खराब थी। उन्होंने सात दिनों के भीतर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश सीएमएस डा. ज्योति मेहरोत्रा को दिए हैं। वहीं जेएसवाई के पेमेंट को लेकर डीपीएम अनिल कुमार यादव और डैम सतपाल सिंह को निर्देश दिए हैं। जिसके बाद वे जिला चिकित्सालय पुरुष के पुराने भवन में लगाए गए वैक्सीन कैंप का निरीक्षण करने भी पहुंचे।जानकारी देते हुए एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले भर के 96 सेंटरों में प्रिकॉशन डोज को लेकर रविवार को अभियान चलाया गया है। जिसका स्थलीय निरीक्षण करने अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डा. जीएस बाजपाई पहुंचे। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय में लगाए गए वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ किया, उसके बाद जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वहां पर कई आवारा पशु घूमते हुए दिखाई दिए। चारों तरफगंदगी दिखाई दी। सफाई की बेहद कमी थी। जिसे देखकर उन्होंने खासी नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने जेएसवाई के पेमेंट का निरीक्षण किया जो सिर्फ 52 प्रतिशत था जो कि बेहद कम था। इसे लेकर डीपीएम और डैम को इसे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिलीवरी के एक घंटे के बाद ही माता को बच्चे का स्तनपान कराने को कहेंए यह बच्चे के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। बायोमैट्रिकल वेस्ट कोई व्यवस्था नहीं है जो बेहद खराब स्थिति है। साथ ही उन्होंने हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा पर कार्य पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल मैनेजर अपना कार्य इमानदारी से नहीं कर रही हैं। ऐसे में विभागीय कार्यवाई लिए तैयार रहें। एसएनसीयू वार्ड पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों की देखरेख को लेकर तैनात स्टाफ को निर्देश दिया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित मरीजों से जिला महिला चिकित्सालय द्वारा मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर जच्चा.बच्चा को जिला महिला चिकित्सालय में समस्त सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं। वहीं टीकाकरण को लेकर भी वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाता है। सामान्य टीकाकरण को लेकर सोमवार से शनिवार तक 9 से 5 वर्ष के बच्चों का नियमित टीकाकरण भी किया जाता है। जरूरी है कि सभी अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण कराते रहें। जिससे वह 14 से अधिक बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सात दिनों का समय दिया है। जिसके बाद वे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे और अगर व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो इसे लेकर विभागीय कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### पालिका अध्यक्ष ने किया अभियान का शुभारंभ

**मोहम्मदी-खीरी।** कोविड-19 के तहत मुफ्त प्रिकॉशन डोज अभियान की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी पर नगर पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर की। 18 वर्ष से ऊपर आयु के लोग वैक्सीन की दोनों डोज लगने के 6 माह बाद लगने का प्रावधान है। अभियान के अंतर्गत कुल 37 केंद्र संचालित है जिन पर कुल 3100 टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान अधीक्षक डा. मयंक मिश्रा, डा. सुशील शुक्ला, डा. मोहित वीर सिंह, प्रेम वर्मा, डा. सत्यनाम धीमान (लैब टेक्नीशियन) सहित अन्य उपस्थित लोग रहे।

# अवैध तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**मैलानी-खीरी।** अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा गोला क्षेत्राधिकारी गोला आर के सिह के निर्देश पर शातिर अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मैलानी थाना प्रभारी निरिक्षक राम लखन पटेल के मार्ग दर्शन में उप निरिक्षक राहुल कुमार व आरक्षी रोबिन सिंह ने संदिग्ध दिखाई देने वाले व्यक्ति सुलेमान पुत्र उस्मान खान ग्राम कम्पनी बाग नगर जिला बस्ती को बीती देर रात को हंसपुर मार्ग पर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक नाजायज अवैध देशी तमंचा मय जीवित कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने उपरोक्त अभियुक्त को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर करके न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरिक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि यदि समय रहते ऐसे अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार नही कर पाती तो यह अभियुक्त किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था।

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार 15 अगस्त से पहले

## उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मिलेगा गृह विभाग

**भाषा।** नई दिल्ली



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 15 अगस्त से पहले कम से कम 15 मंत्रियों को शामिल कर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के महत्वपूर्ण गृह विभाग संभालने की उम्मीद है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के मुद्दे पर सुनवाई के कारण राज्य में निकाय चुनाव में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत से स्पष्टीकरण मिलने के बाद अक्टूबर में होने की संभावना है।

शिवसेना में बगावत के कारण उद्धव ठाकरे के इस्तीफे के बाद शिंदे और फडणवीस ने क्रमश: 30 जून को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। दोनों तब से दो सदस्ईय मंत्रिमंडल के रूप में काम कर रहे हैं, जिसकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित विपक्षी दलों के कई नेताओं ने आलोचना की है। फडणवीस ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा, अजित पवार विपक्ष के नेता हैं। वह ऐसी बातें कहते रहेंगे। अजित दादा आसानी से भूल जाते हैं कि जब वह सरकार में थे तो पहले 32 दिनों में सिर्फ पांच मंत्री थे।

फडणवीस ने पत्रकारों द्वारा बार-बार पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, आपकी सोच से पहले महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। सूत्रों ने कहा कि यह कवायद 15 अगस्त से पहले होगी। शनिवार को मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मंत्रिपरिषद के विस्तार में देरी के कारण राज्य सरकार का कामकाज किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हुआ है और जल्द ही और मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, सरकार का काम किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हुआ है। निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई है। मैं और उपमुख्यमंत्री निर्णय ले रहे हैं और सरकार के कामकाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

फडणवीस ने कहा कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए 16 ऐसे संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करके एक मिशन शुरू किया है, जहां विपक्षी दल लगातार जीतते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें शिवसेना के उन नेताओं के निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं जो अब शिंदे खेमे में शामिल हो गए हैं। फडणवीस ने कहा, चूंकि शिवसेना और भाजपा गठबंधन के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, इसलिए भाजपा इन निर्वाचन क्षेत्रों से मौजूदा लोकसभा सदस्यों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी।

# श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आने के कारण जम्मू से अमरनाथ यात्रा निलंबित

**जम्मू।** श्रद्धालुओं की संख्या में भारी कमी आने के कारण रविवार को दूसरे दिन यहां भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा निलंबित रही। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में बुड्ढा अमरनाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए 378 यात्रियों का नया जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 43 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा दो मार्गों से 30 जून को शुरू हुई थी और इसे रक्षा बंधन पर श्रावण पूर्णिमा के दिन 11 अगस्त को खत्म होना है। पर्याप्त श्रद्धालु न आने के कारण जम्मू से अमरनाथ यात्रा निलंबित है...हम यात्रा खत्म होने से पहले संभवत: एक और जत्था भेज सकते हैं, लेकिन यह श्रद्धालुओं की संख्या पर निर्भर करेगा। भगवती नगर आधार शिविर पिछले कुछ दिनों से वीरान है, जिसके कारण सामुदायिक रसोई के संचालकों ने वहां से अपना काम समेट लिया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो अगस्त को श्रद्धालुओं से खराब मौसम तथा बारिश की भविष्यवाणी के मद्देनजर पांच अगस्त से पहले गुफा मंदिर के दर्शन करने की अपील की थी। इस बीच, 11 दिवसीय बुड्ढा अमरनाथ तीर्थयात्रा पुंछ में श्री दशनामी अखाड़ा से छड़ी मुबारक के रवाना होने के साथ ही आठ अगस्त को खत्म होनी है। रविवार सुबह भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए श्रद्धालुओं के नए जत्थे में 90 महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रा सुचारू रूप से चल रही है और अभी तक हजारों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।



**भुवनेश्वर में मानसून सत्र के दौरान खेतों में धान की रोपाई करती हुई महिलाएं व ऊपर से निकलता हुआ वायुयान।**

# एलएसी पर निगरानी के लिए बहु-भूमिका से लैस ड्रोन विकसित कर रहा एचएएल

**भाषा।** नई दिल्ली

**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)** कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित बहु-भूमिका वाला उन्नत ड्रोन विकसित करने पर काम कर रहा है, जो लंबे समय तक संचालन में सक्षम होगा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि इस ड्रोन का उपयोग चीन के साथ लगती सीमाओं सहित अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रणनीतिक अभियानों के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोटरी-विंग ड्रोन में मिसाइल और सेंसर सहित 40 किलोग्राम भार ले जाने की क्षमता होगी और इसे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे पहाड़ी क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए सशस्त्र बलों की आवश्यकता के मद्देनजर विकसित किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि एचएएल ने अगले साल के मध्य तक मानव रहित विमान (यूएवी) की पहली परीक्षण-उड़ान आयोजित करने का लक्ष्य रखा है और परियोजना के पहले चरण में 60 ऐसे ड्रोन का उत्पादन करने की योजना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय चलने में सक्षम ड्रोन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस होंगे और सशस्त्र बल आवश्यक आपूर्ति के परिवहन सहित अन्य उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर पाएंगे।

एक सूत्र ने कहा, ड्रोन को इस तरह से विकसित किया जा रहा है कि यह सेंसर, मिसाइल और कई अन्य हथियारों सहित महत्वपूर्ण सैन्य उपकरणों को ले जा सकता है। इसके अलावा, एचएएल एक महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत इजरायली हेरॉन टीपी ड्रोन के उत्पादन की संभावना भी तलाश रहा है, जिसमें

ड्रोन निर्माता कंपनी का सहयोग लिया जाएगा। सूत्र ने कहा, इस परियोजना का उद्देश्य हमारे सशस्त्र बलों के साथ-साथ वैश्विक आपूर्ति की आवश्यकता को संबोधित करना है।

मध्यम ऊंचाई वाले हेरॉन ड्रोन 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगभग 45 घंटे तक संचालन करने में सक्षम हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एचएएल, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ दो अलग-अलग ड्रोन परियोजनाओं पर भी काम कर रहा है। सेना अगले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में ड्रोन हासिल करने की योजना बना रही है ताकि उनकी निगरानी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके, विशेष रूप से एलएसी और हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी गतिविधियों की निगरानी के मद्देनजर इस कदम को काफी अहम माना जा रहा है।

# संसद निष्क्रिय हो गई है लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संसद निष्क्रिय हो गई है। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि संस्थानों को नियंत्रित, कमजोर किया जा रहा है या उन पर कब्जा कर लिया गया है और देश में लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू सत्र चालू रहने के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब किए जाने से विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को बचाने में असफल रहे। चिदंबरम ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उन टिप्पणियों को खारिज किया जिनमें उन्होंने बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन को राम मंदिर की नींव रखे जाने के दिन से जोड़ा था।

उन्होंने कहा कि जब प्रदर्शन की तारीख तय की गई, उस समय शिलान्यास की वर्षगांठ की बात तो दिमाग में दूर-दूर तक नहीं थी। चिदंबरम ने कहा कि यह तारीख इस बात को ध्यान में रखकर तय की गई थी कि शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान होने के कारण दिल्ली में सभी सांसद मौजूद होंगे। उन्होंने कहा कि तर्क को तोड़ने-मरोड़ने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी पर भी दोषारोपण कर सकता है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, पांच अगस्त, 2019 को ही जम्मू-कश्मीर को अवैध रूप से विभाजित किया गया था। शाह ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बढ़ोतरी के मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा काले कपड़े पहनकर किए गए प्रदर्शन को पार्टी की तुष्टीकरण की नीति बताया था और कहा था कि उसने पांच अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर की आधारशिला रखे जाने का विरोध करने के लिए यह प्रदर्शन किया।

# भाजपा ने बलात्कार कानून से जुड़े मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान की आलोचना की

**जयपुर।** भाजपा ने रविवार को बलात्कार कानून को लेकर दिए गए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान की आलोचना की और आरोप लगाया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री राज्य में मासूम बच्चियों के खिलाफ अत्याचार की बढ़ती घटनाओं को रोकने में अपनी सरकार की विफलतों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। शेखावत ने कहा, अशोक गहलोत का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले तीन साल में राजस्थान मासूम बच्चियों पर अत्याचार का केंद्र बना हुआ है। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विवादित बयान देकर मुद्दे को तूल दिया जा रहा है। राजस्थान विस में प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि फांसी की सजा के प्रावधान से बलात्कार के बाद हत्या की घटनाओं के बढ़ने को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, जो गृह विभाग के मुखिया भी हैं, बेतुके बयान देकर राज्य में बढ़ते बलात्कार के मामलों में अपनी सरकार की नाकामी से बच नहीं सकते है।

गहलोत ने शुक्रवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महंगाई, अग्निवीर योजना, भ्रष्टाचार, लोकतंत्र, बेरोजगारी और अपराध जैसे विभिन्न मुद्दो पर बात की थी। निर्भया कांड के बाद बलात्कार के दोषियों के लिए फांसी का नया कानून आ गया, जिसके कारण बलात्कार बाद होने वाली हत्या की घटनाओं में इजाफा हुआ है। बलात्कार करने वाला, अब देखता है कि यह तो कल मेरे खिलाफ गवाह बन जाएगी और बच्चियों की हत्या कर देता है। पूरे देश में यह एक खतरनाक रुझान दिख रहा है, जैसी की रिपोर्ट आ रही है। पिछली भाजपा सरकार में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपियों को मौत की सजा का प्रावधान करने का कानून बनाया गया था। दुर्भाग्य से मासूम बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं पर लगाम लगाने में नामाक रहने वाले मुख्यमंत्री अब फांसी की सजा के प्रावधान का विरोध कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा, अगर आपमें इस कानून के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव लाने की हिम्मत है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में प्रतिदिन 16 बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन गहलोत ने कहा कि बलात्कार के 48 प्रतिशत मामले झूठे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार इस तरह की बयानबाजी कर बलात्कारियों का मनोबल तोड़ने की बजाय, उनका मनोबल बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी शशिकांत शर्मा ने कहा कि उन्होंने (गहलोत) ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ते अपराधों पर बयान दिया था, जिसे भाजपा के आईटी सेल ने विकृत तरीके से पेश किया है। गहलोत का एक वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए जयपुर में उनके एक अन्य ओएसडी

# लंपी त्वचा रोग : पंजाब सरकार ने 66,000 से अधिक टीके खरीदे

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब सरकार** ने राज्य में मवेशियों में लंपी त्वचा रोग के प्रसार की रोकथाम के लिए हैदराबाद से बकरी के चेचक के टीके की 66,000 से अधिक खुराकें खरीदी हैं। पंजाब के पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने रविवार को कहा कि यह टीके स्वस्थ पशुओं को निशुल्क लगाए जाएंगे। लंपी त्वचा रोग कैप्रीपोक्स वायरस के कारण होता है, जो गायों और भैंसों को संक्रमित करता है। संक्रमण के चलते जानवर का वजन घटने लगता है और दूध की मात्रा कम होने के साथ-साथ बुखार और मुंह में घाव हो सकते हैं। कुछ मामलों में इसके कारण रोगग्रस्त पशुओं की मौत भी हो जाती है।

पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह इस बीमारी के प्रकोप की चपेट में हैं। शनिवार तक के आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में पिछले एक महीने में लंपी त्वचा रोग के कारण 400 से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है और लगभग 20,000 संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें ज्यादातर गाय हैं।

भुल्लर ने रविवार को खेमकरन निर्वाचन क्षेत्र के कुछ डेयरी फार्म का दौरा करने के बाद कहा कि विशेष रूप से हैदराबाद से मंगवाए गए बकरी के चेचक के टीके राज्य के सभी जिलों में भेजे गए हैं और डॉक्टरों ने इनकी खुराक देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार इस बीमारी के प्रसार की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। मंत्री ने कहा कि उनके विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार विभागों के संपर्क में हैं कि टीके की खुराक की कोई कमी नहीं हो।



**मैसूर में दसारा उत्सव के लिए पारंपरिक परिधान में सजे हुए हाथी।**

# सिख एवं हिंदू रात में चैन से नहीं सो पाते थे: अफगान सिख महिला

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में पिछले साल तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से दो बच्चों की मां मनप्रीत कौर ने काबुल स्थित अपने घर से शायद ही कभी बाहर कदम रखा और उनके बच्चों को बाहर की दुनिया के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। कौर और उनके परिवार की दुनिया तीन अगस्त को उस समय बदल गई, जब वे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), इंडियन वर्ल्ड फोरम और केंद्र सरकार की मदद से 28 अफगान सिखों के एक समूह के साथ भारत पहुंचीं। कौर ने तालिबान के शासन में अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा, अल्पसंख्यक होने के कारण निशाना बनाए जाने का लगातार खतरा बना रहता था। काबुल में सिख एवं हिंदू परिवार रात में चैन से नहीं सो पाते थे। उपासना स्थल सुरक्षित नहीं हैं। गुरुद्वारा करता-ए-परवान पर 18 जून को आतंकवादियों ने हमला किया।

उन्होंने कहा, हमें अपने घर से बाहर निकलने से पहले 10 बार सोचना पड़ता था। हमारे बच्चों के घर से बाहर निकलने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। यदि हमें बाहर निकलना होता था, तो हमें अपने चेहरों को ढकना होता था। उन्होंने दावा किया कि अफगानिस्तान में अधिकतर अल्पसंख्यकों की शिक्षा तक कोई पहुंच नहीं थी क्योंकि बच्चों को स्कूल भेजने का अर्थ था, उनके जीवन को खतरे में डालना।

कौर ने कहा, यदि कोई बच्चा किसी शैक्षणिक संस्थान में जाता है, तो उसे वहां परेशान किया जाता है। जो लोग पढ़ना चाहते हैं, उनमें से अधिकतर भारत आ जाते थे। अफगानिस्तान से तीन अगस्त को भारत पहुंचे एक अन्य सिख तरणजीत सिंह का तीन वर्षीय बेटा हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों तक पहुंचने में दिक्कत होने के कारण उनके बेटे को काबुल में उचित उपचार नहीं मिल पाया।

# जलवायु परिवर्तन से मौसम के लिए पूर्वानुमान लगाना मुश्किल: आईएमडी महानिदेशक

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन ने मौसम संबंधी गंभीर घटनाओं की सटीक भविष्यवाणी करने की पूर्वानुमान एजेंसियों की क्षमता को प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि दुनियाभर की मौसम एजेंसियां अपने निगरानीअवलोकन नेटवर्क और मौसम पूर्वानुमान मॉडल में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। महापात्रा ने यह भी कहा कि हालांकि, देश में मानसूनी बारिश का कोई स्पष्ट रुझान देखने को नहीं मिला है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा के मामले बढ़े हैं, जबकि हल्की बारिश की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। भारत में मानसून पर जलवायु परविर्तन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारे पास 1901 से लेकर अब तक का मानसूनी बारिश का डेटा उपलब्ध है। इसके तहत उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश में कमी, जबकि पश्चिम में कुछ क्षेत्रों, मसलन पश्चिमी राजस्थान में वर्षा में वृद्धि की बात सामने आती है। महापात्रा ने कहा, पूरे देश पर गौर करें तो मानसूनी बारिश का कोई स्पष्ट रुझान नजर नहीं आता। मानसून अनियमित है और इसमें व्यापक स्तर पर उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं।

केंद्र सरकार ने 27 जुलाई को संसद को बताया था कि उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मेघालय और नगालैंड में बीते 30 वर्षों (1989 से 2018 तक) में दक्षिण-पश्चिमी मानसून से होने वाली बारिश में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। इन पांच राज्यों और अरुणाचल प्रदेश व हिमाचल प्रदेश में वार्षिक औसत बारिश में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। महापात्रा ने कहा कि हालांकि, 1970 से लेकर अब तक के बारिश के दैनिक डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में भारी वर्षा के दिनों में वृद्धि हुई है, जबकि हल्की या मध्यम स्तर की बारिश के दिनों में कमी आई है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, इसका मतलब है कि अगर बारिश नहीं हो रही है तो यह एकदम नहीं हो रही है। और अगर बारिश हो रही है तो बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है। कम दबाव वाला क्षेत्र बनने पर बारिश अधिक तीव्र होती है। यह भारत सहित उष्णकटिबंधीय बेल्ट में देखे जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण रुझानों में से एक है। अध्ययनों ने साबित किया है कि भारी बारिश की घटनाओं में वृद्धि और हल्की वर्षा के दिनों में कमी जलवायु परिवर्तन का नतीजा है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ने समझाया कि जलवायु परिवर्तन ने सतह पर बहने वाली हवाओं के तापमान में वृद्धि की है, जिससे



वाष्पीकरण दर में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि, गर्म हवा में अधिक नमी होती है, लिहाजा यह तीव्र बारिश का कारण बनती है।

जलवायु परिवर्तन ने वायुमंडल में अस्थिरता बढ़ा दी है, जिससे संवहनी गतिविधियों, मसलन बादल गरजने, बिजली कड़कने और भारी बारिश होने के मामलों में वृद्धि हुई है। अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता भी बढ़ती जा रही है। चरम मौसम घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि पूर्वानुमानकर्ताओं के लिए चुनौती पेश कर रही है। अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा की भविष्यवाणी करने की क्षमता प्रभावित हुई है। महापात्रा के मुताबिक, आईएमडी राडार, स्वचालित मौसम केंद्रों, वर्षा गेज और उपग्रहों की संख्या में वृद्धि के जरिए अपने अवलोकनानिगरानी नेटवर्क को मजबूत कर रहा है, ताकि पूर्वानुमान लगाने की उसकी क्षमता में सुधार आ सके।

उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में भारत मौसम विज्ञान विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अवलोकनानिगरानी नेटवर्क, मौसम मॉडल और कंप्यूटिंग प्रणाली में विस्तार के कारण चरम मौसम घटनाओं, मसलन चक्रवात, भारी बारिश, तूफान, लू, शीतलहर और कोहरे को लेकर सटीक अनुमान लगाने की आईएमडी की क्षमता में 30 से 40 प्रतिशत का सुधार हुआ है। महापात्रा ने बताया कि आईआईटीएम और एनसीएमआरडब्ल्यूएफ जैसे सहयोगी संगठन वायुमंडल, जबकि आईएनसीओआईएस महासागरों की स्थिति का मॉडल तैयार करते हैं, जिससे आईएमडी के पूर्वानुमान में सुधार आता है। उन्होंने कहा, हमने उत्तर-पश्चिमी हिमालय में छह राडार तैनात किए हैं और चार अन्य राडार इस साल के अंत तक लगाए जाएंगे। पूर्वोत्तर हिमालई क्षेत्र में आठ राडार की तैनाती के लिए खरीद प्रक्रिया जारी है। आईएमडी प्रमुख ने कहा, देश के बाकी हिस्सों में कुछ गैप एरिया (बिना राडार वाले इलाके) हैं, जिनमें 11 राडार तैनात किए जाएंगे। राडार की संख्या वर्तमान में 34 से बढ़कर 2025 तक 67 हो जाएगी।

# विपक्ष में उभरे मतभेद, कांग्रेस-टीएमसी में घमासान तेज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है लेकिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच जुबानी जंग शुरू होने के साथ विपक्षी दलों में कड़वाहट बढ़ती दिख रही है। इन चुनावों में विपक्षी दलों के उम्मीदवारों की हार अपेक्षित थी, लेकिन कई लोगों को तब हैरानी हुई जब विपक्ष के बीच राजनीतिक मतभेद उजागर हो गया। विश्लेषकों का कहना है कि दोनों मुख्य विपक्षी दलों के वाकयुद्ध में उतरने और टीएमसी के उपराष्ट्रपति चुनाव से दूरी बनाने के फैसले से 2024 के आम चुनाव की लिए तैयारी कर रहे विपक्ष के मनोबल पर असर पड़ा है और उनकी राजनीतिक संभावना को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

कांग्रेस और टीएमसी राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का साझा उम्मीदवार तय करने के लिए श्रेय लेने की होड़ में थी लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान दोनों के मतभेद उजागर हो गए। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मार्गरेट आल्वा को विपक्ष ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के जगदीप धनखड़ के खिलाफ उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मैदान में उतारा, लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने घोषणा की कि पार्टी चुनाव से दूर रहेगी क्योंकि उम्मीदवार पर फैसला करने से पहले कोई उचित परामर्श नहीं हुआ। आल्वा की पहली प्रतिक्रिया कठोर थी , जिसमें उन्होंने कहा कि यह अहंकार या क्रोध का समय नहीं है, बल्कि साहस, नेतृत्व और एकजुटता का समय है। हालांकि, उन्हें उम्मीद थी कि बनर्जी साथ देंगी और उनका समर्थन करेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

हार के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सार्वजनिक टिप्पणी में टीएमसी को लेकर नाराजगी प्रकट की। रमेश ने ट्वीट कर कहा कि मार्गरेट आल्वा ने एक उत्साही अभियान चलाया और यह बहुत बुरा है कि टीएमसी ने उनका समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी पहली महिला उपराष्ट्रपति के लिए इंतजार करना होगा। आल्वा ने चुनाव में उनका समर्थन नहीं करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन करके, कुछ दलों और उनके नेताओं ने अपनी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। आल्वा ने कहा कि यह चुनाव विपक्ष के लिए साथ मिलकर काम करने, अतीत को भुलाने और विश्वास बहाल करने का अवसर था। आल्वा ने कहा, चुनाव संपन्न हो गया। हमारे संविधान की रक्षा करने, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संसद की गरिमा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

वहीं, टीएमसी नेता साकेत गोखले ने एक टीवी चैनल पर कहा कि कांग्रेस टीएमसी की सहयोगी नहीं है और वे समान विचारधारा वाली पार्टियां थीं। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद कहा, कांग्रेस ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ पश्चिम बंगाल में टीएमसी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। जिस तरह से विपक्षी उम्मीदवार का फैसला किया गया था, उसके कारण हमने दूर रहने का फैसला किया। टीएमसी के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने रविवार को धनखड़ को उनकी जीत पर बधाई दी और कहा, आशा और कामना है तथा आग्रह है कि आप उन सभी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे, जिन्होंने आपको वोट दिया और समर्थन किया और जो अनुपस्थित रहे या मतदान या समर्थन नहीं किया। विपक्षी दलों में मतभेद ही नहीं उजागर हुए बल्कि इन दलों को चुनावों में क्रॉस वोटिंग का भी सामना करना पड़ा। राष्ट्रपति चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करने के बजाय राजग उम्मीदवार का साथ दिया।

# इजराइली हमले में एक और इस्लामिक जिहादी कमांडर की मौत

**एपी। गाजा सिटी**

**इजराइल** ने रविवार को कहा कि उसने गाजा के भीड़भाड़ वाले शरणार्थी शिविर के वरिष्ठ इस्लामिक जिहाद कमांडर को मार गिराया है। आतंकी समूह के खिलाफ उच्च-स्तरीय सैन्य अभियान के तहत एक सप्ताह के भीतर इजराइल का इस तरह का यह दूसरा लक्षित हमला है। ईरान समर्थित उग्रवादी समूह ने हमले के जवाब में इज़राइल पर सैकड़ों रॉकेट दागे हैं, और सीमा पार से इस लड़ाई के एक पूर्ण युद्ध में बदलने का जोखिम बना हुआ है। गाजा पर शासन करने वाला उग्रवादी समूह हमास अब भी इस संघर्ष से किनारा करता दिखाई दे रहा है। इस्लामिक जिहाद कमांडर खालिद मंसूर शनिवार देर रात दक्षिणी गाजा में राफा शरणार्थी शिविर में एक अपार्टमेंट की इमारत पर हवाई हमले में मारा गया।

हमले में दो अन्य आतंकवादी और पांच नागरिक भी मारे गए, जिससे शुक्रवार को इजराइली हमले की शुरुआत के बाद से फलस्तीन में अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में छह बच्चे और चार महिलाएं भी शामिल हैं। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार से अब तक 250 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इज़राइल का कहना है कि कुछ मौत गलत तरीके से किए गए रॉकेट हमले में हुई है, इसमें उत्तरी गाजा में स्थित जेबालिया शरणार्थी शिविर की एक घटना भी शामिल है, जिसमें शनिवार को छह फिलिस्तीनी मारे गए थे। इजराइल द्वारा फलस्तीनी उग्रवादी समूह के इस्लामिक जिहाद के एक वरिष्ठ कमांडर को शुक्रवार को मार गिराए जाने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई। इजराइली सेना ने कहा कि शनिवार देर रात फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागा गया रॉकेट उत्तरी गाजा के जबालिया शहर में ही गिर गया जिससे बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई। सेना ने कहा कि उसने घटना की जांच की और बिना किसी शक के यह निष्कर्ष निकाला कि इस्लामिक जिहाद का निशाना चूकने की वजह से रॉकेट गाजा के शहर में गिरा। फलस्तीन ने इजराइल को हमले का जिम्मेदार ठहराया, जबकि इजराइल ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि क्या यह रॉकेट किसी गलत क्षेत्र से दागा गया था। हमले के दौरान कमांडर मंसूर समूह के एक सदस्य के अपार्टमेंट में था। इस हमले में तीन मंजिली इमारत नष्ट हो गई और आसपास के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। हमले में लक्षित इमारत के निकट घर में रहने वाले विसम जौडा ने कहा, अचानक, बिना किसी चेतावनी के हमारे पास वाले घर पर बमबारी की गई और पलक झपकते ही सब कुछ काला और धुंधला हो गया। एक अन्य पड़ोसी अहमद अल-कैसी ने कहा कि छर्रे लगने से घायल होने वालों में उनकी पत्नी और बेटा भी शामिल हैं। बचावकर्मियों के लिए रास्ता बनाने के लिए अल-कैसी ने अपने घर के एक हिस्से को गिराने पर सहमति व्यक्त की। रविवार दोपहर को गाजा पट्टी में मंसूर की अंत्एष्टि शुरू होने के बाद, इजराइली सेना ने बताया कि उसकी ओर से इस्लामी जिहाद रॉकेट लॉन्च पोस्ट पर हमला किया जा रहा था। हमलों के बाद वहां से निकलने वाला धुंआ देखा जा सकता था। इन हमलों के विस्फोटों ने गाजा को हिला कर रख दिया। इससे पहले शनिवार को इजराइल के युद्धक विमानों ने गाजा सिटी में चार रिहायशी इमारतों को नष्ट कर दिया। ए सभी इमारतें इस्लामिक जिहाद से संबद्ध बताई जाती हैं। अभी हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। प्रत्एक हमले से पहले इजराइली सेना ने नागरिकों को आगाह किया था। शनिवार को ही एक कार पर हुए हमले में 75 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसका अनुमान है कि हमलों में करीब 15 आतंकवादी मारे गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में मंगलवार के बाद से सभी सीमा चौकियों को बंद किए जाने के कारण शनिवार दोपहर से गाजा के इकलौते बिजली संयंत्र ने ईंधन की कमी की वजह से काम करना बंद कर दिया। इससे गाजा के निवासियों को एक दिन में महज चार घंटे ही बिजली मिल पाएगी। राफा में हुआ हमला, संघर्ष के मौजूदा दौर में अब तक का सबसे घातक हमला था, जिसे इज़राइल ने शुक्रवार को उत्तरी गाजा के इस्लामिक जिहाद कमांडर की लक्षित हत्या के साथ शुरू किया था।



## लंपी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

**वाशिंगटन।** एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी पशु चिकित्सक ने लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) को फैलने से रोकने के लिए मवेशियों के सामूहिक टीकाकरण और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आवाजाही पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। इस संक्रमण की वजह से भारत में हजारों गायों और भैंसों की मौत हुई है। पिछले कुछ हफ्तों में राजस्थान और गुजरात में 3,000 से अधिक और पंजाब में 400 से ज्यादा मवेशियों की मौत वायरल संक्रमण के कारण हुई है। यह संक्रमण मवेशियों में लंबे समय तक रुग्णता का कारण बनता है। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) के सदस्यों ने मवेशियों को बीमारी से बचाने के प्रयासों में अपने गृह राज्य के किसानों का सहयोग करने के लिए तैयारी शुरू की है। रवि मुरारका ने शनिवार को कहा कि मवेशियों का सामूहिक टीकाकरण और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आवाजाही पर तत्काल रोक लगाना दो प्रमुख कदम हैं।

रोहिंग्या शरणार्थियों की वापसी का मामला

# बांग्लादेश ने चीन से मांगी सहायता

**एपी। ढाका**

**बांग्लादेश** ने रविवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई की यात्रा के दौरान रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमा वापस भेजने के लिए चीन से सहयोग मांगा। वांग ने दक्षिण एशियाई देशों में बेहतर व्यापार संबंधों, निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए समर्थन का वादा किया। चीन ने म्यांमा में अपने प्रभाव का इस्तेमाल नवंबर 2017 के उस समझौते को लेकर सहमति बनाने के लिए किया था जो उस साल अगस्त में म्यांमा में उत्पीड़न के चलते भागे लगभग 700,000 रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थियों को वापस भेजने को लेकर था।

शरणार्थियों को उन्हें वापस भेजने के प्रयासों के बावजूद, शरणार्थियों ने म्यांमा में खतरे के डर से जाने से इनकार कर दिया था, जो पिछले साल सेना के सत्ता में काबिज होने के बाद से बढ़ गया है। वांग ई शनिवार शाम ढाका पहुंचे थे और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन से मुलाकात की। बांग्लादेश के विदेश मामलों के कनिष्ठ मंत्री शहरयार आलम ने कहा कि रविवार सुबह उनके जाने से पहले उन्होंने द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

बांग्लादेश के चीन के साथ मजबूत संबंध हैं, जो ज्यादातर कच्चे माल के लिए एक प्रमुख व्यापार भागीदार है। हालांकि बीजिंग के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखना बांग्लादेश के लिए चुनौतीपूर्ण है, जो चीन के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों भारत और अमेरिका के साथ भी राजनयिक और व्यापार संबंधों को संतुलित करता है। बांग्लादेश में 500 से ज्यादा चीनी कंपनियां सक्रिय हैं। चीन देश की सभी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे बंदरगाह, एक नदी सुरंग और राजमार्गों में शामिल है। साथ ही चीन ने बांग्लादेश को 3.6 अरब डॉलर की लागत से पद्मा नदी पर सबसे बड़ा पुल बनाने में मदद की। चीन और ताइवान के मध्य हालिया तनाव के बीच, बांग्लादेश ने एक-चीन नीति के प्रति अपना समर्थन दोहराते हुए एक बयान जारी किया। 2008 में चुनाव जीतने के बाद, हसीना सरकार ने चीन के एक अनुरोध पर ढाका में ताइवान के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को बंद कर दिया था और तब से चीन ने बांग्लादेश में अपनी भागीदारी बढ़ा दी है।

बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग कच्चे माल के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। कपड़ा निर्यात से बांग्लादेश को 80 प्रतिशत से अधिक विदेशी मुद्रा आती है। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव एहसानुल करीम ने कहा कि रविवार को वांग ई ने एक शिष्टाचार मुलाकात के दौरान हसीना से कहा कि उनका देश बांग्लादेश को रणनीतिक विकास भागीदार मानता है और उसका समर्थन करना जारी रखेगा। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश एजेंसी ने बताया कि वांग ई ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी मुद्दों पर बांग्लादेश के साथ खड़े होने का भी वादा किया। मंत्री आलम ने कहा कि वांग ई ने बांग्लादेशी विदेश मंत्री को समझाया कि कुछ देश चीन को गलत समझते हैं और गलत व्याख्या करते हैं। उन्होंने इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया। चीन ने रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए लगातार काम करने का वादा किया और वांग ई के हवाले से कहा कि म्यांमा में आंतरिक चुनौतियां न केवल बांग्लादेश को बल्कि अन्य देशों को भी परेशान कर रही हैं। हमारे विदेश मंत्री ने दृढ़ता से दोहराया कि चीनी सहयोग की आवश्यकता है। चीन ने रोहिंग्या मुद्दे को सुलझाने में प्रगति की है और हमें स्थिति को समाप्त करने की आवश्यकता है।

## कोलंबो ने अनुसंधान पोत की यात्रा स्थगित करने को कहा

**कोलंबो।** श्रीलंका द्वारा रणनीतिक हंबनटोटा बंदरगाह पर उच्च तकनीक वाले एक चीनी अनुसंधान पोत की निर्धारित यात्रा को स्थगित करने की बात कहे जाने के बाद यहां चीन के दूतावास ने श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक की मांग की है।

चीनी अनुसंधान पोत युआन वांग 5 को 11 से 17 अगस्त तक हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकना था। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने पांच अगस्त को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास से कहा, कि मंत्रालय अनुरोध करना चाहता है कि हंबनटोटा बंदरगाह पर पोत युआन वांग 5 के आगमन को मामले पर आगे का मशविरा होने तक स्थगित कर दिया जाए। सूत्रों ने यहां बताया कि कोलंबो में चीनी दूतावास ने श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय से इस तरह का संदेश मिलने के बाद इस मुद्दे पर चर्चा के लिए श्रीलंका के उच्च अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक की मांग की।



ताइवान में समुद्र के किनारे सैरसपाटा करते पर्यटक

# सीएआई ने मोदी को लिखा पत्र, खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकती हैं मधुमक्खियां

**भाषा। नई दिल्ली**

**मधुमक्खी** पालन के समग्र विकास के लिए गठित एपीकल्चर उद्योग परिसंघ (सीएआई) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि दलहन और तिलहन उत्पादन सहित खाद्य सुरक्षा में मधुमक्खियां अहम भूमिका निभा सकती है। सीएआई के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, मधुमक्खी पालन विकास समिति (बीडीसी) ने देश की खाद्यान्न सुरक्षा में मधुमक्खियों की पर-परागण की अहम भूमिका को देखते हुए इस क्षेत्र के भरपुर विकास के संदर्भ में प्रधानमंत्री को अपनी सिफारिशें सौंपी हैं।



शर्मा प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के तहत बनी बीडीसी के सदस्य भी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह सीएआई संचालन परिषद की पांचवीं बैठक थी, जिसमें लगभग सभी अंशधारकों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए बीडीसी की सिफारिशों को लागू करने के संबंध में कृषि सचिव मनोज आहुजा एक पत्र भी सौंपा गया। शर्मा ने बताया कि रविवार को होने वाली नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में तिलहन और दलहन के मुद्दे पर भी विचार किए जाने का प्रस्ताव है। इस बैठक में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में सीएआई ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि दलहन-तिलहन का उत्पादन बढ़ाने में मधुमक्खी पालन की अहम भूमिका होने के कारण, इसकी खेती के लिए मधुमक्खी कॉलोनियां लगवाने को प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह सेब फल का उत्पादन बढ़ाने के लिए पेड़ में फूल आने के दिनों में मधुमक्खी पालकों से मधुमक्खी कॉलोनियां लगवाई जाती हैं और इस काम के लिए राज्य सरकारों की ओर से उन्हें प्रति कॉलोनी 1,500 रुपए प्रति माह के हिसाब से भुगतान किया जाता है। उसी तरह दलहन, तिलहन की खेती में भी पर-परागण करने के लिए मधुमक्खी कॉलोनी लगवाई जाएं और मधुमक्खी पालकों को उसके लिए भुगतान की व्यवस्था की जाए।

## वोडाफोन आइडिया ने कहा, उद्योग को नियमित अंतराल पर टैरिफ बढ़ाने की जरूरत

**भाषा। नई दिल्ली**

**दूरसंचार** परिचालक वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा कि उद्योग को नियमित अंतराल पर मोबाइल टैरिफ बढ़ाने की जरूरत है। कंपनी का कहना है कि टैरिफ अभी भी काफी कम हैं और बढ़ोतरी से इसे उचित प्रतिफल पाने तथा भविष्य में निवेश करने में मदद मिलेगी।

आदित्य बिड़ला समूह और वोडाफोन समूह के संयुक्त उद्यम ने कहा कि प्रति उपयोगकर्ता राजस्व ऐतिहासिक रुझानों की तुलना में कम है। पिछले साल सरकार द्वारा इस क्षेत्र को राहत पैकेज देने के बाद कंपनी को नई जिंदगी मिली थी। सभी तीन निजी दूरसंचार परिचालकों - रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने पिछले साल में डेटा के लिए शुल्क बढ़ाया है। इन कंपनियों के प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में भी बढ़ोतरी हुई है। वीआईएल ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा, उद्योग अभी भी अनिश्चित रूप से कम टैरिफ पर चल रहा है।

कंपनी ने आगे कहा, भारत में आज भी वैश्विक स्तर पर सबसे कम टैरिफ है, जबकि असीमित डेटा पैक के चलते भारत दुनिया में सबसे अधिक डेटा उपयोग (प्रति ग्राहक) करने वाले देशों में शामिल है। वीआईएल ने कहा, इस प्रकार कंपनी का मानना है कि उद्योग को नियमित अंतराल पर टैरिफ बढ़ाना होगा, जो परिचालकों के लिए अपनी पूंजी पर उचित प्रतिफल पाने और नई प्रौद्योगिकियों सहित भविष्य के निवेश का समर्थन करने के लिए जरूरी है। वीआईएल के 31 मार्च 2022 तक 24.38 करोड़ ग्राहक थे, जिनमें से 11.81 करोड़ 4जी उपयोगकर्ता थे।

# मारुति सुजुकी का चालू वित्त वर्ष में 20 लाख वाहनों के उत्पादन का लक्ष्य

● कंपनी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने वार्षिक रिपोर्ट में दिया संदेश

**भाषा। नई दिल्ली**

**देश** की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने सेमीकंडक्टर की आपूर्ति में सुधार से चालू वित्त वर्ष में करीब 20 लाख इकाइयों के उत्पादन का लक्ष्य रखा हुआ है जिसके लिए वह अपने उत्पादन में बढ़ोतरी भी करेगी। कंपनी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए गए अपने संदेश में कहा है कि चालू वित्त वर्ष में 20 लाख इकाइयों के उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में नया एसयूवी मॉडल ग्रैंड विटारा एक अहम भूमिका निभाएगा। पिछले वित्त वर्ष में मारुति सुजुकी का उत्पादन 13.4 प्रतिशत बढ़कर 16.52 लाख इकाई रहा। अप्रैल-जून 2021 में महामारी की दूसरी लहर के कारण उत्पादन गतिविधियों पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद कंपनी ने यह उत्पादन आंकड़ा हासिल किया था। इसके अलावा सेमीकंडक्टर की आपूर्ति बाधित होने से भी कंपनी मांग के अनुरूप वाहनों की बिक्री नहीं कर पाई।

भार्गव ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में हम बुकिंग के बावजूद करीब 2.7 लाख वाहनों की आपूर्ति नहीं कर पाए। घरेलू बाजार में आपूर्ति कम होने की वजह से इसकी बाजार हिस्सेदारी भी करीब 50 फीसदी से कम होकर 43.4 फीसदी पर आ गई थी। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार में वर्ष 2021-22 में कुल 30,69,499 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी जबकि एक साल पहले 27,11,457 इकाई की बिक्री हुई थी। भार्गव ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अपना आकलन पेश करते हुए कहा, "सेमीकंडक्टर की उपलब्धता बेहतर होने से वाहन उत्पादन की स्थिति बेहतर होगी। अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने कुछ कदम भी उठाए हैं। हमने इस आंकड़े को 20 लाख इकाई तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वैसे इसे हासिल कर पाना एक चुनौती होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा मॉडल का उत्पादन टोयोटा के संयंत्र में होने से मारुति सुजुकी के लिए उत्पादन बढ़ाने की चुनौती को पूरा करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा मॉडल के आने से एसयूवी खंड में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में अपनी पुरानी एसयूवी ब्रेजा को नए अवतार में उतारा है। इलेक्ट्रिक वाहनों के संदर्भ में कंपनी चेयरमैन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 से सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के गुजरात संयंत्र में इलेक्ट्रिक मॉडलों का उत्पादन शुरू हो जाएगा और मारुति इनकी बिक्री करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि ईवी मॉडल के कार बाजार में अहम स्थान लेने में अभी वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने अपनी भावी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के खरखोडा में नया उत्पादन संयंत्र लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संयंत्र के पहले चरण पर 11,000 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे।

## बीमा नियामक शिकायत निवारण तंत्र में करेगा सुधार

**नई दिल्ली।** बीमा नियामक इरडाई शिकायत निवारण को अधिक कुशल बनाने के लिए जल्द ही एक नया शिकायत निवारण तंत्र शुरू करेगा जिसमें ग्राहकों को क्षेत्रीय भाषाओं में अपनी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प मिलेगा। सूत्रों ने कहा कि 2011 में शुरू की गई एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीएमएस) को ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के मकसद से उन्नत किया जा रहा है। इसका नाम बदलकर बीमा भरोसा रखा जाना है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय बीमा नियामकीय एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) का नया पोर्टल ऑनलाइन शिकायतों को दर्ज करने और उन पर नजर रखने का एक जरिया होगा। साथ ही यह बीमा कंपनियों द्वारा शिकायतों के निपटान की निगरानी भी करेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं के खिलाफ शिकायतों के पंजीकरण से लेकर, विभिन्न चरणों के माध्यम से शिकायतों के प्रसंस्करण और शिकायतों के अंतिम समाधान तक सभी सुविधाएं इस पोर्टल पर मौजूद होंगी। उन्होंने कहा कि पॉलिसीधारक बीमा कंपनियों के खिलाफ अपनी शिकायतों के निवारण के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

## विदेश पर्यटन 2024 तक 42 अरब अमेरिकी डॉलर के पार होगा

**नई दिल्ली।** भारत का विदेश (आउटबाउंड) पर्यटन 2024 तक 42 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि सरकार इस बढ़ते बाजार को बढ़ावा देने के लिए कुछ नीतिगत बदलाव ला सकती है। फिक्की के सहयोग से नांगिया एंडरसन एलएलपी द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में भारतीय यात्रा बाजार पर रोशनी डाली गई है। इस रिपोर्ट का शीर्षक - आउटबाउंड ट्रैवल एंड टूरिज्म - एन अपॉर्चुनिटी अनटैप्ड है। रिपोर्ट में भारतीय पर्यटकों और यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को अधिक मूल्यवर्धिक बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को लोकप्रिय गंतव्यों के लिए सीधे संपर्क को बढ़ावा देने, विदेशी क्रूज जहाजों को भारतीय जल पर संचालित करने की अनुमति देने के अलावा ठोस और समन्वित प्रयास करने चाहिए।

# मरीजों के लिए स्मार्ट एम्बुलेंस से लेकर खरीदारों के लिए नए अनुभव तक, 5जी में बहुत कुछ मिलेगा

● 4जी से लगभग दस गुना तेज होगी 5जी की स्पीड

**भाषा। नई दिल्ली**

**दूरसंचार** कंपनियों के जल्द से जल्द 5जी सेवा चालू करने की तैयारियों में जुटने से भारत आने वाले वक्त में बेहतर डेटा स्पीड और रुकावट मुक्त वीडियो के लिए मुस्तैद हो रहा है। इन सेवाओं के आने के बाद लोगों को स्मार्ट एंबुलेंस से लेकर क्लाउड गेमिंग तक सब कुछ मिलेगा। यहां तक कि खरीदारी के दौरान ग्राहकों को एकदम नए तरह के अनुभव भी हो सकते हैं। पांचवीं पीढ़ी यानी 5जी दूरसंचार सेवाओं के जरिए कुछ ही सेकंड में मोबाइल और अन्य उपकरणों पर उच्च-गुणवत्ता वाले लंबी अवधि के वीडियो या फिल्म को डाउनलोड किया जा सकता है। यह एक वर्ग किलोमीटर में करीब एक लाख संचार उपकरणों को समर्थन करेगा।

यह सेवा सुपरफास्ट स्पीड (4जी से लगभग 10 गुना तेज), संपर्क में होने वाली देरी में कटौती और अरबों संबद्ध उपकरणों को वास्तविक समय में डेटा साझा करने में सक्षम बनाती है। इसके जरिए 3डी होलोग्राम कॉलिंग, मेटावर्स अनुभव और शैक्षिक अनुप्रयोगों को नए सिरे से परिभाषित किया जा सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं को जल्द ही चुनिंदा शहरों में 5जी सेवाएं मिलने लगेंगी और अगले 12-18 महीनों में इसका व्यापक प्रसार देखने को मिलेगा। समय के साथ नई तकनीक जीवन के उन अनुप्रयोगों को भी हकीकत में तब्दील कर देगी जो महज कुछ साल पहले दूर की कौड़ी नजर आते थे। खुदरा विक्रेता 5जी परिवेश में संवर्धित वास्तविकता (एआर) के साथ काम कर रहे हैं। इसके जरिए खरीदारों को इस तरह का अनुभव दिया जा सकता है कि एक नया फर्नीचर उनके घरों में किस तरह नजर आएगा। 5जी सेवा शिक्षा प्रदान करने के तरीके को भी बदल सकती है। यहां तक कि दूरदराज के क्षेत्रों में भी शिक्षकों या अतिथि व्याख्याताओं को संचालित होलोग्राम के माध्यम से जोड़कर या मिश्रित-वास्तविकता वाली सामग्री को कक्षाओं में प्रसारित करके शिक्षा दी जा सकती है। इस साल की शुरुआत में एयरटेल ने अपोलो हॉस्पिटल्स और सिस्को के साथ मिलकर 5जी कनेक्टेड एम्बुलेंस का प्रदर्शन किया था। इसकी मदद से अस्पताल में डॉक्टरों और विशेषज्ञों को वास्तविक समय में मरीज के टेलीमेट्री डेटा की जानकारी मिल सकती है।

## ओडिशा में रेशम के कीड़े की स्वदेशी प्रजाति के संरक्षण के लिए योजना तैयार

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) अपनी कॉरपोरेट सामाजिक सेवा दायित्व इकाई टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के साथ मिलकर ओडिशा के जाजपुर जिले के सुकिंदा में रेशम के कीड़े की स्वदेशी प्रजाति सुकिंदा इकोरेस के संरक्षण का काम करेगी। केंद्रीय रेशम बोर्ड (सीएसबी), टीएसएमएल और टीएसएफ के वरिष्ठ सदस्यों एवं अन्य विशेषज्ञों ने शनिवार को आयोजित एक कार्यशाला में इस विषय पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक और टसर किसान भी मौजूद थे। बेहतरीन रेशम का उत्पादन करने वाले सुकिंदा इकोरेस के संरक्षण के लिए एक रूपरेखा भी तैयार की गई। सीएसबी, टीएसएफ और टीएसएमएल की सतत निगरानी में इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा और एक साल बाद इसका आकलन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए रांची स्थित केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ के सत्यनारायण ने कहा, रेशम के कीड़े की स्वेदशी प्रजाति सुकिंदा इकोरेस का संरक्षण हमारी जैव विविधता की रक्षा के लिहाज से बहुत जरूरी है। इससे टसर उत्पादकता भी बढ़ेगी। टाटा स्टील माइनिंग के प्रबंध निदेशक पंकज सतिजा ने कहा, क्षेत्र की जैव-विविधता में योगदान देने के लिए सुकिंदा इकोरेस का संरक्षण करने में हम केंद्रीय रेशम बोर्ड को पूरा समर्थन देंगे और स्थानीय टसर किसानों को भी मदद देंगे। ओडिशा में रेशम के कीड़ों की आठ प्रजातियां पाई जाती हैं।

## महाराष्ट्र में इथेनॉल उत्पादन अगले साल 140 करोड़ लीटर तक पहुंचने की संभावनाः चीनी उद्योग

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में इथेनॉल का उत्पादन अगले साल 140 करोड़ लीटर तक पहुंचने की संभावना है। चीनी उद्योग के प्रतिनिधियों ने यह जानकारी दी। नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष जयप्रकाश दांडेगवकर ने पीटीआई-भाषा से कहा भविष्य में गन्ने से संबंधित ईंधन की मांग भोजन से अधिक होगी। उन्होंने कहा, इसलिए, महाराष्ट्र में चीनी उद्योग को आने वाले समय में ऊर्जा उद्योग भी कहा जाएगा। इथेनॉल चीनी मिलों का उप-उत्पाद है। इसका उत्पादन चक्र एक दिसंबर से 30 नवंबर तक है। राज्य सहकारी चीनी मिल संघ के एक प्रतिनिधि के अनुसार, 2020-21 में महाराष्ट्र ने 78 प्रतिष्ठानों के माध्यम से 100.36 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन किया।

# अपर मुख्य सचिव ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट


छीबों अस्पताल का निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव।

**यूपी के** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने जिले के राजापुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छीबों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 20 गर्भवती महिलाओं से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूंछा। ओपीडी में 130 मरीजों और उनके परिजनों से भी बात की।

रविवार को अमित मोहन ने स्वास्थ्य मेला का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के स्टॉल पर जाकर जानकारी ली। आशा संगिनी सुधा त्रिपाठी से वैक्सीनेशन की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कक्ष में दवाओं की भी उपलब्धता देखी। अपर मुख्य सचिव से ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा ने अस्पताल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि अस्पताल को बने हुए कई साल हो गए हैं। कई कमरे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दरवाजे टूटे-फूटे हैं, इनकी मरम्मत कराई जाए। अस्पताल में डिलीवरी के लिए व्यापक व्यवस्था नहीं है। इस दौरान सीएमओ भूपेश द्विवेदी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ला, डॉ. राधेश्याम और डॉ राजेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# अन्ना जानवरों का आतंक, किसानों की फसलों को बना रहे पेट का निवाला


खेतों में विचरण करते आवारा जानवर

**जालौन ( उरई )।** अन्ना जानवरों के लिए प्रदेश सरकार ने स्थायी व अस्थायी गोशालाओं का निर्माण कराया है। गोशालाओं का संचालन न होने के कारण किसानों के लिए अन्ना जानवर मुसीबत बनते जा रहे हैं। अन्ना जानवरों से खेत में खड़ी तिल की फसल बर्बाद हो रही है। जिससे किसान चिंतित हैं।

विकास खंड में 62 ग्राम पंचायतें हैं। हालांकि इन 62 ग्राम पंचायतों में हालांकि अधिकांश गांवों में अस्थाई गोशालाओं का निर्माण हो चुका है। हालांकि अभी भी लगभग दो दर्जन से अधिक गांव ऐसे हैं जहां गोशाला का निर्माण नहीं हुआ है। एक ओर तो सभी गांवों में गोशालाएं नहीं हैं तो दूसरी ओर जिन गांवों में गोशालाएं हैं भी वह भी बंद हो चुकी हैं। अन्य गांवों में अस्थायी गोशाला का संचालन हो रहा था। लेकिन बारिश के मौसम से पूर्व अधिकांश गोशालाओं का संचालन बंद कर दिया गया। अब हालत यह है कि बड़ी संख्या में आवारा जानवर इधर, उधर गांवों में और खेतों में घूम रहे हैं। जानवरों का झुंड खेत में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। रात के अंधेरे में अन्ना जानवर खेत में खड़ी फसल को चर जाते हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं। फसलों को हो रहे नुकसान के कारण किसान चिंतित हैं और गोशालाओं का संचालन शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। किसान रमाकांत निरंजन, पुनीत दुबे, रामकुमार बाथम, राजेशचंद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार, हरिश्चंद्र आदि ने डीएम प्रियंका निरंजन से मांग की है कि किसानों के लिए परेशानी का सबब बने अन्ना जानवरों को गोशाला में बंद किया जाए। जिससे आवारा जानवरों से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके साथ ही किसानों की खेतों में खड़ी फसलों को बचाया जा सके।

# तरौंहा में सम्मेलन में दी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर स्वास्थ्य जागरुकता के तहत सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी की अगुवाई में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्वी के दुर्गाकुंज तरौंहा में सास, बहू, बेटा सम्मेलन में तीनों के बीच तालमेल बनाने को प्रेरित किया गया। रविवार को हुए सम्मेलन में सीएमओ ने 18 साल के बाद बेटी की शादी करने को प्रेरित किया। परिवार नियोजन के साधन अपनाकर बच्चों के जन्म में तीन साल का अंतर रखने की अपील की। शहरी आशा मंजू देवी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीसी रुपनारायण यादव ने कहा कि सरकारी योजनाओं का नगरवासी लाभ उठायें। बेटी दो परिवारों को संभालती है। बेटी के प्रति जिम्मेदारी ज्यादा है । परिवार तभी आगे बढता है जब सास, बहू, बेटे में तालमेल रहता है। कार्यक्रम में नई पहल की किट बांटी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर कम्युनिटी हेल्थ आफीसर गर्व तिवारी, महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, मीनू सिंह, पूजा, आंगनबाडी सुपरवाइजर मायावती, एएनएम सरला देवी, शाहिदा परवीन, शैलकुमारी व सास, बहू, बेटा मौजूद रहे।

### पैसे मांगने की रिपोर्ट थाने में दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी महिला ने धमकी देकर पैसे की मांग करने की रिपोर्ट थाने में पुलिस ने दर्ज की है।क्षेत्र के शेखुपुर गांवनिवासी विधवा महिला नथिया पत्नी स्वर्गीय माधो प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी मुन्ना पाल मुझसे धमकी देकर पैसे की मांग करता है। तथा 5 हजार रुपये जबरन ले लिए है। तथा और पैसे की मांग कर रहा है । न देने पर जान माल की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# ओसाह प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने महज ढाई वर्षों में ऊसरीली जमीन में बागवानी तैयार करके रचा इतिहास



**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओसाह के युवा प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने ऊसरीली जमीन में महज ढाई वर्षों में सुन्दर और आकर्षक बागवानी तैयार करके एक सच्ची मिशाल पेश कर दी है। जिन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर मन लगाकर कोई कार्य किया जाए तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं है। सच्ची मेहनत और लगन के बल पर धरती में सोना उगाया जा सकता है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी के इस सराहनीय कार्य से लोग प्रेरणा ले रहे हैं। ज्ञात हो कि हर वर्ष वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सरकार द्वारा करोड़ों कृपया खर्च किया जाता है ताकि गांव से लेकर शहर तक हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। जिसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के साथ ही ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी जाती है। किन्तु सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद बृहद वृक्षारोपण अभियान सिर्फ फोटो खिचाने तक सीमित रह जाता है। जिसका परिणाम यह देखने को मिलता है कि वृहद वृक्षारोपण अभियान समाप्त होने के चंद दिनों बाद सिंचाई के अभाव में या तो पौधे सूख जाते हैं या देख-रेख के अभाव में उन्हे छुट्टा मवेशी पौधों को चट कर जाते हैं। इस विषय में जिम्मेदार अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों से बात करो तो अधिकांश लोगों का यही उत्तर होता है कि जमीन सही नही थी इस लिए पौधे नही चले। ओसाह स्थित राजकीय विद्यालय के बगल में बने अपने आवास के पीछे ऊसरीली जमीन में ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने आम, राजस्थानी अमरूद, इलाहाबादी अमरूद, ट्रैवलर पाम, नींबू, मौसमी, संतरा, नारियल सहित दर्जनों प्रकार के फल-फूलो की महज ढाई वर्षो में बागवानी तैयार करके इतिहास रच दिया है। यही नहीं बगल में स्थित राजकीय विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कराकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जो संदेश दिया है उसकी लोग मिसाल देते नहीं थकते। प्रधान श्मनोज कुमार त्रिवेदीश् बताते हैं कि बागवानी तैयार करने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी कई तरह की मिट्टियों को दूर-दूर से लाकर उसमें गोबर की खाद, कंपोस्ट खाद, जैविक खाद का मिश्रण तैयार करके पौधों की रोपाई की थी जिसके परिणाम स्वरूप सभी पौधे तेजी से बढ़ रहे हैं। अमरूद के पेड़ों में लगने वाले बड़े-बड़े फल देखकर लोग आश्चर्यचकित रह जाते हैं। लोगों को विश्वास नहीं होता कि ऊसरीली जमीन में इतनी अच्छी बागवानी तैयार की जा सकती है।

# 22 सालों से तपस्यारत शिक्षा मित्रों की समस्या का होगा हल: जगदगुरु रामभद्राचार्य

संवाददाता। चित्रकूट



**जनपद के** सैकडों शिक्षामित्र भाई बहन रविवार को संत शिरोमणि रामभद्राचार्य जी से मिले और अपनी समस्या को उनके सामने रखते हुये कहा कि गत 22 सालों से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण आंचल में स्थित प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम मानदेय पर काम कर रहे हैं, महंगाई और जिम्मेदारियों के बोझ तले दबा ये तबका आज उम्र के तीसरे और अन्तिम पड़ाव पर पहुंच गया है। आज शिक्षा मित्रों की तीन पीढियों का भविष्य दांव पर है , जिससे अवसाद के चलते अब तक लगभग 8 हजार शिक्षा मित्र अपनी जान गवां चुके हैं। गाँव, गरीब किसान का बेटा बेटी को राजनीतिक फुटबाल बना कर खेला जा रहा है जो मानवता के विरुद्ध है। अब इस संसार में आपके शिवाय हमारा कोई नहीं है आप ही हमारी जिन्दगी की वैतरणी पार लगा सकते हैं। जिस पर संत शिरोमणि जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने खुले शब्दों में स्पष्ट रूप से प्रभावित होकर कहा शिक्षामित्रों की समस्या को मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी भारत देश के प्रधानमंत्री मोदी जी से वार्ता करूंगा। इस बात का मैं वचन देता हूं कि आप सभी बच्चों को आपकी 22 साल की तपस्या का फल मिलेगा जिसमें मैं खुद शिक्षा मित्रों का प्रतिनिधि के तौर पर आपको आपका हक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करूंगा। वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव 'विद्रोही' ने बताया कि शिक्षामित्र भाई बहनों के लिये यह बहुत बड़ी बात है कि पहली बार मुलाकात में ही शिक्षा मित्रों की करुण वेदना को जगतगुरु जी ने समझा और पूरी तरह से सरकार से वार्ता कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया। संत जगतगुरु जी के इस महान कार्य के लिए उत्तर प्रदेश का एक एक शिक्षा मित्र और उनके आश्रित परिवार उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं।कार्यक्रम की अगुवाई वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव 'विद्रोही' ,सन्तलाल त्रिपाठी, इन्द्रशेन यादव, नन्दकिशोर दीक्षित, अमित त्रिपाठी, राजा सिंह परिहार, विनोद त्रिपाठी, मीता करवरिया, राजेश पांडे, नवल किशोर त्रिपाठी ने किया।

# गोवंश के पैर बांध कर हत्या करने का किया प्रयास,पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**थाना क्षेत्र के** मलपुर गांव के पास स्थित इंदिरा नहर किनारे झाड़ियों में एक गोवंश के पैर बांध कर हत्या करने का प्रयास करते हुए दो आरोपितों को पास ही मवेशी चरा रहे चरवाहों ने देख लिया । चरवाहों की चीख-पुकार पर अन्य ग्रामीण इकट्ठा हो गए । जिससे दोनों आरोपित घटनास्थल पर गोवंश को छोड़कर भाग निकले । घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । बीते दिनों से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । जिसमें मलपुर गांव के पास स्थित नहर के किनारे उगी झाड़ियों में गोवंश के पैरों को बांधकर हत्या करने का प्रयास का बताया जा रहा है । इस मामले में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री बछरावां देवेंद्र मिश्र उर्फ लालजी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मलपुर गांव के पास नहर किनारे झाड़ियों में थुलेंडी गांव के रहने वाले राफे पुत्र लाले अपने एक अन्य साथी के साथ गोवंश के पैर बांधकर हत्या कर मांस बेचने की फिराक में थे । इसी समय उन पर चरवाहों की नजर पड़ गई । ग्रामीणों को आता देख दोनों आरोपित भाग निकले । ग्रामीणों ने गोवंश को बंधन मुक्त कराया है । पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित राफे को गिरफ्तार कर लिया है । व अन्य आरोपित की तलाश में दबिश दी जा रही है । थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है । एक आरोपित राफे को गिरफ्तार किया गया है । जिसपर पहले से ही 18 मुकदमे पंजीकृत हैं । दूसरे आरोपित की तलाश की जा रही है । संबंधित मामले में पूछताछ चल रही है ।

# लगातार हो रही बारिश से मौसम में हुई ठंडक

**कोंच( जालौन )।** शनिवार की शाम कुछ समय के लिए हल्की बारिश होने के बाद रविवार की सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर करीब 2 बजे तक लगातार 6 घंटे तेज बारिश होने से नगर क्षेत्र में एकाएक मौसम में ठंडक हो गई जिसके चलते उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत पहुंची।बारिश से हुई ठंडक के कारण घरों में चलने वाले कूलर एसी भी बंद हो गये।बाजार में भी पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा और फुटवियर, गारमेंट्स, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि की अधिकांश दुकानें बंद देखी गईं, जो थोड़ी बहुत दुकानें खुलीं हुईं रहीं उन दुकानों पर ग्राहकों की उपस्थिति नदारद रही। लगातार तेज बारिश होने से खरीफ फसलों के तहत तिली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, मूंगफली जैसी फसलों को खेत में पानी अधिक भर जाने से नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है और अगर अगले कुछ दिन इसी प्रकार से बारिश होती रही तो ये फसलें बर्बाद भी हो सकती हैं जिसको देखते हुए किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफतौर पर देखी जा सकती हैं। वहीं दूसरी ओर उमस भरी गर्मी के बीच एकाएक ठंडक हो जाने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार चल रहे लोगों में खांसी, जुखाम, उल्टी, दस्त का भी खतरा बढ़ गया है।नगर में बच्चों के लिए संचालित बात्सल्य अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ उपेन्द्र निरंजन ने कहा है कि उमस भरी गर्मी के बीच अचानक ठंडक होने से बच्चों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। बच्चों को ठंडी हवा व ठंडे भोजन से दूर रखना आवश्यक है। अधिक समय तक बच्चों को ठंडे पानी से स्नान नहीं कराना चाहिए और हाफकपड़ों के बजाय फुल कपड़े पहनाएं। कूलर ऐसी की अपेक्षा पंखे की हवा ही काफी है। डॉ. उपेंद्र ने कहा कि गरम ताजा व सादा भोजन ही बच्चों को दें। जरा सा भी स्वास्थ्य बिगड़ने पर तत्काल अपने चिकित्सक से सलाह लेकर ही दवा दें।

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच नगर में उठायी गयी छड़ें

- **सात स्थानों पर रखे अलम, 16 स्थानों पर रखी गयी छड़े**

संवाददाता। जालौन (उरई)

**मुहर्रम के** त्योहार में शनिवार की रात में अलम निकाले गए इसके बाद रविवार को दिन में छड़ें उठाई गई। स्थानीय प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था से सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान जगह, जगह लंगर और फातिहा का दौर चला।मुहर्रम के त्योहार में ताजिए से दो दिन पहले रात में अलम व उसके अगले दिन छड़ों को निकाला जाता है। नगर में 7 स्थानों पर अलम रखे गए और 16 स्थानों पर छड़ें रखी गई थी। रात में अलम और दिन में छड़ों का जुलूस निकाला जाता है। शनिवार की रात रापटगंज में जायदा बेगम के यहां से अलम उठाया गया। इसके बाद अन्य स्थानों पर रखे अलम उनके साथ पूर्व निर्धारित मार्ग पर निकाले गए। अकीदतमंदों ने अलम के पास पहुंचकर फातिहा पढ़ी। इसके बाद रविवार की दोपहर कल्लू व मल्लू पठान के अलावा अजमेरी, अख्तर, छोटे खां, इस्माईल, ख्वाजू, शहाबुद्दीन के यहां रखी गई छड़ों पर महिलाओं और अकीदतमंदों ने दुपट्टा बांधकर अपनी मुराद पूरी होने की कामना की। इस दौरान अकीदतमंद इमाम हसन व इमाम हुसैन के नारों लगा रहे थे। छड़ों को उठाने वाले युवाओं ने आकर्षक प्रदर्शन भी किया। अलम व छड़ों के जुलूस में अकीदतमंदों द्वारा जगह जगह लंगर का भी आयोजन किया गया। घरों पर फातिहा का दौर चला और इमाम हसन व इमाम हुसैन को याद किया गया। अलम और छड़ों में कहीं कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए स्थानीय पुलिस फोर्स के अलावा बाहर की भी पुलिस फोर्स तैनात रही। एसडीएम राजेश सिंह, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह, पुलिस फोर्स के साथ नगर में भ्रमण कर पल-पल की खबर लेते रहे।

# रिश्तेदार बन फोटो स्टूडियो संचालक के एकाउंट से उड़ाये 25 हजार

**जालौन ( उरई )।** रिश्तेदार बनकर फोटो स्टूडियो संचालक के एकाउंट में रुपये डालने के बहाने एकाउंट नंबर आदि पूछ लिया और इसके बाद खाते से 25 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित संचालक ने कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी नंदराम पुत्र रामसेवक हाल निवास मोहल्ला नया खंडेराव ने पुलिस को बताया कि वह तहसील गेट पर फोटो कॉपी व फोटो स्टूडियो की दुकान किए है। उसके मोबाइल पर एक फोन आया जिसने स्वयं को उनका रिश्तेदार बताते हुए कहा कि उसे उनके खाते में 25 हजार रुपये भेजने हैं। इसलिए वह अपना खाता नंबर व अन्य जानकारी दे दे। उसके लिए उनके सहयोगी राहुल ने रिश्तेदार को फोन पे करने के लिए बार कोड भेज दिया। इसके बाद उसने मोबाइल पर एक नंबर भेजकर कहा कि उसने रुपये भेज दिए हैं उस नंबर को क्लिक कर रुपये रिसीव कर लें। जब राहुल ने उस नंबर पर क्लिक किया तो उसके खाते से 25 हजार रुपये उड़ गए। जिसकी जानकारी उसे मोबाइल पर आए मैसेज से मिली। इसके बाद जब उक्त व्यक्ति के नंबर पर कॉल किया तो उसका नंबर भी स्विच ऑफआ रहा है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## क्विक न्यूज

### बूस्टर डोज के विशेष अभियान के तहत वैक्सिनेशन की समीक्षा

**ऊंचाहार।** लखनऊ से चित्रकूट जाते समय अपर स्वास्थ्य सचिव ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान बूस्टर डोज के विशेष अभियान के तहत वैक्सिनेशन की समीक्षा की और इसके बाद शल्य क्रिया से होने वाली सर्जरी, व साफसफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया, वहीं ए सी एस के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा रहा।रविवार को लखनऊ से चित्रकूट दौरे पर जाते समय अपर स्वास्थ्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया, सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ला से बूस्टर डोज के विशेष अभियान के तहत वैक्सिनेशन के प्रगति की समीक्षा की,इसके अलावा उन्होंने शल्य क्रिया से होने वाली सर्जरी के बारे में सर्जन डॉ महमूद अख्तर से भी जानकारी हासिल की,और सीएचसी परिसर में साफसफाई की व्यवस्था का जायजा लेने के बाद वो गंतव्य को रवाना हो गये।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ सुदेश कुमार, डॉ शिव त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद -कोतवाली क्षेत्र के किशुनदासपुर गांव के पास सूची खरौली मार्ग पर अंतिम संस्कार से वापस लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली मवेशी को बचाने के चक्कर में बिजली के पोल से टकरा गई, घटना में ट्रैक्टर चालक व एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया, जिनका इलाज निजी क्लीनिक में कराया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौके पर हुई मौत

**रायबरेली।** खेतों पर मवेशी चराते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौके पर हुई मौत,किशोर की हालत गंभीर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा, आगे की जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी गई है, लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर गांव की घटना।

### खण्ड विकास कार्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ खण्ड विकास कार्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। गौरतलब हो कि 31 जुलाई को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी शिवगढ़ कस्बा स्थित शिवगढ़ राजमहल श्महेश विलास पैलेस आए थे जहां पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी बैठक में मौजूद पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह ने 1983 में बने खण्ड विकास कार्यालय के जर्जर भवन को लेकर चर्चा की थी। पूर्व एमएलसी ने कहा था कि या भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है नया भवन बनना चाहिए। जिसको संज्ञान लेते हुए दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी ने नए भवन के निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। वहीं पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने भी खण्ड विकास कार्यालय शिवगढ़ में जर्जर भवन को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भेजकर नए भवन का निर्माण कराने की बात कही है। यह पत्र शनिवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस बारे में जब ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि भवन 1983 में बना था जो पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जिसको लेकर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपमुख्यमंत्री से नए भवन निर्माण के लिए पत्र लिखा है।

### गौरन खेड़ा मजरे गोविंदपुर में किसान की दो लाख की कीमत की चार भैसें हुई चोरी

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरन खेड़ा मजरे गोविन्दपुर में बीती रात कृषक लवकुश सिंह की चार भैसें चोरी हो गई। चोरी हुई सभी भैसें दरवाजे पर बधी थी लवकुश सिंह सुबह 3 बजे उठे तो देखा कि दरवाजे पर बंधी चारों भैसे नहीं थी किसान लवकुश सिंह ने बताया कि कई जगह खोजबीन की दोपहर तक जब भैंसों का कहीं पता नहीं चला तो उसने शिवगढ़ थाने में भैंस चोरी हो जाने की तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। थाना प्रभारी राकेश चन्द्र आंनद ने बताया कि तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है।

### नारायनपुर में कृषक के घर में इकट्ठा भीड़ दीवार में कटी नकब

**चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाकर नगदी और जेवरात की पार**

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में कृषक रामदयाल के यहां नकब काटकर चोरों ने 45 हजार नगदी सहित 50000 के जेवरात पार कर दिया। नारायनपुर निवासी रामदयाल पासी व उनकी पत्नी रुक्मणी घर के बाहर छप्पर के नीचे लेटे थे जो शुक्रवार रात पानी पीने के लिए घर के अन्दर पहुंचे तो देखा कि घर के अन्दर का सारा सामान बिखरा पड़ा था पीछे कोठरी में सेंध कटी थी कोठरी में रखा बक्सा गायब था और कपड़े बिखरे पड़े थे। घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर खेतों में बक्सा पड़ा था बक्से के अन्दर रखें रुपए व जेवरात गायब थे। जिसकी तहरीर रामदयाल ने शिवगढ़ थाने में दी है। थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद ने बताया तहरीर मिली है। पुलिस पहुंची थी जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### राष्ट्रीय राजपूताना यूथ ब्रिगेड अगस्त माह की बैठक मनीष सिंह के घर पर संपन्न हुई



**रायबरेली** -राष्ट्रीय राजपूताना यूथ ब्रिगेड अगस्त माह की बैठक मनीष सिंह के घर पर संपन्न हुई!इस बैठक मेंभारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और कुछ लोगों को सदस्यता भी दिलाई गई!इस अवसर पर सुरेंद्र बहादुर सिंह( महासचिव,)संदीप सिंह (कार्यकारी अध्यक्ष,)राम रूप सिंह (कोषाध्यक्ष)डॉ आर एन सिंह(जिला सलाहकार)शशिधर सिंह(संगठन मंत्री),अनुज सिंह( संगठन मंत्री) संतोष सिंह( संगठन मंत्री),रमेश सिंह( उपाध्यक्ष),बंटी,सिंह,अशोक सिंह, नागेश सिंह, रामेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, जागेश्वर सिंह,भुवनेश्वर सिंह( एडवोकेट), संजय सिंह( सभासद), संजय सिंह( एडवोकेट),सत्रोहन सिंह,अमरेंद्र सिंह आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे!

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली के उप निरीक्षक सर्वेश कुमार ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर में एक घर पर दबिश देकर वारंटी राकेश बाल्मीकि पुत्र टुंडे को गिरफ्तार कर लिया पुलिस द्वारा उसे न्यायालय में पेश किया गया है।राकेश के खिलाफकोतवाली में मुकदमा दर्ज था जिसके तहत वह तारीखों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके बाद उसके खिलाफन्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था और तभी से वह फरार चल रहा था।

### छापा मारकर दुकानों से पकड़ी प्रतिबंधित पॉलिथीन

**कोंच(जालौन)।** न्यायालय सहित शासन द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का लगातार दुकानों पर प्रयोग होता देख नगर पालिका प्रशासन द्वारा शनिवार की देर शाम नगर की कई दुकानों पर छापामारी कार्यवाही की गई।उक्त छापामार कार्यवाही में 4 दुकानों पर पॉलिथीन पकड़ी गई जिनसे नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरीशंकर पटेल ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के बजरिया इलाके में खुली दुकानों पर छापा मारकर अलग अलग कुल 4 दुकानों में रखी हुईं पाई गईं पॉलीथिन को लेकर एक दुकानदार से 1 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जबकि शेष 3 अन्य दुकानदारों को नोटिस थमाते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी दुकान पर पॉलीथिन का प्रयोग नहीं होना चाहिए और अगर कोई दुकानदार पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए पकड़ा जाएगा तो उस दुकानदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने हेतु लगाए गये कैम्प

**कोंच(जालौन)।** मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए रविवार को बीएलओ ने नगर के 10 स्थानों पर कैम्प लगाकर मतदाताओं के पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का काम किया। तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति के निर्देशन में नगर के प्राथमिक विद्यालय इंद्रा कन्या,अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलिज,नाथूराम बालिका इंटर कॉलिज, कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलिज, सेठ वृंदावन इंटर कॉलिज,एसआरपी इंटर कॉलिज व तहसील कार्यालय पर बीएलओ द्वारा कैम्प लगाकर लोगों के मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का काम किया गया।उक्त कैम्प विकास खण्ड कोंच व विकास खण्ड नदीगांव के अलग अलग स्थानों पर आयोजित किये गए।तहसीलदार ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से ऑनलाइन गरुण एप के माध्यम से जोड़ा जा रहा है और ऑफलाइन रूप से फॉर्म संख्या 6(ख) भरकर जोड़ा जाएगा।वहीं तहसीलदार ने आयोजित किये गये कैम्पों का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए बीएलओ की उपस्थिति जांची। कैम्प की व्यवस्थाओं में बीएलओ प्रभुदयाल, मोनिका पाटकार, कमलकिशोर, अखिलेश आदि संलग्न रहे।

### पुलिस ने डेढ़ किलोग्राम गांजा बरामद

**कुरारा(हमीरपुर)** । थाना क्षेत्र के पतारा मोड़ से बीती रात सन्दिग्ध हालत में खड़े ग्रामीण के पास से गांजा बरामद कर उसके खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के पतारा मोड़ के पास एक ग्रामीण सन्दिग्ध हालत में रात को खड़ा था। तथा हाथ में एक बोरी लिए था। उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार हमराह के साथ गश्त कर ने जा रहे थे। उसने पुलिस को देखते ही वह गांव की तरफतेज कदमो सेजाने लगा शंका होने पर उसको रोककर बोरी की तलाशी ली गयी तो उसमें सूखा गांजा बरामद हुआ। जब उसकी तौल कराने पर वजन एक किलो पांच सौ ग्राम निकला।

# सिंधू और सेन फाइनल में, अब स्वर्ण पदक का लक्ष्य

## बैडमिंटनः सिंधू, सेन जीते, श्रीकांत को कांसा

BIRMINGHAM 2022 commonwealth games

**भाषा।** बर्मिंघम

**विश्व रैंकिंग** के पूर्व नंबर एक भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष एकल बैडमिंटन स्पर्धा में रविवार को यहां कांस्य पदक जीता तो वहीं युवा लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक की ओर कदम बढ़ाए। इसके अलावा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक से एक जीत दूर है।

सेमीफाइनल में हार के बाद श्रीकांत कांस्य पदक के दावेदार थे लेकिन उन्हें इस पदक को जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। सिंगापुर के जिया हेंग तेह ने चोटिल होने के बाद भी गजब का जज्बा दिखाया। श्रीकांत ने इस मुकाबले को 21-15, 21-18 से जीतने के बाद रैंकिंग में 87वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के हौसले को सम्मान देते हुए गले लगया। इससे पहले भारत की 27 साल की खिलाड़ी सिधू ने महिला एकल मैच में अपने बेहतर तकनीकी खेल की बदौलत सिंगापुर की यिओ जिया मिन को 49 मिनट चले मुकाबले में 21-19 21-17 से हराया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने हालांकि सिंगापुर के जिया के खिलाफ दूसरे गेम में लय गंवा दी। उन्होंने हालांकि वापसी करते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 21-10, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। फाइनल में लक्ष्य के सामने मलेशिया के त्जे योंग की चुनौती होगी। योंग ने पुरुष एकल के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीकांत को 13-21, 21-19, 21-10 से हराया। चिराग और सात्विक की जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के चान पेंग सून और टैन कियान मेंग की जोड़ी को 21-6, 21-15 से आसानी से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को भी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को मलेशिया की तान कोंग ली पीयर्ली और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी ने सीधे गेम में 21-13, 21-16 से हराया। कांस्य पदक के प्ले ऑफ मैच में उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चेन हुआन-यू वेंडी और सोमरविले ग्रोन्या की चुनौती होगी। बीस साल के लक्ष्य ने शुरुआती गेम में अपने आक्रामक खेल से विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और आसानी से ।-0 की बढ़त कायम कर ली। दूसरे गेम में जिया ने खेल की गति को कम कर के बेहतर शुरुआत की। ब्रेक के समय जिया के पास 11-9 की बढ़त थी, लेकिन लक्ष्य की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने 16-9 की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद वापसी की लेकिन जिया ने तीन अंक से गेम अपने नाम कर लिये। निर्णायक गेम में लक्ष्य को हर अंक के लिए मेहनत करनी पड़ी लेकिन उन्होंने 11-7 की बढ़त हासिल की और फिर चार मैच प्वाइंट हासिल किया। उन्होंने पहले मैच को ही भुनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सेन ने मैच के बाद कहा, मैं दूसरे गेम में लय में हासिल नहीं कर सका लेकिन अंत में मैं परिणाम अपनी ओर करने में सफल रहा। पहले गेम में दर्शकों के समर्थन ने भी काफी मदद की।





### पदक तालिका (रविवार 12.30 बजे तक)

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 63 | 53 | 53 | 169 |
| 2. | इंग्लैंड | 54 | 59 | 52 | 165 |
| 3. | कनाडा | 23 | 31 | 33 | 87 |
| 4. | न्यूजीलैंड | 19 | 12 | 16 | 48 |
| 5. | भारत | 17 | 14 | 21 | 52 |

## भाला फेंक एथलीट अनु रानी को कांस्य

● पदक जीतने वाली पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी

**बर्मिंघम।** अनु रानी ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया, वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश ही पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी बन गईं। रानी ने अपने तीसरे प्रयास में 60 मीटर दूर भाला फेंककर तीसरा स्थान हासिल किया। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया की केलसे ली बार्बर ने 64.43 मीटर के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन मैकेंजी लिटिल 64.27 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहीं। रानी से पहले राष्ट्रमंडल खेलों में काशीनाथ नायक और ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा पुरूषों की भाला फेंक स्पर्धा में क्रमशः कांस्य और स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। नायक ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में जबकि चोपड़ा ने 2018 गोल्ड कोस्ट में पदक जीते थे।



### संदीप कुमार ने पुरूषों की 10,000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीता

बर्मिंघम। भारत के संदीप कुमार ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूषों की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। संदीप ने 38:49.21 मिनट का समय निकाला जिससे वह स्वर्ण पदक विजेता कनाडा के इवान डनफी (38:36.37) और रजत पदक विजेता आस्ट्रेलिया के डेकलान टिनगे (38:42.33) से पीछे रहे। इस स्पर्धा में एक अन्य भारतीय अमित खत्री सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय 43:04.97 से नौवे स्थान पर रहे।

## फाइनल में हार गई भारत की महिला क्रिकेट टीम

● ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण, रजत पदक से करना पड़ा संतोष

**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों में महिला टी20 क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। उसने भारत को 162 रन का लक्ष्य दिया है। जवाब में टीम इंडिया 152 रनों पर ऑलआउट हो गई। उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक मिला। भारतीय महिला क्रिकेट टीम 19.3 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। उसे जीत के लिए आखिरी ओवर में 11 रन बनाने थेए लेकिन टीम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकीं। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच नौ रन से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम के लिए हरमनप्रीत कौर ने सबसे ज्यादा 65 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्ज ने 33 रनों का योगदान दिया। इन दोनों के अलावा सभी बल्लेबाज फेल रहीं। ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में इस मैच को एश्ले गार्डनर ने मोड़ दिया। उन्होंने एक ही ओवर में पूजा वस्त्राकर और हरमनप्रीत कौर को आउट कर मैच पलट दिया। गार्डनर ने तीन और मेगन सट ने दो विकेट लिए। भारत को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार क्रिकेट में पदक मिला है। हालांकिए यह स्वर्ण पदक होता तो इसकी खुशी ज्यादा होती। क्रिकेट 1998 में इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा था। तब भारतीय पुरुष टीम कोई पदक नहीं जीत पाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप और टी20 वर्ल्ड कप के बाद राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक हासिल कर लिया।



### भारतीय पुरूष हॉकी टीम और राष्ट्रमंडल स्वर्ण के बीच आस्ट्रेलिया की दीवार

**बर्मिंघम।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलो के फाइनल मे सोमवार को उतरेगी तो उसका इरादा इन खेलो मे आस्ट्रेलिया का दबदबा तोड़ने का होगा। भारत ने अब तक राष्ट्रमंडल खेलो मे छह मे से एक भी बार स्वर्ण नही जीता है। इन खेलो मे 1998 मे हॉकी को शामिल किया गया जिसके बाद से 2010 और 2014 मे भारत ने रजत पदक जीते है। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया ने सभी छह स्वर्ण अपने नाम किए है। भारत के लिए आस्ट्रेलिया को हराकर पीला तमगा जीतना आसान नही होगा और इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तोक्यो ओलंपिक मे हालांकि 41 साल बाद पदक जीतने वाली भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत का रजत तो पक्का है लेकिन स्वर्ण सोने पे सुहागा होगी और मनप्रीत सिंह की टीम यह मौका चूकना नही चाहेगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को और आस्ट्रेलिया ने मेजबान इंग्लैंड को 3-2 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई।

#### भारत का कार्यक्रम

सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार : बैडमिंटन : महिला एकल स्वर्ण पदक मैच (पी वी सिंधू) : दोपहर 1 . 20 से , पुरूष एकल स्वर्ण पदक मैच (लक्ष्य सेन) दोपहर 2 . 10 से ,पुरूष युगल स्वर्ण पदक मैच (सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी) दोपहर तीन बजे से हॉकी : भारत बनाम आस्ट्रेलिया पुरूष हॉकी फाइनल (शाम पांच बजे से) , टेबल टेनिस : पुरूष एकल कांस्य पदक मैच : जी साथियान दोपहर 3 . 35 से ,पुरूष एकल स्वर्ण पदक मैच : अचंता शरत कमल दोपहर 4 . 25 से

## दीपिका-सौरव की जोड़ी को स्क्वॉश मिश्रित युगल में कांस्य

**बर्मिंघम।** दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल की भारतीय जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलो मे स्क्वॅश के मिश्रित युगल स्पर्धा मे रविवार को यहां कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मैच में ऑस्ट्रेलिया के लोबन डोना और कैमरून पिले की जोड़ी को सीधे गेमो मे 11-8, 11-4 से शिकस्त दी। खास बात यह है कि 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलो का फाइनल इन्हो दोनो जोड़ियो के बीच खेला गया था और तब भारतीय जोड़ी ने रजत पदक इस जीता था। रविवार को कांस्य पदक प्लेऑफ मे हालांकि दीपिका और घोषाल ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को कोई मौका नही दिया और आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। घोषाल के लिए इन खेलो का यह दूसरा पदक है। उन्होने इसी सप्ताह पुरूष एकल मे कांस्य पदक जीता है , जो इस वर्ग मे देश का पहला पदक है।

## शरत एकल फाइनल में, युगल में साथियान के साथ रजत

● टेबल टेनिस : श्रीजा कांस्य से चूकी

**बर्मिंघम।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने उम्र को धता बताते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करके राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष एकल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछली बार गोल्ड कोस्ट में कांस्य पदक जीतने वाले 40 वर्ष के शरत कमल ने मेजबान देश के पॉल ड्रिंकहाल को 11-8, 11- 8, 8 -11, 11- 7, 9 -11, 11- 8 से हराया। इससे पहले वह 2006 में मेलबर्न खेलों में फाइनल में पहुंचे थे और स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल में पहुंचने के साथ ही उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया जिससे राष्ट्रमंडल खेलों में उनके 12 पदक हो गए हैं। वह मिश्रित युगल में श्रीजा अकुला के साथ फाइनल खेलेंगे। इससे पहले शरत कमल और जी साथियान ने पुरूष युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि श्रीजा अकुला महिला एकल में कांस्य पदक से चूक गई। शरत कमल और साथियान को इंग्लैंड के पॉल ड्रिंकहाल और लियाम पिचफोर्ड ने बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11- 8, 11- 3, 7- 11, 11 - 4) से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहला गेम 11- 8 से जीत लिया था लेकिन मेजबान जोड़ी ने जल्दी ही वापसी करके स्कोर बराबर कर दिया। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने तीसरा गेम जीतकर बराबरी की लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर स्कोर 2 -2 से बराबर कर दिया। निर्णायक आखिरी गेम में इंग्लैंड की जोड़ी भारतीयों पर भारी पड़ी।



### पंघाल के स्वर्ण पदक से हरियाणा में उनके गांव में जश्न का माहौल

**चंडीगढ़।** भारतीय स्टार मुक्केबाज अमित पंघाल के रविवार को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की फ्लाईवेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते ही रोहतक के मैना गांव में उनके घर में जश्न मनाया जाने लगा। गांव की महिलाएं इस मुक्केबाज के घर में नाच और गाना गा रही थी। अमित के पिता विजेंदर पंघाल किसान हैं, उन्होंने कहा, हमें उस पर पूरा भरोसा था कि वह इस बार स्वर्ण पदक जीतेगा। उसने इसके लिए काफी मेहनत की है। मुक्केबाज के भाई अजय सेना में हैं। उन्होंने हाथ में तिरंगा लेकर कहा कि अमित ने वादा किया था कि वह राष्ट्रमंडल खेलों से स्वर्ण पदक लाएगा।

## गुस्सा करो, भड़ास निकालो लेकिन आगे बढ़ो : सेमीफाइनल हारने के बाद कोच ने कहा

**बर्मिंघम।** गुस्सा करो, कुंठा निकालो तुम्हें पूरा हक है लेकिन आगे बढ़ो और कांस्य पदक जीतो , आस्ट्रेलिया के हाथों राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में शूटआउट में मिली विवादित हार के बाद मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने भारतीय महिला हॉकी टीम से कुछ ऐसा ही कहा था। उनके इस संदेश ने मानों जादू का काम किया और सविता पूनिया की अगुवाई में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को शूटआउट में 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता है। शॉपमैन ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सब कुछ झोंक दिया लेकिन शूटआउट जिस तरह से शुरू हुआ, वह सही नहीं था। लेकिन हमें उसे स्वीकार करके आगे बढ़ना था। उन्होंने कहा, उसके बाद टीम बैठक में मैने लड़कियों से कहा कि गुस्सा करो, कुंठा निकालो और सारी भड़ास बाहर निकाल दो लेकिन कल नया मैच है और हमें आगे बढना है। हमें पता था कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं और इन लड़कियों ने वही किया।



### वी प्रणव भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** शतरंज खिलाड़ी वी प्रणव रोमानिया मे एक टूर्नामेंट जीतकर रविवार को भारत के 75वे ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के 15 वर्ष के प्रणव ने रोमानिया के बाइया मारे मे लिम्पेडिया ओपन जीतकर अपना तीसरा और आखिरी ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया। उन्होने नौ दौर मे सात अंक लेकर ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। यह शानदार अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढेगा और आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकूंगा। प्रणव तमिलनाडु के 27वे ग्रैंडमास्टर है।

### मंत्रालय ने संकेत की कोहनी की सर्जरी कराई

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत के लिए खाता खोलने वाले भारोत्तोलक संकेत सरगर ने रविवार को कोहनी की सर्जरी कराई जिसके लिए खेल मंत्रालय ने 30 लाख रूपए मंजूर किए। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति मे कहा, उन्हे तुरंत ही चिकित्सा मुहैया कराई गई और ब्रिटेन मे डाक्टरो ने उन्हे सर्जरी की सलाह दी। भारत सरकार ने इस युवा एथलीट की सर्जरी का खर्चा उठाने का फैसला किया और आज उनके ऑपरेशन के पूरे खर्चे के लिए 30 लाख रूपए की राशि मंजूर की।

### शतरंज खिलाड़ी आनंद फिडे उपाध्यक्ष बने

**चेन्नई।** भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को रविवार को खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिडे का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जबकि निवर्तमान अध्यक्ष आर्केडी वोर्कोविच को दूसरे कार्यकाल के लिए दोबारा अध्यक्ष चुन लिया गया। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद वोर्कोविच की टीम का हिस्सा थे। वोर्कोविच को 157 मत मिले जबकि उनके विरोधी आंद्रेई बैरिशपोलेट्स के पक्ष में सिर्फ 16 मत पड़े।

## शतरंज ओलंपियाड : भारत बी ने अजरबैजान से ड्रॉ खेला, भारत ए और सी जीते



**भाषा।** मामल्लापुरम

**भारत बी ने** 44वें शतरंज ओलंपियाडमें यहां रविवार को नौवें दौर में अजरबैजान से ड्रॉ खेला जबकि भारत ए और सी टीमों ने 3-1 से जीत दर्ज की। युवा डी गुकेश की जीत की लय टूटी और उन्होंने शखरियार मामेदियारोव से ड्रॉ खेला। इससे पहले उन्होंने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी फेबियानो कारूआना और विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व चैलेंजर एलेक्सेइ शिरोव को हराया था। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा अजरबैजान के खिलाफ भारत बी के लिए स्टार साबित हुए। उन्होंने वासिफ दुरारबायली को 66 चालों में हराया। रौनक साधवानी को निजात अबासोव ने मात दी जबकि निहाल सरीन ने रऊफ़ मामेदोव से ड्रॉ खेला। भारत ए ने ब्राजील को 3-1 से और भारत सी ने पराग्वे को इसी अंतर से हराया। महिला वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त पोलैंड ने भारत ए को मात दी। भारत बी ने स्विटजरलैंड को 4-0 से और भारत सी ने एस्तोनिया को 3-1 से हराया।

## भारत ने वेस्टइंडीज से सीरीज जीती

● टी-20 का पांचवा मैच 88 रन से जीता

**भाषा।** फोर्ट लाउडरहिल

**भारत ने** पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां वेस्टइंडीज को 88 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 4-। से जीती। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी को 15.4 ओवर में 100 रन पर समेट दिया। इससे पहले श्रेयस अय्यर की 64 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाए। श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम ने चार अनुभवी खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, भुवनेश्वर कुमार और सूर्यकुमार यादव को विश्राम दिया है। अंतिम एकादश में इशान किशन, कुलदीप यादव, पंड्या और श्रेयस की वापसी हुई है। नियमित कप्तान रोहित की जगह टीम की बागडोर संभाल रहे पंड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। श्रेयस ने 40 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाने के साथ सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद में 11 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 38 और दीपक हुड्डा के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 7.1 ओवर में 76 रन की साझेदारी की। हुड्डा ने 25 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन बनाए।



### एक्स स्टूडेंट्स क्लब व स्पोर्ट्स कॉलेज अंतिम चार में

**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग के क्वार्टर फाइनल मैच में एक्स स्टूडेंट्स क्लब व स्पोर्ट्स कॉलेज ने जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक्स स्टूडेंट्स क्लब ने मिलानी क्लब को 2-0 से हराया। एक्स स्टूडेंट्स क्लब की ओर से अविश ने 38 वे मिनटए आतिफने 56 वे मिनट में गोल किया। कल पुलिस न्यू ब्वॉयज क्लब और 11 स्टार क्लब के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा। वहीं एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में स्पोर्ट्स कॉलेज ने आर ए ब्वॉयज क्लब को 3-0 से हराया। स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर से नीतीश श्याम ने 11, 23 वे मिनट, विवेक ने 55 वे मिनट में गोल किया।



### बैडमिंटन चैम्पियनशिप चमके शटलर



**लखनऊ।** जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2022 गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित की जा रही थी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हो गया। एकल बालक (11) के फाईनल में कुशाग्र द्विवेदी ने शोर्य पण्डित को 21-12, 21-17 एवं एकल बालक ( 13) के फाईनल में प्रज्जवल पाठक ने प्रदुयुमन मिश्रा को 21-17, 21-17 एवं एकल बालिका ( 13) के फाईनल में प्रियांशी गोला ने शानवी सिंह को 21-8, 21-17 से मात दी। वहीं एकल बालक ( 15) के फाईनल में शिवम यादव ने अक्षय पाण्डेय को 21-15,-21-14 एकल बालिका ( .15) के फाईनल में धारा गुप्ता ने आध्या सेठ को 21-15, 21-14 एवं एकल बालक ( 19) के फाईनल में शिवम यादव ने भूमेश उतरानी को हराया 21-19, 21-15 तथा एकल बालिका ( 19) के फाईनल में नेहा मित्तल ने शगुन गुप्ता को 21-19, 21-15 से मात दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती वन्दना सहगल - डीन, राजकीय वास्तुकला माहविद्यालय लखनऊ तथा विशिष्ठ अतिथि अखिलेश कालरा (उपाध्यक्ष), सचिव डा सुधर्मा सिंह व उपाध्यक्ष अरून कक्कड द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया ।

## मोंटफोर्ट का जीत से शानदार आगाज

स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट

**लखनऊ।** मोंटफोर्ट इण्टर कॉलेज में द्वितीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में मोंटफोर्ट ने एमिकस अकादमी को 3 रनों से हराया। जिसमे पहले खेलते हुए मोंटफोर्ट की टीम ने 8 ओवरों में 48 रानो का लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए एमिकस की टीम 45 रन बनाकर आल आउट हो गयी। मैन ऑफद मैच का पुरुस्कार मोंटफोर्ट के देवांश को दिया गया जिन्होंने 25 रन बनाकर 2 विकेट लिए। मुख्य अतिथि नाहर अली बहादुर समाजसेवी थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आनन्द मोहन उपाध्याय डिप्टी कलेक्टर, डॉ विष्णु सहाय,अध्यक्ष वोविनाम व रमाकांत शुक्ला, समाज सेवी एके सक्सेना सचिव नॉन ओलिम्पिक एसोसिएशन आदि उपस्थित थे। टूर्नामेंट अध्यक्ष व मोंटफोर्ट कॉलेज के प्रधानाचार्य जीनु अब्राहम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से 12 टीमें भाग ले रही है।



### पिछले साल के टी20 विश्व कप के लिए रवैए और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत थीः रोहित

**लॉडेरहिल ( अमेरिका )।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले साल टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अपने रवैए और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए मजबूर हुई। रोहित अब ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के आगामी सत्र में भारतीय टीम की अगुवाई करने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन इससे पहले टीम को एशिया कप में खेलना है। स्टार स्पोर्ट्स के शो फॉलो द ब्ल्यूज पर रोहित ने कहा, हमने दुबई में टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बनाने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि हमने महसूस किया कि हम अपना खेल कैसे खेलते हैं, इस बारे में हमारे रवैए और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत है। भारत गत चैंपियन के रूप में एशिया कप में उतरेगा जिसे टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने पिछले कुछ महीनों में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी शैली अपनाई है और रोहित ने बताया कि टीम आगामी चुनौतियों के लिए कैसे तैयार हो रही है। अगर कप्तान और कोच से यह संदेश स्पष्ट है कि टीम कहां जाने की कोशिश कर रही है तो हर खिलाड़ी निश्चित रूप से ऐसा करने की कोशिश करेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की प्रगति की हुई समीक्षा

● जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध धन के सापेक्ष निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने के दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध धन के सापेक्ष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ शत.प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है।

बैठक में जिलाधिकारी ने सीएनडीएसए यूपीसीडकोए यूपीपीसीएलए सेतु निगमए जल निगमए राजकीय निर्माण निगमए पीडब्लूडी से सम्बंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने हिदायत देते हुए कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विभागों पर बिजली के बिल बकाया की धनराशि के भुगतान किए जाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम किसान सम्मान निधि में किसानों के डेटा सुधार का कार्य शीघ्रता से कराये जाने एवं खरीफ फसल बीमा के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के दिनों में बीमारियां ज्यादा फैलती है, इसलिए निराश्रित गो आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से खडंजा लगाये जाने का भी निर्देश दिया है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को बृहद गोशाला का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रचार-प्रसार के अभाव में मेगा कैंप पर वैक्सीनेशन कम

● घाटमपुर में नहीं हासिल कर सके वैक्सीनेशन का लक्ष्य

**घाटमपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कोविड टीके की एहतियातन डोज के लिए रविवार को मेगा कैंप का आयोजन किया गया। अभियान का प्रचार.प्रसार न होने के चलते वैक्सीनेशन कैंपों से भीड़ नदारत रही। जिसके चलते तीनों सीएचसी क्षेत्रों में वैक्सीनेशन निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सका। घाटमपुर सीएचसी में विधायक सरोज कुरील व भीतरगांव में विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान तीनों सीएचसी में तिरंगा भी लगाए गए। घाटमपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. कैलाश चंद्रा ने बताया कि मेगा कैंप के तहत 4440 कोविड.19 वैक्सीनेशन के एहतियातन डोज का लक्ष्य मिला था। रविवार को कोरियां, कोटरा, बीरपुर, रेउना, बरीपाल, गुजेला, बेंदा, टिकवांपुर, कोरो, रामपुर, सजेती आदि के अलावा पॉवर प्लांट, कोतवाली घाटमपुर व सीएचसी समेत कुल 40 स्थानों पर कैंप लगाए गए थे। कैंपों में सुबह 10 से 04 बजे तक लक्ष्य के सापेक्ष कुल 3830 लाभार्थियों को एहतियातन डोज दी गई। बारिश के चलते अभियान में व्यवधान पड़ा, जिससे लोग कैंप तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी तरह पतारा सीएचसी अधीक्षक डॉ. नीरज सचान ने बताया कि पतारा ब्लॉक क्षेत्र में रविवार को मेगा कैंप के तहत 3030 कोविड-19 की एहतियातन डोज का लक्ष्य दिया गया था। सीएचसी पतारा के साथ जगदीशपुर, तरगांव, मोमिनपुर, पड़रीलालपुर, रायपुर, संचितपुर, बरनाव, पहेला, बहरी, राम सारी समेत 25 स्थानों पर कैंप लगाकर गए थे। जिसमे कुल 2789 लोगों का टीकाकरण किया गया।

## क्विक न्यूज

### शिविर में 73 मरीजों के नेत्रों की हुई जांच, 17 रेफर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्थानीय सुआबाबा मंदिर परिसर में रविवार को श्री ओमर वैश्य सेवा समिति पुखरायाँ की ओर से 87 वां नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इसमें 73 मरीजों की आखों की जांच की गई। जिनमें से 17 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर की टीम के चिकित्सकों ने नेत्र शिविर सम्पादित किया। डा. शिवम् श्रीवास्तव, सहयोगी रानी कुशवाहा, अमित त्रिवेदी एवं अभिषेक के साथ मौजूद टीम के सदस्यों ने 73 मरीजों के शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की। मोतियाबिंद आपरेशन के लिए उपयुक्त पाये गए 17 मरीजों को एक निजी बस द्वारा चौबेपुर कानपुर ले जाया गया। समाजसेवी हरीकृष्ण ओमर ने चाय, नाश्ता, भोजन में मरीजों की तहरी ब्यवस्था कराई। आयोजकों में बाल..ष्ण, गौरीशंकर, शारदा ओमर, हरी..ष्ण ओमर मौजूद रहे। अगला नेत्र शिविर 04 सितंबर 2022 रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुआ बाबा मन्दिर परिसर पुखरायाँ कानपुर देहात में फिर से आयोजित किया जाएगा।

### सीएमओ की देखरेख में लगे बूस्टर डोज

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए के सिंह की देखरेख में बूस्टर डोज लगाये गए। मलूम हो कि शासन की ओर बूस्टर डोज लगाने का रविवार को विशेष अभियान था। जनजागरण के कारण सुबह से ही बूस्टर डोज लगाने की लोगों पंजीकरण हो रहा था। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए के सिंह व चिकित्सा अधीक्षक अनूप सचान की की देखरेख में कोरोनावायरस की बूस्टर डोज लगाए गए।

### मुफ्त प्रीकाशन डोज अभियान में भाजपाइयों ने दिया योगदान

**फतेहपुर।** जिला अस्पताल सहित जनपद के सभी सीएचसी व पीएचसी में बूस्टर डोज लोगों को दिये गये। सभी स्थानों में एक साथ भाजपा पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा गति देने के लिए लगाया गया। जिला अस्पताल में जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, पार्टी अभियान प्रभारी नीरज सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पीएचसी सेमरहटा में जिला मंत्री व बूस्टर डोज अभियान सहप्रभारी कुलदीप भदौरिया कार्यकर्ताओं संग उपस्थित रहे। वहीं सीएचसी संक्रांत खालिस असोथर में स्थानीय विधायक विकास गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, राम महेश निषाद, करूणेश दुबे, पीएचसी असोथर में मंडल अध्यक्ष असोथर अमित अग्निहोत्री, सौरभ अग्निहोत्री, आशुतोष, सरवर खान बहुआ में जिला उपाध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह, अरिमर्दन सिंह आदि मौजूद रहे। इसी कड़ी में पीएचसी भिटौरा में बूस्टर डोज लगाने का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भिटौरा अमित तिवारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पीएचसी प्रभारी डॉ0 राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बूस्टर डोज लगनी शुरू हो गई है। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### आदर्श व्यापार मंडल ने पदयात्रा निकाल किया जागरूक

**फतेहपुर।** आदर्श व्यापार मंडल की तरफ से आजादी के 75वें वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत पंपलेट एवं ढोल ताशा बजाकर जन जागरूक अभियान प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग एवं जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी के संयुक्त नेतृत्व में व्यापारियों संग पटेल नगर चौराहा से सदर हॉस्पिटल चौराहा तक पैदल भ्रमण करके लोगों को राष्ट्रीय महापर्व के बारे में जागरूक किया गया। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आजादी का महोत्सव हर घर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर अपने देश का गौरव बढ़ाएंगे। भाजपा ने ठाना है पूरे जिले में भ्रमण करके लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, संरक्षक सुशील मिश्रा, मनीषा गुप्ता, मंजू शुक्ला, माधुरी साहू, रंजन आदि मौजूद रहे।

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डीएम व सीडीओ ने किया पौधरोपण

**कानपुर देहात।** आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत स्व. डीके सिंह ऑल इंडिया बैडमिन्टन खिलाड़ीए पदक विजेता उप्र वन विभाग जी की स्मृति में बैडमिन्टन दो दिवसीय प्रतियोगिता का जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में हरिशंकरी का पौधरोपण एवं गुब्बारे को हवा में छोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी बैडन्टिन टीम के खिलाड़ियां से परिचय लिए तथा कहा कि आजादी का अमृत महोत्वस की श्रृंखला एवं स्व डीके सिंह ऑल इंडिया बैडमिन्टन खिलाड़ीए पदक विजेता उप्र वन विभाग जी की स्मृति में यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैए जिसमें सभी प्रतिभागी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें तथा अच्छे से खेले और सफल हो।

# संपन्न हुई बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह एवं अंबेडकर मेला की तैयारी बैठक

**पुखरायां, कानपुर देहात।** दशहरा के अवसर पर आयोजित होने वाले बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह एवं अम्बेडकर मेला की तैयारियों के लिहाज से रविवार को स्थानीय कृषि उत्पादन एवं मंडी समिति के मैदान पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारियो में जुट जाने के लिये जोश भरा गया।


बैठक को संबोधित करते पैंथर धनीराव बौद्ध

मालूम हो कि भारतीय दलित पैंथर के तत्वाधान में दशहरा के अवसर पर स्थानीय कृषि उत्पादन मण्डी समिति विशाल बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह एवं अम्बेडकर मेला आयोजित किया जाता है। उत्तर भारत में इस तरह का यह इकलौता मेला है। जिसमें ला एण्ड आर्डर के लिए प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। इस अवसर पर मेला के संस्थापक पैंथर धनीराव बौद्ध ने कहा कि यह मेला किसी एक व्यक्ति का नहीं है यह अम्बेडकरवादी सम्पूर्ण समाज व मानववादी लोगों का है।, हम रहे या न रहे, यह मेला सदैव समाज के सहयोग व देखरेख में लगता रहेगा। पैंथर जी द्वारा कहा गया कि शीघ्र ही मेला संयोजक व सह- संयोजक का नाम सर्वसम्मति से घोषित कर दिया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भिक्खु बुद्ध प्रिय, डा. विनोद कुमार, डा. श्याम सिंह, पूर्व मेला संयोजक पिंकू सचान, रामस्वरूप, रामचंद्र संखवार, ओम कठेरिया, बदन सिंह, डा. मान सिंह बंगाली, सिद्ध गोपाल, आलोक कुमार, दीपक राज, चन्दन निषाद, जयराम मास्टर, नवनीत कुमार, बृजेन्द्र सिंह, पंकज कुमार, नागेश वर्मा, सत्य नारायण, उमेश कुमार, संतोष पैंथर( प्रदेश महामंत्री), योगेश कुमार, राज किशोर, श्याम प्रसाद, अजीत कुमार बौद्ध, आशीष कुमार, बबलू संखवार, राजू भाई, अतर सिंह, अंतर सिंह, रमेश यादव, विमल सचान, बाबूराम, प्रदीप कुमार, भारत सिंह बुंदेला, श्याम प्रसाद, राम औतार, संजय कुमार भारती, राज कुमार गौतम, आशीष कुमार, चीनी सचान, रिजवान, प्रेम शंकर गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन, रेत निकालकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**गंगा मइया** स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पांचाल घाट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन द्वारा समिति के अधिष्ठाता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ जी के संरक्षण व समिति के संस्थापक-अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में 431वां आयोजन सम्पन्न हुआ। सत्यव्रत पाण्डेय व समिति के सदस्यों ने गंगा की धार से रेत निकालकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ जी का स्वयंभू मृत्युलोकाधिपति भगवान महाकालेश्वरनाथ जी का वेदमंत्रों द्वारा ध्यान और आवाहन कर दूध, दही, घृत, मधु, शर्करा, पंचामृत, विजया, गंधोदक आदि से अभिषेक कर श्रृंगार कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ महादेव की आरती कर विश्व कल्याण की



कामना की कार्यक्रम गोपाल कृष्ण मिश्रा, वरुण पाण्डेय संदीप पाण्डेय, अभिषेक शुक्ला, ऐश्वर्य पाण्डेय, गोविंद बाजपेई, अटल द्विदेदी, अतुल दीक्षित, संदीप बाजपेई, देवेंद्र दुवे, रिशु शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# फतेहपुर फोटोग्राफी एसो. की कार्यशाला



**फतेहपुर।** फतेहपुर फोटोग्राफी एसोसिएशन की कार्यशाला सिविल लाइन स्थित एक मैरिज हाल में अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसका संचालन संगठन मंत्री कृष्णा मौर्या उर्फ बबलू कर रहे थे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द्र वर्मा ने संगठन के उद्देश्य और मौजूदा परिवेश में भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पूर्व स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया। उन्होंने संगठनात्मक कार्यों की सराहना भी की।

कार्यशाला में मेंटर के रूप में विषय विशेषज्ञ विकास बाबू मौजूद रहें। उन्होंने कई तकनीकी बिंदुओ और महत्वपूर्ण तर्कों पर सभी का ध्यान केंद्रित करते हुए जानकरियाँ दी। मौजूद फोटोग्राफरो को कैमरे एसोसिएशन द्वारा कैमरा रिपेयरिंग, माडल शूट, एलबम डिजाइनिंग, गोडाक्स की लाइट्स, मिक्सिंग साफ्टवेयर की व्यवस्था की गई थी। जिससे जुड़ी जानकारियाँ प्रैक्टिकली उपलब्ध कराई गई और फोटोग्राफरो के संशय भी दूर किये गये। कार्यशाला में प्रमुख रूप से महामन्त्री सन्तोष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष के.ब., मो. आजम समेत कोषाध्यक्ष अनुपम, जिला प्रभारी आरके सोनी, संगठन मंत्री प्रवीण अग्निहोत्री, राजू, चंदर मौर्य, मो. अली, मीडिया प्रभारी गुड्डू श्रीवास्तव, हथगाँव इकाई के अध्यक्ष उग्रसेन, खागा इकाई के अध्यक्ष सीएल सिंह आदि शामिल रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान में तिरंगा बनाने के काम से महरूम रह गया खादी संस्थान

● जिले में 5 लाख 67 हजार तिरंगे लगाने का निर्धारित है लक्ष्य, 2.65 लाख सरकार ने तो 3.02 लाख तिरंगा बनाने का काम कर रहीं समूह की महिलाएं, खादी को तिरंगे का काम न देने से मायूस है ग्राम सेवा संस्थान के कर्मचारी

संवाददाता। फतेहपुर

**स्वतंत्रता** के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे देश में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में भले ही जनपद में 5.50 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हो लेकिन इस महा-अभियान में भी तिरंगा बनाने के लिए जाने जाने वाले खादी संस्थान की बदहाली नहीं बदली। सरकारी स्तर से घरों में लगाने के लिए मिलने वाले तिरंगों के अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को तो तिरंगा बनाने का काम दे दिया गया लेकिन खादी इससे महरूम रहा। शासन स्तर पर भले ही खादी की दशा व दिशा सुधारने के लिए लाख दावे और वायदे किए जाते रहे हों लेकिन जब मौका आया तो खादी को पूछा ही नहीं गया। बड़ी कंपनियों ने तिरंगा बनाने के काम में हाथ साफकर दिया। देश 11 से 17 अगस्त के बीच अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा का उत्सव मना रहा है और इसके लिए शासन-प्रशासन स्तर पर बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हैं। इस महा-अभियान में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर में तिरंगा 90म60 सेंमी0 का लगाया जाना है और 16 व 17 अगस्त को तिरंगे को हटाने का काम होगा हालांकि तिरंगा लगने का कार्य 11 अगस्त से ही शुरू हो जाएगा। जनपद में 5 लाख 67 हजार तिरंगों को लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसमें 2 लाख 65 हजार तिरंगे एमएसई द्वारा जनपद को मुहैया कराए जाएंगे जबकि 3 लाख 2 हजार तिरंगों को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जरिए बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हर घर में तिरंगा लग सके इसके लिए 365 समूहों को 2 लाख 10 हजार तिरंगे बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में तिरंगा बनाने का काम जारी है लेकिन इस काम में महारथ हासिल करने वाली संस्था ग्राम सेवा संस्थान खादी ग्रामोद्योग को इससे दूर रखा गया। शासन स्तर पर खादी को मजबूत करने के लिए दावे भले ही लाख किए जाते हों लेकिन जब मौका आया तो सरकार ने ही खादी को ठेंगा दिखा दिया। बड़े पैमाने पर खादी को अगर तिरंगा झंडा बनाने का काम दिया जाता तो सरकार का पैसा सरकार के पास और खादी की आर्थिक मजबूती भी होती। नियमतः तिरंगा बनाने के लिए उन्हीं लोगों को अधिकृत किया जा सकता है जिन्हें ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) का लाइसेंस मिला हो। चूंकि काम व अभियान बड़ा है इसके लिए तिरंगा लगाने से लेकर बनाने तक के नियमों में संवैधानिक व्यवस्थाएं कर ली गई होंगी लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या खादी को यह काम नहीं दिया जा सकता था। समूह में ग्राम पंचायत स्तर पर जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर हो जाएं इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता लेकिन बदहाली में चल रही खादी को भी इस अभियान से और मजबूती मिल जाती तो हर्ज भी क्या है। व्यापक पैमाने पर बड़े व्यवसाइयों को तिरंगा बनाने का काम दिया गया है और इसी का नतीजा है कि सूरत गुजरात में कपड़ा बनाने वाले बड़े कारखानों में कपड़ा बनाने का काम बंद कर करोड़ों की तादाद में दिन-रात तिरंगा बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि अपनी उपेक्षा से खादी से जुड़े लोग आहत नहीं है। ग्राम सेवा संस्थान के मंत्री सत्येंद्र सिंह का कहना है कि गणतंत्र दिवस गांधी जयंती एवं स्वतंत्र दिवस के मौके पर खादी का झंडा लोग लेने आते थेऔर हर वर्ष करीब 500 झंडो की बिक्री होती रही है लेकिन जब हर घर तिरंगा लगाने का समय आया तो खादी को नहीं पूछा गया।

# स्वास्थ्य मेला का न्यायमूर्ति मंजूरानी ने किया शुभारंभ



● 5434 मरीजों का हुआ परीक्षण

● मेदांता, कार्डियोलाजी व मेडिकल कालेजों के चिकित्सक पहुंचे

● जिले की प्रशासनिक जज ने अपनी माटी से जुड़ाव का दिया मंत्र

संवाददाता। फतेहपुर

**लोकतंत्र सेनानी** महेंद्र प्रताप नारायण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर भारत विकास परिषद के तत्वावधान विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन भिटौरा रोड स्थित एमपीएनएस इंटरनेशनल स्कूल बिसौली में किया गया। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जिले की प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान ने किया। स्वास्थ्य मेले में 5434 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई और जिला चिकित्सालय की तरफ लगे स्टाल पर पात्रों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। न्यायमूर्ति ने कहा कि हमें अपनी माटी से जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। निश्चित ही अपनी जन्मभूमि के प्रति लगाव हर एक में होता है और अपनी जन्मभूमि के हितार्थ कोई कार्य करने अवसर मिले तो उसे साधना समझकर करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मेले के माध्यम से गरीब व सामान्य लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में परिषद के प्रयासों की सराहना की। जिले की प्रशासनिक जज के पति व लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह ने स्वास्थ्य मेले के सफल आयोजन पर बधाई दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने शैक्षिक ज्ञान के साथ ही साथ व्यवहारिक सीख की आवश्यकता जताई। उन्होंने गुरुतर दायित्वों के लिए जहां शिक्षकों को सचेत किया, वहीं अभिभावकों से शैक्षिक उन्नयन में भागीदारी का आह्वान किया। प्रभारी जिला जज पृथ्वीपाल यादव, सीजेएम मंजूरानी समेत जिले के न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। परिषद के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान राजेंद्र प्रताप सिंह, अजय गुप्त, संजीव अग्रवाल, हरिओम रस्तोगी, केशवराम त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश गुप्त, लालचंद्र गुप्त, महेंद्र गुप्त, संजय गुप्त, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, अजय सिंह, मनोज शुक्ल, महेशकांत त्रिपाठी, मनीष तिवारी, देवराज सिंह, अविनाश तिवारी, मुकेश गुप्त, प्रेमा सिंह राठौर, सुनीता गुप्ता, अंजू त्रिपाठी, गुंजन अग्रवाल, सुनिधि तिवारी, स्मिता सिंह, सुमन गुप्ता, स्वाती जैन, साधना तिवारी, शालिनी सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, सुधाकर सिंह, वीरेंद्र पटेल, संतोष गुप्त आदि रहे।

चिकित्सक व उनकी टीम ने किया उपचारः डॉ. अवधेश शर्मा कानपुर कार्डियोलाजी व उनकी टीम, डॉ. प्रदीप कुमार मेदांता लखनऊ व उनकी टीम, डॉ. रचना सक्सेना व उनकी टीम, डॉ. एनके सक्सेना व जिला अस्पताल की टीम, डॉ. फहीम खान व मेडिकल कालेज सहारनपुर की टीम, स्वरूपरानी मेडिकल कालेज की चिकित्सीय टीम, डॉ. योगेंद्र भदौरिया व किप्स हास्पिटल की टीम, डॉ. भोजराज गुप्त, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ गुप्त ने अपनी चिकित्सकीय सुविधायें प्रदान की।

# सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के राधानगर के समीप देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट मे आ जाने से लगभग 56 वर्षीय अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर देख कानपुर रिफर कर दिया। जिसकी देर रात मौत हो गई। असोथर थाना क्षेत्र के झब्बापुर गांव निवासी वीरन पण्डा का पुत्र मुन्नूलाल पण्डा देर शाम शहर किसी काम से आया था। जब वह राधानगर के समीप पहुचा। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दियां। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेस से घायल को उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जिसकी देर रात उसकी मौत हो गयी परिजन शव लेकर वापस फतेहपुर आ गये और सदर अस्पताल में मर्चरी हाउस में रखवा दिया। वही सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ब्रह्मा कुमारी केंद्र पर अमृत महोत्सव व रक्षाबंधन पर्व मनाया गया

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**प्रजापिता** ब्रह्मा कुमारी केंद्र पर अमृत महोत्सव व रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। आजादी का अमृत महोत्सव एवम् अलौकिक रक्षाबंधन का पर्व सर्चलाइट भवन बीबी गंज में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मिथलेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगराधिकारी श्रीमती दीपाली भार्गव रही । सबसे पहले आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर उन्हे बैज लगाकर बी के पूनम बहनए अनीता बहन ने स्वागत किया । कुमारी इच्छा ने अतिथियों के सम्मान मे स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया । सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर सामूहिक रूप से सभी ने राष्ट्र गान गया।

मुख्य अतिथि नगराधिकारी श्रीमती दीपाली भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि मैं कोई महिला सशक्तिकरण नही हू बल्कि मुझे आपने ही हिम्मत दी है। मैने कभी हारना नही सीखा। सभी अपने स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए सजग रहे ।



हमे अपनी कमजोरी दूर करके अपने को मजबूत करना चाहिए । जीवन में कभी हताश नहीं होना चाहिए । अतिक्रमण अभियान में कुछ लोगो का नुकसान हुआ एउसके लिए मैं माफी मांगती हूं। यह शासन का आदेश था जो मेरे द्वारा सख्ती दिखाकर अतिक्रमण अभियान का पालन कराया गया ।

केंद्र संचालिका राजयोगनी बी के मंजू बहन ने कहा कि दया और करुणा जब मनुष्य को आती है तब प्रेम बढ़ता है। आजादी के अमृत महोत्सव के साथ साथ आज हम रक्षाबंधन पर्व मना रहे है। ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय के मुख्यालय माउंट आबू में यह अमृत महोत्सब मई महीने में ही मना लिया गया था । 12से17अगस्त तक हम तिरंगा झंडा अपने अपने घरों में लगाए । रक्षाबंधन में माथे पर टीका लगाकर ए राखी बांधकर मुंह मीठा कराकर संकल्प कराया जाता है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्मा कुमारी के 4000 सेवा केंद्रों पर कार्यक्रम करके 10 करोड़ लोगो तक संदेश देने की बात कही तथा 75000 वृक्ष रोपण का कार्य मई महीने में पूर्ण हो चुका है ।भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी सक्सेना ने कहा कि सबसे पहले माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बाधी थी एतब से ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाने लगा। लक्ष्मी के पति भगवान विष्णु ने बावन अवतार में राजा बलि से उनकी पूरी धरती तीन पैर में नाप ली थी और उनसे पाताल लोक में जाने को कह दिया था ।

अध्यक्षता कर रही महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि रक्षाबंधन व अमृत महोत्सव इसको दो भागो में बाटा जा सकता है । रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का त्योहार है । राखी के महत्व को हम सबको बताए । आज माता पिता भी अपने बच्चो से साइबर से बात करते है उनके पास भी अपने बच्चो के लिए टाइम नही है । महिला आयोग की सदस्य के रूप में मैने महिलाओं के दर्द को बहुत करीब से देखा है । आज काफी निर्दोष महिलाए जेल में बंद है । मोदीजी ने गत वर्ष अमृत महोत्सब शुरू किया जिसका 15 अगस्त को समापन है । अंग्रेजो की सैकड़ों वर्षो की गुलामी के बाद हम आजाद हुए । 75साल पूरा होने के बाद हम आजादी का अमृत महोत्सव माना रहे है । कमलेश कुशबाहा एड ने कहा कि अमृत महोत्सब व रक्षाबंधन की सभी को शुभकामनाएं ।मेरा मानना है कि रानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजो से अकेले लोहा लिया जबकि सभी राजाओं ने अग्रेजो के समक्ष हथियार डाल दिए । इसलिए हमे अपनी बहनों को बहुत शक्तिशाली बनाना है । अन्त में महेश पाल सिंह उपकारी ने भी संबोधन दिया । संचालन कर रही श्रीमती भारती मिश्रा ने कहा कि बहने अपने भाई की कलाई में राखी बांधती है क्योंकि कलाई में ब्रह्मा, विष्णु, महेश और सरस्वती, लक्ष्मी,पारबती का निवास होता है । सुरेश गोयल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ, श्री कृष्ण गुप्ता , पूर्व प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना, बी के राधेश्याम,सोनी मेहरोत्रा,बाबूराम, रामदास, बी एम सिंह , रविंद्र भदौरिया, सुनीता गुप्ता, सोनी मेहरोत्रा, सीमा टंडन, खुशबू, आदि कई लोग मौजूद रहे।

# कोरोना को हराने के लिए सभी लोग बूस्टर डोज लगवाएं: मयंकेश्वर


प्रशस्ति पत्र देते हुए राज्यमंत्री


बूस्टर अमृत डोज लगवाते राज्यमंत्री

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**जिला रेफरल** चिकित्सालय तिलोई में कोरोना की बूस्टर डोज मेगा शिविर का शुभारम्भ प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एव चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।कोरोना महामारी में उत्कृष्ट सेवा करने वाले लोगों को राज्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवा प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया और राज्यमंत्री ने कोरोना से बचाव के लिये बूस्टर डोज लगवाई।जिला रेफरल चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य एव चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि कोविड से बचाव के लिये हर व्यक्ति को बूस्टर अमृत डोज लगवाकर महामारी को हराना है।राज्यमंत्री ने आम जनमानस से बूस्टर डोज वैक्सीनेशन लेने की अपील की है। राज्यमंत्री के साथ प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व जिल पंचायत सदस्य राम कृष्ण भारती सहित एक सैकड़ा लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई।सीएमओ डॉ. विमलेंदु शेखर ने कहा कि बारह लाख अरसठ हजार बूस्टर डोज लगाने के लिये जनपद के तेरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एव तीस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ ही एक सौ आठ केंद्रों पर टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया है जिससे किसी भी शख्स को टीकाकरण के दौरान समस्याओं का सामना ना करना पड़े।राज्यमंत्री ने कोविड के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।जिला रेफरल चिकित्सालय प्रभारी डॉ. हेमलता यादव ने राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस मौके पर एसडीएम फाल्गुनी सिंह,प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, धर्मेश मिश्रा, डॉ.अभिषेक शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# बछरावां उप डाकघर में मानक विहीन राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री करके राष्ट्रीय ध्वज को किया जा रहा अपमानित

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**एक तरफ** सरकार हर घर तिरंगा कार्यक्रम को साकार करने की योजना बना रही है वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय ध्वज अब केवल लोगों की कमाई का जरिया बन चुका है। यह कैसा राष्ट्रीय ध्वज सरकारी संस्थानों में बिक्री के लिए आया है जिसमें अशोक चक्र बीच में ना होकर एक किनारे पर बना हुआ है। इतिहास में ऐसा तिरंगा किसी ने नहीं देखा होगा। इस कारण इसका अपमान भी शुरू हो गया है। डाकखाने में जहां पर पढ़े लिखे लोगों की भर्ती की जाती है अब वही पढ़े लिखे लोग सरकारी झंडा बताकर मानक विहीन राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री 25 रूपए में कर रहे हैं। अब जब सरकारी लोगों द्वारा ही इस तरह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया जाएगा तो आम जनमानस क्या अपेक्षा की जा सकती है वही संवाददाता ने जब डाकघर में बिक्री करने वाले कर्मचारी से बात की तो उन्होंने बताया कि जो भी ऊपर से आया है उसकी हम बिक्री कर रहे हैं इसके हम जिम्मेदार नहीं हैं सरकार जिम्मेदार है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरकार हर घर तिरंगा लहराने की योजना बना रही है वहीं दूसरी तरफराष्ट्रीय ध्वज का इस बार सबसे अधिक अपमानित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षित युवा यह मानक विहीन राष्ट्रीय ध्वज खरीदने को तैयार नहीं है अगर ऐसी स्थिति रही तो सरकार की हर घर तिरंगा योजना धरातल पर टाय टाय फिस्स ही रहेगी। वही इस संबंध में डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता शिक्षाविद व भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री डॉ मारुति कुमार मिश्रा से जब संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि यह डाकखाने में बिक्री के लिए आए राष्ट्रीय ध्वज पूरी तरह से मानक विहीन है अशोक चक्र ठीक बीच में होना चाहिए इसकी मैं घोर निंदा करता हूं राष्ट्रीय ध्वज का अपमान ठीक नहीं है।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन ने मेधावियों को किया सम्मानित

- जीवन के अनमोल क्षणों को संजोकर रखने का माध्यमः प्रबंधक
- फोटोग्राफी कार्यशाला में सीखे तकनीकी टिप्स

संवाददाता। तिलोई,अमेठी


फोटो-03 प्रशस्ति पत्र के साथ मेधावी छात्राएं

**फोटोग्राफर एसोसिएशन** ऑफ उत्तर प्रदेश अमेठी इकाई द्वारा फोटोग्राफी कार्यशाला एवम मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह जगदीशपुर ब्लाक के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगौती प्रसाद यादव स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान वारिसगंज में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष सेवानिवृत्त रक्षा विशेषज्ञ आत्मा राम यादव,प्रदेश प्रवक्ता दीपक कपूर ,शिव लाल यादव एवम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। तदुपरांत विद्यालय प्रबंधक राजकुमार यादव ,जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा,प्रदेश प्रवक्ता दीपक कपूर,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवलाल यादव एवम फोटोग्राफर एसोसिएशन अमेठी इकाई के सदस्यों द्वारा विद्यालय की 20 मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में लखनऊ से आये फोटोग्राफी विशेषज्ञ विकास बाबू ने कैमरे की बेसिक जानकारी के साथ ही वेडिंग फोटोग्राफी, कैंडिड,सिनेमेटोग्राफी की जानकारी दी।कार्यक्रम के समापन को संबोधित करते हुए फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नही होती ।हम आजीवन कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। हमे कोई भी चीज सीखने में शर्म नहीं महसूस करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी सदस्यों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष फोटोग्राफर एसोसिएशन लखनऊ अमर सिंह, महामंत्री समेत तमाम लोगों ने संबोधित किया।इस अवसर पर शिव लाल यादव, राजेन्द्र वर्मा, रिंकू ओझा , तुलसी राम वर्मा,गुंजन,शिवांश,अमित, कृष्ण कुमार , सचिन यादव, राजेश यादव, अनुज शर्मा, अनिल यादव, ओम प्रकाश , दिनेश कश्यप, बलकरन चौरसिया, सौरभ यादव, आलोक मिश्रा,अनिल निरंकारी, दारा यादव ,सादाब खान,सुरेंद्र कुमार, उपस्थित रहे एव आयोजित वर्कशॉप को सफल बनाने का स्वंकल्प लिया।आयोजक फोटोग्राफर एसोसिएशन अमेठी की तरफ से जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया है ।

## कई कम्पनियों ने लगाए अपने स्टाल

फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आयोजित फोटोग्राफी कार्यशाला में कई कंपनियों ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों के बारे में बताया। आयोजित कार्यशाला में कम्प्यूटर सर्विस सेंटर जगदीशपुर, जे क्लास फोटोबुक,अन्नू फिल्म्स,डी जी फ्लिक,कैमरा केयर, फ्यूजी फिल्म,सन सिस्टम, जी7 ने अपने स्टाल लगाकर उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में बताया ।

## मॉडल की फोटो खींचने के लिए मची रही हो?

आयोजित फोटोग्राफी कार्यशाला में अमेठी से आई मॉडल की फोटो खींचने के लिए हो? मची रही। अमेठी से मॉडल पूजा कृष्णन यादव ने अपनी शोख अदाओं से लोगों का मन मोह लिया।

## क्विक न्यूज

### बिजली की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

**गौरीगंज,अमेठी** । बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना पाते ही तहसील प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गौरतलब हो कि कोतवाली गौरीगंज के नरौली वासी रामेश्वर की पत्नी रामपति शनिवार देर शाम लगभग 8 बजे घर से सटे खम्भे में बंधी अर्गन से कपड़ा उतार रही थी। जिसमें पहले से ही करंट प्रभावित हो रहा था। जिस पर हाथ लगाते ही वह बिजली की चपेट में आकर जमीन पर गिर गई। ग्रामीण और परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाते ही उपजिलाधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय पीड़ति परिजनों के घर पहुंचकर उन्हें ढाढस बंधाते हुए हर तरह से प्रशासनिक मदद दिए जाने का आश्वासन दिया। मृतका के तीन पुत्र और तीन पुत्रियां है। घटित घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं। बिजली विभाग के कर्मियों न पहुंचने से ग्रामीणों में बहुत ही रोष व्याप्त है।

### ढाबे पर काम करने वाले युवक को ट्रक ने रौंदा,मौत

**तिलोई,अमेठी** । थानाक्षेत्र शिवरतन गंज की रिपोर्टिंग चौकी इन्हौना के चिलौली गांव मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन विभाग के अनुबंधित मिश्रा ढाबे पर काम करने वाले युवक की ट्रक से कुचल कर मौत हो गई।मृतक युवक की पहचान बृजेश कुमार 22 वर्ष पुत्र स्व सियाराम शुक्ल के रूप में हुई है।मामले की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है आरोपी ट्रक चालक को ट्रक समेत हिरासत में लिया गया है चौकी प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जायेगा।

### ग्लोबल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमेठी**। राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल में कक्षा 8, 9 तथा 10 के बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 8 के बच्चों ने %कागज के टुकड़ों को सॉफ्ट वर्जन से बदलना समय की मांग है % विषय पर, कक्षा 9 के बच्चों ने %सोशल मीडिया हमारी सामाजिकता को कम कर रही है % विषय पर तथा कक्षा 10 के बच्चों ने %तकनीकी ज्ञान हमारा रक्षक है या भक्षक?% विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में कुल 37 बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें 19 बच्चों ने पक्ष में तथा 18 बच्चों ने विपक्ष में अपनी बात रखी। प्रतियोगिता का संचालन सोमेश्वर प्रताप सिंह ने किया और निर्णायक की भूमिका पूनम सिंह, नंदिता चक्रवर्ती, प्रियंका बरनवाल और पिंकी मिश्रा ने निभाई। प्रधानाचार्य प्रवेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों के अंदर तर्कशक्ति तथा वक्तव्य कौशल का विकास होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्लास में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।


वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेती हुई छात्रा

### वकील के पास से आठ तमंचा बरामद ,साथी फरार

**ऊंचाहार**। वकालत के पेशे में काम करते समय अपराधियों के संपर्क में आने के बाद वकील अपराधियों को असलहों की तस्करी करने लगा । पुलिस ने उसके पास से आठ तमंचा और कारतूस बरामद किया है। जबकि उसका एक सहयोगी मौके से फरार हो गए हैं । पुलिस को यह कामयाबी क्षेत्र के मनिरानपुर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान मिली है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि डीह थाना क्षेत्र के गांव जमुनिहा मजरे लोधवारी निवासी नरेंद्र बहादुर यादव पेशे से वकील है। वकालत के दौरान अपराधियों से संपर्क में आने के बाद यह उन्हे असलहों की आपूर्ति करने लगा है। शनिवार की शाम को यह अपने साथी रामबाबू सोनी के साथ बाइक से असलहों की खेप लेकर जा रहा था। पुलिस ने जब उसे रोका आए तलाशी लेनी चाही तो मौका पाकर रामबाबू मौके से भाग गया है। जबकि वकील के पास झोले से आठ अवैध असलहा और कारतूस बरामद हुआ है। इसके विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्जनों मामले पंजीकृत हैं।

### शौहर गया विदेश तो ससुराल वालों ने गायब कर दी बीबी

**ऊंचाहार(रायबरेली)**। कई साल विदेश में रहने के बाद अपने घर आए व्यक्ति ने अपनी ससुराल वालों पर बीबी बच्चों को गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। प्रयागराज जनपद की नवाबगंज कोतवाली के कस्बा अटरामपुर निवासी मो अमजद का कहना है कि सन 2016 में निकाह ऊंचाहार के वार्ड नंबर आठ मोहल्ला तकिया नूर शाह निवासी रुखसार बानो से हुआ था। वह सन 2021 में विदेश चला गया था। उसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली आई थी। इधर वह जब भी अपनी बीबी से बात करने के लिए फोन करता था तो उसके ससुराल वाले उसकी पत्नी और बच्चे से बात नहीं कराते थे। जिससे उसको आशंका हुई । इसके बाद वह विदेश से अपने घर आया। रविवार को वह अपनी बीबी बच्चों से मिलने ससुराल आया तो वहां उसकी बीबी नहीं मिली।

# वर्ष पुरानी डिग्री को वर्तमान न्यायालय का आदेश बताकर पुलिस को कर रहे हैं भूमाफिया गुमराह

- पहले सलोन कोतवाली के दीवान और कोतवाल को अब सो0ओ0के दरबार में पहुंचा मामला

संवाददाता। रायबरेली सलोन



**कोतवाली क्षेत्र** में एक बार फिर भू माफिया सक्रिय हो गए हैं । लगभग ढाई दशक पुराने एक मामले में पैरवी तेज करते हुए भू माफिया ओने पौने दाम पर खरीदी गई संपत्ति का एग्रीमेंट करा कर मोटी रकम कमाने के जुगत में हैं ।

मामला योगी जी के दरबार तक पहुंच चुका है लेकिन भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि स्थानीय कोतवाली पुलिस को गुमराह करते हुए अपने काम को अंजाम देने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं । जी हां यह सत्य है । सलोन कस्बे में जमीनों की पूरे जिले सबसे महंगी है और इन जमीनों पर भू माफिया अपने स्थानीय सिंडिकेट के दम पर जिसमें कुछ राजनेता भी शामिल हैं कुछ पुलिस के दलाल हैं उनकी जोर जुगत के सहारे भू माफिया गाहे-बगाहे अपने कारनामों को अंजाम देते रहते हैं । सूत्रों का कहना है कि सलोन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ऊंचाहार चौराहे पर एक दुकान है जिसमें अकील नामक व्यक्ति घड़ी का कारोबार करता है यह दुकान पिछले 50 वर्षों से उसके पिता किराए पर लिए हुए थे और इसी दुकान से वह अपने परिवार का भरण पोषण किया करते थे उनकी मृत्यु के बाद उनका लड़का अकील वर्तमान में इस दुकान पर कारोबार कर रहा है । सन 2017 की बात है जब प्रदेश में सपा की सरकार थी सपा के संरक्षण में पलने वाले स्थानीय नेताओं और उनके नीचे फल फूल रहे भू माफियाओं ने रातों-रात दुकान खाली कराने का कुचक्र रचा दुकान का ताला तोड़कर शटर दीवाल उखाड़ कर अकील की दुकान का सारा सामान उठा लेंगे लेकिन पुलिस के ऊपर भारी दबाव के कारण वह माल बरामदगी हुई और पुनः उनको उसमें काबिज कराया गया । उसके बाद प्रदेश में योगी सरकार आ गई और सपा के संरक्षण में पलने वाले भू माफियाओं के हौसले पस्त हो गए पूरे 5 वर्षों तक चूहे के बिल में छुप कर बैठे हुए यह भू माफिया इस इंतजार में थे कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगी फिर हम कब्जा प्राप्त करेंगे लेकिन आम जनता ने योगी सरकार को एक बार फिर इन भू माफियाओं के सर कुचलने का जनादेश दिया लेकिन यह एक बार फिर भू माफिया अपने जोड़ जुगाड़ और सिस्टम के बल पर जोर आजमाइश कर रहे हैं। इस बार जोर आजमाइश फ्रॉड और धोखाधड़ी की बुनियाद पर किया जा रहा है ।

जी हां यह भी एकदम सत्य है 1996 मैं माननीय न्यायालय रायबरेली के द्वारा डिग्री की गई थी लेकिन वह डिग्री भी फ्रॉड से प्राप्त की गई जिसको माननीय न्यायालय ने सन दो हजार अट्ठारह में निष्क्रिय मानते हुए फाइल दाखिल दफ्तर कर दी और मोहम्मद अकील को न्यायालय में अपना कराया जमा करने की अर्जी पर मोहर लगा दी ।उक्त दुकान का किराया बराबर न्यायालय मैं अकील के द्वारा जमा किया जा रहा है। लेकिन भू माफिया पहले सलोन कोतवाली के दीवान के माध्यम से फिर प्रभारी कोतवाली के पास जाकर निष्क्रिय हो चुकी डिग्री को दिखाकर वर्तमान आदेश बताया और दुकान खाली करवाने के लिए प्रलोभन दिया लेकिन कोतवाली प्रभारी ने निष्पक्ष न्याय करते हुए बैरंग वापस भेज दिया । सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उच्च सिफारिश लगाकर सलोन क्षेत्राधिकारी को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं ।

रविवार को दोनों पक्षों को सीओ सलोन ने अपने कार्यालय बुलाया है । अब देखना यह है कि दीवान और कोतवाल के बाद सीओ साहब क्या फैसला सुनाते हैं । क्योंकि जिस डिग्री आदेश को वर्तमान आदेश बताया जा रहा है वह डिग्री अगर प्रभावी होती तो माननीय न्यायालय में बाकायदा एक कमेटी गठित होती जिसमें कोर्ट का अमीन सरकारी वकील आदि शामिल होते । लेकिन ऐसा कुछ नहीं है उस डिग्री के आमल बरामद का समय 30 दिन था और वह भी 26 वर्ष पहले जिसकी मियाद खत्म होने पर उसको निष्क्रिय मानते हुए कोर्ट ने 2018 में मुकदमा को ही निरस्त कर दस्तावेजों को दाखिल दफ्तर करा दिया है।

# 80 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध हालात में हुई मौत

**सलोन**। कोतवाली क्षेत्र के मचाल का पुरवा मजरे नूरुद्दीनपुर गांव में बीते शुक्रवार की रात लगभग 80 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर आपका गांव की आपसी गुटबाजी के चक्कर में 48 घंटा बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ शव का अंतिम संस्कार बताते चलें कि करहिया बाजार चौकी क्षेत्र के पूरे मचाल का पुरवा मजरे नूरुद्दीनपुर निवासिनी लगभग 80 वर्षीय वृद्धा प्रतापा देवी पत्नी स्वर्गीय बद्री प्रसाद की बीते शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जिनका शव गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी लखना पुर से कतांनापुर जाने वाले मार्ग पर पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था पोस्टमार्टम होकर जब लाश घर वापस आई तो गांव के किसी व्यक्ति के कहने पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।

# शहर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक




संवाददाता। रायबरेली

**अगस्त, शहर** कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन आयोजित की गई,बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष ने कहा कि 10 अगस्त दिन बुधवार को सुबह शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद चौक डिग्री कॉलेज से ष्आजादी की गौरव यात्राष् प्रारंभ होगी जिसमें कांग्रेस के सभी पदाधिकारी,वरिष्ठ कांग्रेसी एवं कार्यकर्ता शामिल रहेंगे,पदयात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर शहर का भ्रमण करेगी,पदयात्रा का उद्देश्य बढ़ती महंगाई और भयंकर बेरोजगारी के खिलाफ जनता को जागरूक करना है।प्रवक्ता महताब आलम ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश भर में पदयात्रा निकालने का फैसला लिया है, बीजेपी द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है जबकि हमारा देश प्रेम, करुणा और अहिंसा के पक्ष में विश्व प्रसिद्ध हैबैठक में मुख्य रूप से पंकज सोनकर, आशीष द्विवेदी,सूर्य कुमार बाजपेई, लालआशकिरन प्रताप सिंह, मुन्ना घोसी,संजीव शुक्ल,हाजी उस्मान, लक्ष्मी सिन्हा, अभय त्रिवेदी, अमीन पठान, मनोज मिश्र,अजमत अली, अरशद अली, अंकुर सिंह चौधरी, अजीजुल हसन,संजय शुक्ल, महेश्वर अमित मिश्रा, अखिलेश मिश्र, सोनू खान, संजय श्रीवास्तव,शादाब खान, सुमित कुमार,यज्ञदेव शर्मा, प्रवीन कुमार,अरविंद शुक्ल,जितेंद्र तिवारी, नितिन सिंह, मोहम्मद असलम, विक्रम पटेल, शैलेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश मिश्र,सर्वेश सोनकर,मोहम्मद सलीम,अख्तर राशिद, विपिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी में समीक्षा बैठक के साथ चला सदस्यता अभियान

- सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह मनाए -पूर्व मंत्री
- जिले में सपा का सदस्यता अभियान प्रभारी विधायक मनोज पांडेय ने लिया हिस्सा

संवाददाता। अमेठी



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री मनोज पांडेय

**आगामी 2024** में होने वाले लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए समाजवादी पार्टी ने कमर कसना शुरू कर दिया है। इसके लिए पार्टी के निर्देश पर सदस्यता महा अभियान की शुरुआत की गई है । जिसमें पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 नए सदस्यों को बनाते हुए पार्टी को मजबूत स्थिति में खड़ा किया जाए। आज इस कार्यक्रम के द्वितीय चरण की समीक्षा करने के लिए टिकरिया ग्राम पहुंचे ढ्ढ समाजवादी पार्टी से ऊंचाहार के विधायक एवं विधान मंडल दल के मुख्य सचेतक होने के साथ-साथ अमेठी जिले के प्रभारी मनोज पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है बेरोजगारी भ्रष्टाचार बाल अपराध तथा लूट के मामलों में उत्तर प्रदेश नंबर वन बना हुआ है। अमेठी में हमारे विधायकों एवं नेताओं ने बहुत तेजी से सदस्यता अभियान को गति प्रदान की है ढ्ढ आने वाले समय में अमेठी में निश्चित रूप से ऐतिहासिक सदस्यता होने जा रही है। इसी के साथ साथ आने वाले 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हमारे सभी नेता कार्यकर्ता एवं प्रत्याशी गण भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को घर-घर तक लगाते हुए अपनी राष्ट्रीयता की भावना को और मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम को स्थानीय विधायक राकेश प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की कथनी करनी में अंतर है ढ्ढ महंगाई से जनता त्रस्त है, महंगाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है ढ्ढ विभागों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है , इसके लिए सबसे पहले सदस्यता अभियान को जोर-शोर से बढ़ाया जाये ढ्ढ कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामवीर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष छोटे लाल यादव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुसाफिरखाना दिनेश प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गौरीगंज उमेश प्रताप सिंह प्रियंक हरि विजय तिवारी जिला पंचायत सदस्य केडी सरोज धर्मेश धोबी जिला पंचायत सदस्य पूर्व प्रधान श्रीराम यादव टिकरिया प्रधान संघ अध्यक्ष गौरीगंज अश्वनी पांडे मदन भाई रामकेवल यादव प्रधान प्रतिनिधि तीरथ मिश्रा प्रधान ललित सिंह विजय यादव सभासद अरुण यादव गिरीश यादव, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

# मेगा कैंप में निशुल्क लगाये गये 3500 से अधिक कोविड एहतियाती डोज

**● जनपदप्रतिनिधियों ने निशुल्क कैम्प का किया उद्घाटन, खलीलाबाद में विधायक अंकुर, कांशीराम में नपा अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, मगहर में श्रीमती संगीता वर्मा, धनघटा में विधायक गणेश व मेंहदावल में अनिल ने किया उद्घाटन**

संवाददाता। संतकबीरनगर



**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मेगा कैम्प आयोजित कर 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को कोविड टीके की मुफ्त एहतियाती डोज (प्रिकॉशनरी डोज) लगायी गयी। इस आयु वर्ग के टीकाकरण की नि:शुल्क सुविधा 30 सितम्बर तक सभी सत्र स्थलों पर उपलब्ध रहेगी। 59 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पहले से ही नि:शुल्क एहतियाती डोज की सुविधा दी जा रही है। टीका वही लोग लगवा सकते हैं जिनको कोविड टीके की दूसरी डोज लिए छह माह का वक्त बीत चुका हो। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों इकाइयों पर मेंगा कैंप का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व स्थानीय स्तर के सम्मानित लोगों ने किया। संयुक्त जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में प्रिकॉशन डोज अभियान का उदघाटन खलीलाबाद के विधायक अंकुर राज तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होने सभी लोगों से कोविड के टीके लगवाने की अपील की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में अभियान का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानन्द ने किया। कांशीराम शहरी आवासीय चिकित्सालय में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्यामसुन्दर वर्मा, अरबन पीएचसी मगहर में नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता वर्मा के साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी, न्यू पीएचसी, अरबन हेल्थ सेण्टर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर टीके लगाए गए। इस दौरान एसीएमओ डॉ मोहन झा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आर पी मौर्या, एपीडेमियोलाजिस्ट (जिला महामारी रोग विशेषज्ञ) डॉ मुबारक अली, जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ एलसी यादव, सीएचसी खलीलाबाद के अधीक्षक डॉ आर एस यादव, यूनीसेफके जिला समन्वयक रितेश सिंह, जिला वैक्सीन मैनेजर सुशील कुमार मौर्या, फार्मासिस्ट सत्यव्रत तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सक श्रुति श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स सुस्मिता पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, ए एन एम रीता राय, सरिता भारती, रवि पाण्डेय, अश्वनी चौरसिया, विष्णु मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, रविन्द्र यादव, रामचन्द्र चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# देश की आजादी पर प्रत्येक देशवासियों को गर्व होना चाहिए: रामसजन यादव

**बस्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जनपद के अच्छे बेसिक विभाग इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुसहा प्रथम में रोज कोई न कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इनमे छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता आन्दोलन और अमर शहीदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। बच्चों ने मानव श्रृंखला से भारत का मानचित्र बनाया और देशप्रेम से ओतप्रोत गगनभेदी नारे लगाये। प्रधानाध्यापक रामसजन यादव ने छात्र छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि बड़ी मुश्किलों से देश को आजादी हासिल हुई है। इस लक्ष्य को पाने के लिये अनेकों माताओं की गोद सूनी हुई और अनेक महिलाओं के सुहाग उजड़ गये। कोई अनाथ हो गया तो कोई बे औलाद रह गया। इतनी भारी कीमत चुकाने के बाद मिली आजादी की



झंडे में बनाया देश का मानचित्र पायनियर

कीमत हर भारतवासी जानता है, देश की आजादी पर प्रत्येक को गर्व है। प्रधानाध्यापक ने देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के जश्न के अवसर पर छात्र छात्राओं, अभिभावकों तथा क्षेत्रीय नागरिकों से अपील किया कि हर घर तिरंगा किसी का निजी कार्यक्रम नही है और न ही किसी राजनीतिक दल का है। इस कार्यक्रम के जरिये हमे तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व के प्रदर्शन का अवसर मिला है। हमे यह दिखाना चाहिए कि जब राष्ट्रहित की बात आती है तो हम अपने निजी हित भूल जाते हैं। इस अवसर पर पाकीजा सिद्धीकी, दशरथनाथ पाण्डेय, फूलचंद, जगदीश कुमार, अखिलेश त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, विमला देवी, शंकराचार्य, विजय कुमार श्रीवास्तव, डा बाल कृष्ण यादव, सूर्यनाथ सिंह, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## दहेज के लिए प्रताड़ित कर तीन तलाक देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मयहमराही टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 120\2022 धारा 498 ए 494ए 504ए 506 भा0द0वि0 व धारा 3\4डीपीएक्ट व मुस्लिम महिला ;विवाह पर अधिकारों की सुरक्षाद्ध अधिनियम 2019 से संबंधित उस्मान पुत्र नायब निवासी ग्राम भगहर थाना नवाबगंज जनपद बहराइच बदला चौराहे पर मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल बदला चौराहा पहुंचकर अभियुक्त को बदला चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया।

## भाजपा नेत्री सुनीता ने स्कूल में वाटर कूलर किया दान

**संतकबीरनगर।** समाजसेविका/ भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि राजनीति क्षेत्र में कदम रखने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से सेवा करती है। वह ऐसे कार्यो में सोच रखती है जिससे आम जनमानस को सीधा लाभ हो और सियासत का जुड़ाव न हो। पिछले वर्ष कोविड के समय में उन्होने अपने घरो से हजारो लोगो में निशुल्क राशन किट वितरित किया। इसी तरह महत्वपूर्ण कार्य समाजसेवा से जुड़ कर करती रहती है। इसी क्रम में भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि ने खलीलाबाद शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उ0मा0 विद्यालय में ब्राण्डेड कम्पनी के वाटर कूलर दान देकर बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कि है। सराहनीय कार्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बच्चों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया।

# दलित प्रधान को चोट नहीं लगी इसलिए दर्ज नहीं हुआ केस

संवाददाता। बस्ती

**● पुलिस ने यह कहते हुए एफआईआर नहीं लिखा कि चोट नहीं लगा**

**● प्रधान ने सीएम को पत्र लिखकर उनसे की न्याय की फरियाद**

**वाल्टरगंज** थाने की पुलिस की नजर में तभी एफ्आईआर लिखा जाएगा, तब मारखाने की चोट लगी हो, या फ्रि हटटी टूटी हो। अगर भरे समाज में दंबग किस्म के लोग किसी दलित प्रधान के साथ मारपीट करते हैं, और उसे जातिसूचक का इस्तेमाल करके अपमानित करते हैं, जान से मारने की धमकी देते हैं, कोरे कागज पर प्रधान से जबरिया हस्ताक्षर करवाना चाहते है, तो ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस के पास कोई धारा नहीं हैं, जिस धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर सके। पुलिस के इसी रवैये के चलते दंबगों का हौसला बढ़ता है, यही दंबगई एक दिन पुलिस के लिए भी भारी पड़ सकता है। ऐसी ही एक घटना विकास खंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत जिनवा के दलित प्रधान फूलचंद्र के साथ हुई। थाने से लेकर मुख्यमंत्री तक प्रधान ने फरियाद कर डाला मगर कहीं से उसे इस लिए न्याय नहीं मिला कि वह एक दलित समाज और कमजोर वर्ग से ताल्लुक रखता है। प्रधान ने बताया कि भले ही उसकी जान का खतरा हैं, मगर अब उसने षिकायत करना बंद कर दिया, कहते हैं कि हर तरफसिर्फवाले और पहुंच वालों की सुनवाई होती है। बताया कि कुछ दिन पहले वह डीजल लेने बाजार जा रहा था, तभी कुछ दबंग किस्म के लोग उनका रास्ता रोक लिया, और उनसे जबरिया एक सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाना चाह रहे थे, तब हमने कहा कि पहले लिखकर लाइए पढ़ने के बाद हस्ताक्षर कर देगें, इतना कहते ही वह लोग नाराज हो गए, और जातिसूचक षब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारने लगे, षोर मचाने पर जब गांव वाले पहुंचे तो वह लोग भाग गए। बताया कि पुलिस को लिखित में जानकारी देते हुए एफ्आईआर दर्ज की गुहार लगाई। पुलिस ने मौके पर आकर जांच भी किया, षिकायत सही मिली, दूसरे पक्ष को भी थाने पर बुलाया, मगर एफ्आईआर यह कहते हुए नहीं दर्ज किया कि जब चोट ही नहीं लगी तो किस धारा में मुकदमा दर्ज करे। पुलिस अगर चाहती को एससीएसटी और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर देती, मगर पुलिस तो पुलिस ही है। इन्हें जो समझ में आता हैं, और जहां इनका कोई लाभ होता हैं, वहां यह सक्रिय दिखाई देते है।

# गणेश महोत्सव समिति के मिरकू महाराज बने अध्यक्ष

**कोंच( जालौन )।** श्रीगणेश महोत्सव का हर वर्ष हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव के साथ आयोजन करने वाली गणेश सेवा समिति के पदाधिकारियों का चयन रविवार को सर्वसम्मति से कर लिया गया जिसमें सुशील दूरवार मिरकू महाराज को अध्यक्ष चुना गया।आगामी 29 अगस्त से आरंभ हो रहे गणपति महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर की प्राचीन गढ़ी स्थित गणेश मंदिर पर गणपति बप्पा की प्रतिष्ठापना को लेकर गणेश सेवा समिति का निर्वाचन क्रय विक्रय समिति के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण में आहूत आमसभा की बैठक में सर्वसम्मति से हो गया। सुशील दूरवार को अध्यक्ष और विजय को मंत्री पद की कमान सौंपी गई। शेष अन्य पदों पर अध्यक्ष व मंत्री पदाधिकारी नियुक्ति करेंगे।वहीं महोत्सव को सानंद संपन्न कराने के लिए बैठक में उपस्थित सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियां भी बांट दी गई हैं। मंच आचार्य की जिम्मेदारी बिष्णुकांत शास्त्री तथा पंडा की जिम्मेदारी गौरव सोनी को दी गई है। श्रीगणेश महोत्सव में आयोजित की जाने वाली भागवत कथा के परीक्षित पर अगले कुछ दिनों में विचार किया जाएगा।बैठक में राजीव यादव कल्लू, सतीश राठौर, अमित सोनी, राहुल तिवारी, टिंकू साहू, प्रदीप, बादाम भदौरिया, अश्विनी सेठ, डॉ. मृदुल दांतरे, पवन अग्रवाल, निखिल सोनी,ऋषि झां आदि मौजूद रहे।

## एक किलो 170 ग्राम चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई साथ ही प्रतिबंधित व अवैध मादक पदार्थो के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मयटीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चहलवा मोड़ से अभियुक्त सलीम उर्फ कुद्दूश पुत्र मंगल निवासी जानकीनगर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 1 किलो 170 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना को0 भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 398\2022 धारा 8\20 एन डी पी एस एक्ट मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# डीएम ने किया एहतियाती डोज कैंप का निरीक्षण

संवाददाता। बस्ती



टाउन क्लब में बूस्टर डोज का लगा कैंप पायनियर

**टाउन** क्लब में रविवार को लगे प्रिकाषन डोज का निरीक्षण करने पहुंची डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को जनपद के 250 स्वास्थ्य केंद्रों पर मेगा कैम्प का आयोजन कर 18 से 59 आयु वर्ग के लोगों को कोविड टीके की मुफ्त प्रिकाशन डोज लगाई गई। इस आयु वर्ग को टीकाकरण की निरूशुल्क सुविधा 30 सितम्बर तक मिलेगी। 59 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पहले से ही प्रिकाशन डोज की निरूशुल्क सुविधा दी जा रही है। कोविड टीके की दूसरी डोज लगने के छह माह बाद प्रिकाशन डोज लगाया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डॉ एचडी अग्रवाल ने फीता काटकर मेगा कैम्प का शुभारंभ किया। यहां पर दो बूथ संचालित किए गए, दोनों बूथ पर लोगों का आना जाना लगा रहा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके गुप्ता ने बताया कि मेगा कैम्प के तहत जिले में 250 सत्र का आयोजन किया गया। सभी जगह पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई गई। देर शाम तक चले सत्र में लगभग 10 हजार डोज टीका लगाया गया। आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आंगनबाड़ी सहित अन्य विभाग के लोगों ने लाभार्थियों को बूथ तक लाने में सहयोग प्रदान किया। सीएमओ डॉ एचडी अग्रवाल ने बताया कि जिले में 18 से 59 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 15 लाख लोगों को 30 सितंबर तक निशुल्क प्रिकाशन डोज की सुविधा प्रदान की जा रही है। एक लाख लोगों को टीका लगाया जा चुका है। अभी तक केवल प्राइवेट में पैसा देकर यह सुविधा मिल रही थी। अब तक 43.12 लाख डोज टीका लगाया जा चुका है। टीका लगवाने के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें, भीड़ भाड़ में जाने से बचें। बुखार आदि की समस्या होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें।

# जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड की एहतियाती डोज लगाई गई

संवाददाता। श्रावस्ती



**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को जिले के सभी शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड रोधी वैक्सीन की मुफ्त एहतियाती डोज लगाने का अभियान चलाया गया। विधायक राम फेरन पांडेय ने इकौना और गिलौला सीएचसी पर फीता काटकर इस विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन की नि:शुल्क एहतियाती डोज लगाने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। सभी पात्र लोग इस सुविधा का लाभ उठाएं और स्वयं को व अपने परिवार को कोरोना से सुरक्षित बचाएं। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करते बिना किसी भेदभाव के हर एक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति कोरोनारोधी वैक्सीन की एहतियाती डोज लगवाने से वंचित न रहे स्वास्थ्य कर्मियों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिरक्षण डॉ. मुकेश मातनहेलिया ने बताया कि 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को 15 जुलाई से नि:शुल्क एहतियाती डोज लगायी जा रही है। रविवार को इस महाभियान के तहत जिले सभी पांचों सीएचसी सहितए स्वास्थ्य उपकेंद्रों व हेल्थ एंड वेलनेस सेटर पर 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को नि:शुल्क प्रीकाशनरी डोज लगाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक लोगों को पहले कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगने के नौ माह बाद एहतियाती डोज लगाई जा रही थीए लेकिन अब दूसरी डोज लगने के छह महीने बाद एहतियाती डोज लगवाई जा सकती है। एसीएमओ ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में सेव द चिल्ड्रन संस्था का विशेष सहयोग है। सभी टीकाकरण केंद्रों के लिए प्रचार सामग्री इसी संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर गिलौला सीएचसी अधीक्षक डॉ. दीपक शुक्ला, इकौना सीएचसी अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, डॉ. मनीष कुमार, आशुतोष पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शिखर सुपर स्टोर में चोरी, 2.80 लाख नगद व 90 हजार का सामान उठा ले गये

**संतकबीरगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मुखलिसपुर चौक स्थित मेसर्स शिखर सुपर स्टोर के शोरूम में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरो ने दूकान में चारी हो गई। दूकान के प्रोपराइटर राजीव कुमार चौरसिया ने तहरीर देकर कहा है कि अज्ञात चोरो ने दुकान में रखा हुआ नगद 2 लाख 80 हजार रूपये व 90 हजार का सामान चुरा ले गये। दूकान में लगे सीसीटीवी कैमरे, डिस्प्ले, हार्डडिस्क आदि को क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुचाया। इस घटना की सूचना दूकान के प्रोपराइटर ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को दी। व्यापारी नेता श्रवण अग्रहरि व अमित जैन संगठन के पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुचकर स्थानीय पुलिस को सूचना दिये। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और जॉच पड़ताल शुरू की। घटना स्थल पर सीओ खलीलाबाद मौके पर पहुचकर छानबीन शुरू कर दी है।

## 15 लाख नगदी के साथ लगभग 2 करोड़ की नशीली दवाएं बरामद

**● पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज**



बरामद अवैध नशीली दवा पायनियर

**संतकबीरनगर।** शनिवार की देर रात सहायक आयुक्त बस्ती मण्डल नरेश मोहन दीपक व निरीक्षक नवीन कुमार औषधि निरीक्षक सिद्वार्थनगर, औषधि निरीक्षक संतकबीरनगर अरविन्द कुमार के संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 15 लाख रूपये नगद व 2 करोड़ रूपये की नशीली दवा बरामद किया है। मादक पदार्थो के तस्करी के सूचना के आधार पर एनएच 28 भुवरिया के पास एक डीसीएम से यह दवा बरामद की गई। संयुक्त जॉच टीम ने खलीलाबाद कोतवाली में 5 के विरूद्व मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस मामले में सर्किल अफसर खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने बताया कि यह सारी दवाईया आगरा जनपद से डीसीएम वाहन में लोड कर बंगाल भेजा जा रहा था। संतकबीरनगर जनपद के क्षेत्र में उक्त कार्यवाही की गई। सभी पॉचों अभियुक्तों के विरूद्व औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्राविधानों के उल्लघन किये जाने का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों में आगरा जनपद के चाणक्यपुरी निवासी अमित गोयल, अनुज गोयल व भलोटिया मार्केट गोरखपुर के आशीष मेडिकल एजेन्सी भलोटिया मार्केट गोरखपुर के स्वामी आशीष गुप्ता, अमित गुप्ता उर्फरिंकू व एक अज्ञात व्यक्ति के विरूद्व मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# लंबित मांगों को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने की बैठक

संवाददाता। बस्ती



बैठक करते सेवानिवृत्ति कर्मचारी पायनियर

**सेवानिवृत्त** कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन, जनपद शाखा-बस्ती के आम सभा की बैठक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कार्यालय पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक परमात्मा प्रसाद ने किया। संचालन सह संयोजक उदय प्रताप पाल ने किया। संयोजक परमात्मा प्रसाद ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन के निर्देशानुसार मंडल स्तर पर पेंशन अदालत का आयोजन कराने पर जोर दिया। जिला कारागार स्तर पर लंबित समस्याओं को शीघ्र निराकरण कराने हेतु मुख्य कोषाधिकारी से मिलकर भरपूर प्रयास किया जायेगा। सह संयोजक उदय प्रताप पाल ने कहा कि जिला शाखा का चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता है, उन्होंने कहा कि शीघ्र चुनाव हो, इसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। जनपद के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी जो राज्य सरकार के है. पुलिस विभाग अथवा राजकीय सेवानिवृत्त शिक्षक 10 अगस्त से सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालय कार्यालय राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, बस्ती के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर उपस्थित होकर सदस्यता शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त कर लें, जो सदस्यता ग्रहण करेगा वही चुनाव में भाग ले सकता है। सहसंयोजक ने कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनने का लक्ष्य रख जाय जिससे भव्य अधिवेशन/ चुनाव कराया जा सकें। बैठक को प्रेम शंकर लाल, नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय, श्रीनाथ मिश्र, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय,जोखनराम, सालिकराम वर्मा, रामनाथ, राधेश्याम तिवारी, प्रेम प्रकाश मिश्र, जगरनाथ मौर्य, नरेन्द्रदेव मिश्र, छोटेलाल यादव, रमाकान्त मिश्र, सुरेश धर दूबे, रामफेर यादव, अंगद प्रसाद, सदानन्दश्रीवास्तव, सत्यनाम सिंह, मोहनलाल, सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव, जर्नादन प्रसाद मिश्र, चन्द्र प्रकाशलाल, तेज प्रताप सिंह, हरेन्द्र लाल श्रीवास्तव, राम सागर चौधरी, हरि प्रसाद शर्मा, धर्म प्रकाशउपाध्याय, डा नरेन्द्र उपाध्याय, सोमन लाल, संतराम, राममूर्ति चौधरी, परमेश्वरी दयाल सिंह,सुरेश चन्द्र शर्मा, प्रमोद कुमार पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, विश्वदेव दूबे सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया।

## भगवाधारियों ने स्वेच्छा से ली समाजवादी पार्टी की सदस्यता



सदस्यता लेते भगवाधारी पायनियर

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी खलीलाबाद विधानसभा अध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में खलीलाबाद शहर के अंसार टोला के मेन रोड पर समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान का कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे, जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ, आलोक यादव सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कैम्प के दौरान स्वेच्छा से भारी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान कांवर जत्था के युवकों ने अपने दल के साथ गुजरने के दौरान समाजवादी के सदस्यता शिविर को देखकर सभी कांवर श्रद्वालुओं ने अपने स्वेच्छा से समाजवादी की सदस्यता ग्रहण करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल की प्रशंसा की। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला यादव, रामनाथ चौरसिया, मालती यादव, इरफान अंसारी, भोला यादव, अनिल यादव, अब्दुल्ला खॉ सहित सपा नेता उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष समेत नौ हजार लोगों ने ली मुफ्त एहतियाती डोज

## ● मेगा कैम्प में जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लगाये गये टीके

संवाददाता। चित्रकूट



**कोविड** टीकाकरण में तेजी लाने के लिए जनपद में रविवार को निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने टीका लगवा कर इसका शुभारंभ किया। नौ हजार लोगों ने एहतियाती टीका लगवाया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि 15 जुलाई से 75 दिनों के लिए प्रदेश में 18 साल सेअधिक उम्र के नागरिकों को निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी में इसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने खुद टीका लगवा कर किया। अन्य केन्द्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उद्घाटन कराया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा मुकेश पहाड़ी ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण जरूरी है। जिले में छह लाख से अधिक लोगों को नि:शुल्क प्रिकाशन डोज दिया जाना हैद्य उन्होंने बताया-प्रिकाशन डोज उन लोगों कोलगाई जा रही हैं, जिन्हें दूसरी डोज लगवाए हुए छहमाह से अधिक का समय हो चुका है। रविवार को प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसके लिए इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर के माध्यम से फोन काल और निगरानी समितियों, फ्रंटलाइन वर्कर,आशा एवं आंगनबाडी एवं एएनएमद्वारा व्यक्तिगत फालोअप करते हुए लक्षित समूह को मेगा कैम्प के बारे में जानकारी देकर नि:शुल्क प्रिकाशन डोज लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप आयोजित किए गए। रविवार को आयोजित मेगा शिविरों में जनपद में नौ हजार लोगों ने प्रिकॉशन डोज ली। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर,स्टाफनर्स आदि मौजूद रहे।

## कोरोना टीका: विधायक ने मेगा कैम्प का किया उद्घाटन

**कोंच (जालौन)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कोविड टीके की मुफ्त एहतियाती डोज को लेकर शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान को और अधिक गति देने के लिए 7 अगस्त रविवार को मेगा कैम्प का आयोजन किया गया।कोंच नगर में सीएचसी समेत कुल 7 अलग अलग स्थानों पर कैम्प लगाया गया।

क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन ने सीएचसी में मेगा कैम्प का फीता काटकर उद्घाटन किया। सीएचसी में आयोजित मेगा कैम्प का उद्घाटन कर खुद भी बूस्टर डोज लगवाते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि बच्चों से लेकर बड़े बूढ़ों को कोविड संक्रमण से बचाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है और इस संक्रमण को हराने के लिए सभी लोग एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़े और नि:शुल्क रूप से डोज अवश्य लगवाएं।

# सदर विधायक ने दस स्थानों पर बूस्टर डोज कैंप का करायी शुरुआत

**जालौन ( उरई )।** कोविड महामारी के सफाए के लिए बूस्टर डोज लगाई जा रही है। रविवार को चलाए गए महाभियान में नगर के 10 स्थानों पर कैंप लगाकर बूस्टर डोज लगाई गई। इस दौरान 250 लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए सीएचसी में नियमित टीकाकरण किया जा रहा है। इसके अलावा कोरोना की बूस्टर डोज भी लगाई जा रही है। बूस्टर डोज लगाने के लिए रविवार को महाभियान चलाया गया। जिसमें सीएचसी के अलावा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा, मोहल्ला काशीनाथ, खंडेराव, हिरदेशाह, दलालनपुरा, शाहगंज व मुरली मनोहर में कैंप लगाकर लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई। सीएचसी में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत ने कैंप का शुभारंभ किया।



इस दौरान धीरज बाथम ने कहा कि लोगों को स्वयं आगे आकर बूस्टर डोज लगवानी चाहिए जिससे कि कोविड जैसी महामारी को भारत से भगाया जा सके। अभियान के दौरान 250 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई। अभियान में पप्पू चौहान, शिवराम जाटव, प्रदुम्न द्विवेदी, अभिषेक त्रिवेदी, अतुल राजा, ललित शुक्ला ने सहयोग किया।

# बजन मशीन आने के बाद जांच में गंभीर कुपोषित बच्चो की संख्या बढ़कर पहुंची ढाई हजार

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले में हरेक केंद्र में शासन से नयी बजन मशीन आने के बाद जांच में स्पष्ट हुई तस्बीर में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़कर करीब ढाई हजार पहुच गयी है,जिसमे मासूम बालकों की संख्या 701 बतायी गयी है। गंभीर बच्चों की संख्या एक साल में एक हजार बढ़ गयी है। जो चिंता का विषय बनी हुई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की संख्या जांच में पूरी तरह स्पष्ट न हो पाती थी मगर शासन से नयी मशीने आने के बाद बारीकी से जांच करायी गयी है। जिसमे गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या ढाई हजार पायी गयी है। जिले में 1500 आंगनवाडी केंद्र है जिसमे मौदहा में 330,सरीला में 284, राठ में 152, मुस्करा में 81, गोहांड में 285,सुमेरपुर में 387,कुरारा में 291,हमीरपुर शहर में 363 अति कुपोषित बच्चे पाये गये है। डीपीओ ने बताया कि जांच शून्य से पांच साल के बच्चों की करायी जाती है। बालकों में ब्लाक मौदहा में 35,सरीला में 40,राठ में 83,मुस्करा में 36,गोहांड में 132,सुमेरपुर में 185,कुरारा में 16,हमीरपुर शहर में 174 बच्चे अति कुपोषित जांच में पाये गये है। अभी तक बच्चों के रोग के लक्षण से अंदाजा लगाया जाता था मगर जब से बजन की मशीने आ गयी है तब से मशीन से जांच कर पूरी तस्बीर साफ हो गयी है। यह संख्या एक साल में करीब एक हजार बढ़ गयी है। कुपोषित बच्चों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है।हालाकि वाल विकास परियोजना से कुपोषित बच्चों के लिये दोगुना पोषाहार दिया जाता है मगर उससे कोई लाभ नही मिल रहा है। जिस परिवार में बच्चा कुपोषित होता है उसको गौशाला से एक गाय भी दी जाती है,मगर बिभाग इस मामले में अभी तक जड़ तक नही पहुच पाया है। हालाकि सभी अधिकारियों को गांवों को गोद दे दिया गया है। मगर अधिकारियो ने अभी तक गांवों का दौरा नही किया है जिससे कुपोषित बच्चों पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इस मामले मौदहा सरीला के सीडीपीओ योगेंद्र कुमार दुबे का कहना है कि कुपोषण गंदगी व बच्चो को पर्याप्त खुराक न मिलने के कारण होता है। यदि गर्भवती मां स्वस्थ होगी तो बच्चे भी कुपोषण मुक्त होगे। हालाकि गांव के लोग कुपोषण को सूखा रोग कहकर उसको झाड़ फूक्र कराने में लगे रहते है जिससे कई बच्चो की हालत गंभीर हो जाती है। बाद में उन्हे अस्पताल में उपचार के लिये लाया जाता है।

# बच्चों को सही दिशा अध्यापक और माता-पिता देते हैं : प्रजापति

## ● प्रजापति समाज के आधा सैकड़ा मेधावियों को शील्ड, प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

संवाददाता। जालौन (उरई)

**सही दिशा** का ज्ञान अध्यापक और माता-पिता देते हैं। माता-पिता और अध्यापक से बढ़कर हितकारी कोई नहीं हो सकता। इसलिए उनसे किसी गलती को मत छुपाओ। सफलता प्राप्त करने पर इनको न भूलें। बल्कि हर जगह इनका सम्मान करें। यह बात आदर्श प्रजापति सभा के तत्वावधान में आयोजित मेधावी छात्र, छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद राज्यमंत्री होमगार्ड एवं कारागार डॉ. धर्मवीर प्रजापति ने कही। कार्यक्रम में समाज के 50 मेधावी छात्र, छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आदर्श प्रजापति सभा के तत्वावधान में प्रजापति समाज के मेधावी छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद राज्यमंत्री होमगार्ड एवं कारागार डॉ. धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सही दिशा का ज्ञान अध्यापक और माता-पिता देते हैं। माता-पिता और अध्यापक से बढ़कर हितकारी कोई नहीं हो सकता। इसलिए उनसे किसी गलती को मत छुपाओ। सफलता प्राप्त करने पर इनको न भूलें। बल्कि हर जबह इनका सम्मान करें। कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह से समाज के छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि प्रजापति समाज की एक धर्मशाला होनी चाहिए। यदि समाज के लोग प्रस्ताव देते हैं तो वह धर्मशाला बनवाने के लिए विधायक निधि से सहयोग करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि हर सफलता में और अच्छी सफलता प्राप्त करने की गुंजाइश छिपी होती है। जो सफलता मिली है, उसे संजो कर रखें लेकिन इसमें और अच्छा कर गुजरने की गुंजाइश तलाशनी चाहिए। जिसे सफलता अपने परिश्रम से मिली है, उसके लिए खुशी की बात होनी चाहिए लेकिन कभी किन्हीं कारणों से असफलता मिलती है तो हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। ध्यान रहे सफलता मिलने पर अपने अंदर अहंकार न पनपने दें। कार्यक्रम में प्रजापति समाज के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और गेजुएशन कर रहे 50 मेधावी छात्र, छात्राओं को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, सभा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति, जिला मंत्री मूलचरण प्रजापति, आशू तिवारी, अशोक कुमार प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, ओमप्रकाश, कृष्णा प्रजापति, अरविंद प्रजापति, अनिल प्रजापति आदि मौजूद रहे।



मेधावी छात्रों के साथ होमगार्ड एवं कारागार राज्यमंत्री डॉ. धर्मवीर प्रजापति पायनियर

## क्विक न्यूज

### हनुमान मंदिर में अतिक्रमण कर बिल्डिंग मैटेरियल का रखा सामान

**जालौन।** गांव में स्थित हनुमान मंदिर परिसर पर अतिक्रमण कर गांव के ही व्यक्ति ने बिल्डिंग मैटेरियल का सामान रख लिया है। भक्तों को दर्शन करने में व्यवधान कर रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने कोतवाली में तहरीर देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मड़ोरी निवासी शशिभूषण, जीवन सिंह, समशेर बहादुर, आदि ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके गांव में सार्वजनिक हनुमान मंदिर स्थित है। उक्त मंदिर पर गांव के लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। लेकिन गांव के ही एक व्यक्ति ने हनुमान मंदिर परिसर में अतिक्रमण कर बिल्डिंग मैटेरियल का सामान रखकर दुकान खोल ली है। सामान बिखरा होने की वजह से मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों को परेशानी हो रही है। दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को परेशान भी करते हैं। अतिक्रमण हटान की बात कहने पर झगड़े पर आमादा रहते हैं। ऐसे में भक्त परेशान हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुष्कर्म के दो आरोपी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने दहेज हत्या व मारपीट एवं दुष्कर्म के आरोपी सुग्रीव उर्फसुप्रीत पुत्र विद्याराम कठेरिया निवासी बल्लपुर थाना एरवा जिला औरैया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रविवार को पुलिस टीम ने उक्त आरोपी को दबोचकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा विजयबहादुर यादव, सिपाही नागेश कुमार शामिल रहे। पुलिस टीम ने दुष्कर्म व मारपीट के आरोपी दिनेश पाल पुत्र भगवानदीन निवासी पिपरी का पुरवा मजरा कोटरा खम्भा थाना मऊ को भी दबोचा है। पुलिस टीम में वरिष्ठ दरोगा कमलेश कुमार व सिपाही धर्मेन्द्र कुशवाहा शामिल रहे।

### मानिकपुर में क्षत-विक्षत महिला का मिला शव

**चित्रकूट।** मानिकपुर में रविवार को क्षतविक्षत हालत में एक महिला का शव मिला है। वह तीन दिनों से घर से लापता थी। भैंस चराने गई एक महिला ने उसका शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी कस्बे का है। जहां की रहने वाली ननकी नाम की महिला अपने घर से तीन दिन से लापता थी। गांव से कुछ दूरी पर खेत के पास नाले मे रविवार को उसका शव पड़ा मिला। संगीता पत्नी दिनेश खेत में भैंस चराने गई थी। उसने ही नन्नकी की शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर रैपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला का पति एक महीने पहले महाराष्ट्र के पुणे में नौकरी करने गया था। उसके तीन लड़कियां व एक लड़का है। दो लड़कियों की शादी हो चुकी । घर पर बोटी सीमा (18) और बेटा अर्जुन (15) थे। बेटी का कहना है कि गांव के सदल (50) ने उसकी मां ने 50000 रूपए उधार लिए थे। जिसे न चुका पाने पर बार-बार धमकी मिलती थी। उसी के चलते उसकी माँ की हत्या की गई होगी। फिलहाल पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### जिलाधिकारी ने मेगा कैम्प का किया निरीक्षण

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोरोना की बूस्टर डोज के लिए कस्बे सरकारी अस्पताल पहुँच कर जिलाधिकारी ने मेगा कैम्प का किया निरीक्षण कर बूस्टर डोज की जानकारी ली। जनपद से कोरोना का खात्मा हो गया है पर प्रदेश स्तर पर भी कोरोना वायरस बीमारी यदा-कदा सुनने में मिलती है। इस सब के बावजूद अन्य प्रदेशों व विश्व के अन्य देशों में भी कोरोना का खतरा मौजूद है। इससे बचाव के लिए जहां कोविड के टीके लगवाए गए हैं। वहीं अब बूस्टर डोज लगाने का अभियान शुरू किया गया है। विकासखंड क्षेत्र में कोरोना बूस्टर डोज लगाने का लक्ष्य ढाई हजार वैक्सीन का है। आज सुबह से शुरू हुए इस अभियान का हिस्सा बन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बूस्टर डोज लगवाई तो वहीं मेगा कैम्प का जायजा लेने जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार रावत ने यहां आकर इस अभियान का जायजा लिया उन्होंने कई अन्य केंद्र भी देखें और आवश्यक निर्देश भी जारी किए कस्बा के उच्चीकृत सरकारी अस्पताल के अधीक्षक जयप्रकाश साहू ने बताया कि 25 केन्द्रों में दोपहर बाद तक 1500 लाभार्थियों को डोज लगाई जा चुकी थी। जबकि कस्बे के अस्पताल में अकेले 200 डोज लगाई गई है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली के उप निरीक्षक सर्वेश कुमार ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर में एक घर पर दबिश देकर वारंटी राकेश बाल्मीकि पुत्र टुंडे को गिरफ्तार कर लिया पुलिस द्वारा उसे न्यायालय में पेश किया गया है।राकेश के खिलाफकोतवाली में मुकदमा दर्ज था जिसके तहत वह तारीखों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके बाद उसके खिलाफन्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था और तभी से वह फरार चल रहा था।

# समूह सखियों ने रैली निकालकर दिया संदेश

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**आजादी के** 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद संपूर्ण भारत में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में समूह सखियों ने भी रैली निकाल कर संदेश दिया है।

जिला ग्राम विकास संस्थान के जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार का अगुवाई में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिस पर जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से आई हुई समूह सखी की महिलाओं ने अपने अपने हाथों में तिरंगा लेकर गगन भेदी जोशीले नारों के साथ संस्थान से चलकर कस्बे के अम्बेडकर तिराहा, अरतरा चौराहा, सिसोलर मार्ग रागौल रेलवे स्टेशन तक पहुंच रैली का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान मतदेय स्थल में वोटर लिस्ट में आधार जोड़ने के लिए ड्यूटी में लगाए गए बीएलओ बूथ संख्या 391 नरेंद्र कुमार, 392 अंबरीश कुमार, 393 अमित सिंह व 394 रामपाल आदि ने समूहिक रूप से बताया कि यह अभियान अगस्त के पूरे माह चलेगा सभी मतदाता अपना आधार नम्बर उपलब्ध करा दे। वही संस्थान के कर्मचारियों में प्रदीप कुमार द्विवेदी, संजय कुमार रस्तोगी, छोटे, माली बाबा सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।



## गढीवा गांव के युवक ने लगाई फांसी, मृत्यु

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र के गढीवा गांव में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। आत्महत्या की ये घटना कोतवाली कर्वी के गढीवा गांव में शनिवार को सवेरे हुई। बताया गया कि राजू अपनी मां से सवेरे ये कहकर घर से निकला कि वह चित्रकूट इंटर कालेज मार्कशीट लेने जा रहा है। वहां से आने के बाद वह घर में खाना खाकर छोटे भाई रवि से कहा कि दुकान जा रहा है। राजू की मां मुन्नी देवी ने बताया कि वह पति कामता के साथ अपनी ननंद के यहां निमंत्रण में गई थी। घर में राजू और रवि थे। घर आये तो पता चला कि राजू दुकान नहीं गया। रवि उसे काफी देर तक ढूंढता रहा। देर रात पता चला कि राजू देवांगना घाटी में एक नीम के पेड से रस्सी के सहारे लटका है। मृतक की मां ने बताया कि राजू को इस साल बीए में प्रवेश लेना था।

# जुझारपुरा चोरी का खुलासा दो चोर सहित 50 हजार की नकदी बरामद

**उरई (जालौन)।** पिछले माह कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा में राजेंद्र सिंह निरंजन के आवास में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जनपदीय चोरों ने पुलिस को चुनौती दी थी। उक्त मामले में पुलिस टीमों ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चुरायी गयी 50 हजार की नकदी सहित एक चोरी में प्रयुक्त अपाचे बाइक, एक अद्धी, 3 तीन जिंदा कारतूस 315 बोर, एक छुरी बरामद की। जुझारपुरा चोरी का खुलासा करते हुये एसपी रवि कुमार ने बताया कि 11 जुलाई को वादी राजेंद्र सिंह निरंजन की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 138/22 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात में पंजीकृत कराया गया था। एसपी ने चोरी की घटना का खुलासा करने के लिये कोंच कोतवाली पुलिस व एसओजी, सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को लगाया था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना ग्राम गुरावती मोड़ से सुरेश दोहरे पुत्र आछेलाल व दीपू पुत्र सुरेशचंद्र निवासीगण गहेसर थाना दिबियापुर जनपद औरैया को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराये गये 50 हजार रुपये, एक अपाचे बाइक, एक अद्धी व तीन जिंदा कारतूस के साथ एक छुरी बरामद की। पकड़े गये चोर सरगनाओं ने पूंछतांछ में बताया कि उनके तीन साथी बड़े पुत्र रोशनलाल पुत्र सिपाही लाल, विपिन पुत्र सिपाहीलाल निवासीगण सरायगढेवा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात व संदीप दोहरे पुत्र रामवीर निवासी नयागांव जनपद भिण्ड मप्र के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही थाना कोंच, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह प्रभारी एसओजी टीम, उप निरीक्षक योगेश पाठक प्रभारी सर्विलांस, उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, उप निरीक्षक आलोक पाल थाना कोंच, सिपाही श्रीराम प्रजापति, निरंजन सिंह, अश्वनी, विकास पटेल, विकास यादव, सुजीत कुमार व आरक्षी चालक अजयवीर सिंह थाना कोंच शामिल रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में बूस्टर डोज कैम्प का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। उरई (जालौन)

**अपर** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 75 दिनों के लिए प्रदेश के समस्त 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्क नागरिकों को नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज से आच्छादित कराये जानें हेतु जारी दिशा निर्देशों के क्रम में 7 अगस्त 2022 समय पूर्वाह्न 10 बजे से डा. घनश्यान अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद जालौन एवं पूर्व सांसद) की अध्यक्षता में एवं श्री रामेन्द्र सिंह सेंगर जिलाध्यक्ष भाजपा की विशिष्ट उपस्थिति में श्री गौरी शंकर वर्मा विधायक, सदर उरई नें मेगा वैक्सीनेशन सेशन का शुभारम्भ करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत ही सुरक्षित एवं असरदार वैक्सीन का निर्माण किया गया है। उन्होंनें आयोजन के माध्यम से जनपद वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर वैक्सीनेशन डोज लगवाने की अपील की। जनपद जालौन में अधिक से अधिक संख्या में आमजन को लाभान्वित करनें के उद्देश्य से सम्मानित जनप्रतिनिधियों द्वारा कतिपय स्थानों पर मेगा वैक्सीनेशन कैम्पों का शुभारम्भ किया गया है। उन्होनें कहा कि कोरोना के नये वैरियेन्ट्स से बचाव हेतु प्रिकॉशन डोज अवश्य लें साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु समस्त गाइडलाइन्स का पहलें की तरह पालन करते रहें। निर्धारित दो गज की दूरी बनायें रखे। दो गज की दूरी मास्क है जरूरी। किसी भी प्रकार से शारीरिक अस्वस्थता की दशा में तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें। वैक्सीनेशन सेशन के दौरान डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह (नोडल कोविड वैक्सीनेशन), डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक) एवं डा. जितेन्द्र मिश्रा (चिकित्सा अधीक्षक) इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।

# पुरानी पेंशन शिक्षक-कर्मचारियों का हक: विजय कुमार

## ● अटेवा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी शिक्षक-कर्मचारियों को एकजुट होने का किया आह्वान

संवाददाता। चित्रकूट

**अटेवा** पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष डा. विजय कुमार बन्धु के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी के सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक व संवाद गोष्ठी की गई। जिसमें हजारों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय कुमार बंधु ने कहा कि पेंशन हमारा हक है हम लेकर ही रहेंगे चाहे लड़ाई कितनी बड़ी लड़नी पड़े ,लड़ी जाएगी इसी मकसद से वह जनपदों का भ्रमण कर सभी शिक्षकों को एकजुट कर रहे हैं। संगठन को मजबूती देने के लिए सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग एकजुट हों, संगठन को मजबूती प्रदान करें संगठित होने से ही पुरानी पेंशन हम ले सकेंगे। जब तक हम संगठित नहीं होंगे हमारी मांग पूरी नहीं होगी। एकजुटता से ही संघर्ष करके हम अपनी हक हुकूक की लड़ाई लड़ कर अपनी मांगे पूरी करा सकते है।सम्मेलन में कहा गया कि ब्लॉक इकाइयों को मजबूत किया जाए। प्रत्येक शिक्षक कर्मचारी को अटेवा का सदस्य बनाया जाए सरकार हमारी एकता के आगे झुंकेगी और पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए बाध्य हो जाएगी। कहा कि अब पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत किया जाएगा अटेवा पेंशन बचाओ मंच में शिक्षक कर्मचारियों के अलावा राज्य सरकार के अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को भी जोड़ा जाएगा। शासन स्तर पर सघन पैरवी और आंदोलन को निर्णायक मोड़ तक ले जाने के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक कार्यालय भी बहुत जल्द स्थापित किया जाएगा। जिसकी प्रक्रिया गतिमान है। इस समीक्षा बैठक में प्रयागराज और चित्रकूट धाम मंडल के सभी जनपदों के जिला अध्यक्ष महामंत्री व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इससे पूर्व बतौर मुख्य अतिथि पधारे प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय कुमार बंधु का जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव महामंत्री नीरज पति त्रिपाठी ने फूल मालाओं से स्वागत किया।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह, डॉक्टर शिव शंकर शुक्ला,मनोज कुमार पांडे, विजय कुमार अवस्थी आदि हजारों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस विशाल कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर शिव शंकर शुक्ला द्वारा किया गया।




सम्बोधित करते विजय कुमार पायनियर